RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 347
नई दिल्ली, रविवार, 30 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पंत ने किया जमकर अभ्यास
स्पोर्ट्स-12

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण गंभीर

## दिल्ली के 35 निगरानी केंद्रों में से 20 पर वायु गुणवत्ता गंभीर, जबकि 14 पर बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का तीसरा चरण लागू किया
- पाबंदियां लागू कराने को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज बुलाई उच्च स्तरीय बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लगातार** बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में निर्माण एवं विध्वंस समेत प्रदूषण फैलाने वाली कई अन्य गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, रेलवे और मेट्रो समेत अन्य आवश्यक परियोजनाओं को इन प्रतिबंधों से छूट रहेगी। पाबंदियों को लागू कराने के लिए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है।

केंद्रीय एजेंसी ने यह निर्देश ऐसे समय दिए जब शहर में भाजपा और आम आदमी पार्टी प्रदूषण को लेकर एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं।

### निर्माण कार्यों पर लगी रोक



नई दिल्ली में शनिवार को प्रदूषण के कारण छाई धुंध के बीच अपने-अपने गंतव्य को जाते लोग

दिवाली से पहले से प्रदूषण बढ़ना शुरू हुआ और इस सीजन में पहली बार शनिवार को दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। सुबह से वातावरण में धुंध छायी रही। शाम तक लोग आंखो में जलन और गले में खरास की शिकायत करे देखे गए। आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के 35 निगरानी केंद्रों में से 20 पर वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई जबकि 14 पर यह बेहद खराब रही। मालूम हो कि दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर माना जाता है। दिल्ली में 24 घंटों का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक अपराह्न चार बजे 397 था, जो जनवरी के बाद से सबसे खराब स्तर है। इसके पहले दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक सोमवार को 312, मंगलवार को 302, बुधवार को 271 और बृहस्पतिवार को 354 था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार शनिवार शाम छह बजे राजधानी के सबसे अधिक वाहनों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में एक आनंद विहार टर्मिनल पर फेफड़ों के लिए घातक प्रदूषक तत्व पीएम2.5 का स्तर औसत 397 और अधिकतम 442 दर्ज किया गया ( शेष पेज 8 )

### किन-किन गतिविधियों पर लागू होगा प्रतिबंध

**वायु** प्रदूषण बढ़ने के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने तत्काल प्रभाव से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का तीसरा चरण लागू करने का निर्देश दिया। इसके तहत स्वच्छ ऊर्जा से नहीं चलने वाले ईंट भट्ठों, पत्थर क्रशर, खनन और इससे जुड़ी गतिविधियों पर एनसीआर में पाबंदी लगा दी गई है। निर्माण और विध्वंस गतिविधि पर पाबंदी का मतलब होगा कि जमीन की खुदाई और बोरिंग नहीं होगी। इसी तरह वेल्डिंग, निर्माण सामग्री की लदान या इसे उतारने और राख समेत कच्चे माल के परिवहन आदि पर पाबंदी रहेगी। सीएक्यूएम ने कहा कि अधिकारी वायु गुणवत्ता के खराब होने के मद्देनजर एनसीआर में बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल वाले चार पहिया वाहनों पर रोक लगा सकते हैं। इसके अलावा एनसीआर ( शेष पेज 8 )

# आतंकियों ने नई प्रौद्योगिकियों तक पहुंच बना बढ़ाई क्षमता: जयशंकर



आतंकवाद निरोधक समिति की विशेष बैठक को संबोधित करते विदेश मंत्री एस जयशंकर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने असामाजिक तत्वों द्वारा एन्क्रिप्टेड संदेश और क्रिप्टो करेंसी जैसी नई प्रौद्योगिकियों के संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए समन्वित वैश्विक प्रयास करने का शनिवार को आह्वान किया और आगाह किया कि सोशल मीडिया मंच आतंकवादी समूहों की टूलकिट में प्रभावशाली उपकरण बन गए हैं।

दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आतंकवाद निरोधक समिति की विशेष बैठक को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आतंकवादी समूहों, उनके वैचारिक अनुयायियों और अकेले हमला करने वाले (लोन वोल्फ) लोगों ने इन नई प्रौद्योगिकियों तक पहुंच हासिल करके अपनी क्षमताएं बढ़ा ली हैं। जयशंकर ने स्पष्ट तौर पर पाकिस्तान के संदर्भ में यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद रोधी प्रतिबंध व्यवस्था उन देशों को आगाह करने के लिए प्रभावी है, जिन्होंने आतंकवाद को राज्य द्वारा वित्त पोषित उद्यम बना लिया है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी 15 सदस्य देशों के प्रतिनिधि दिल्ली में हो रही इस बैठक के दूसरे दिन के सत्र में भाग ले रहे हैं। पहले दिन का सत्र मुंबई में आयोजित किया गया था। आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए विदेश मंत्री ने यह भी एलान किया कि नई दिल्ली इस साल संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर-टेररिज्म में पांच लाख डॉलर का स्वैच्छिक योगदान देगा। जयशंकर ने कहा कि पिछले दो दशकों में तकनीकी नवाचार दुनिया के काम करने के तरीके में परिवर्तनकारी रहे हैं और वर्चुअल निजी नेटवर्क तथा एनक्रिप्टेड मैसेजिंग सेवाओं से लेकर आभासी मुद्राओं तक नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियां आर्थिक और सामाजिक लाभों के लिए एक ( शेष पेज 8 )

### दिल्ली घोषणापत्र में आतंकवाद बर्दाश्त न करने की अपील

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आतंकवाद रोधी समिति ने शनिवार को आतंकी गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की सदस्य देशों से अपील की। साथ ही, भारत में आयोजित इस दो दिवसीय विशेष सम्मेलन में इस बुराई (आतंकवाद) से कहीं अधिक प्रबल तरीके से निपटने का संकल्प लिया। बैठक में यूएनएसी और वैश्विक आतंक रोधी विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इसमें दिल्ली घोषणापत्र स्वीकृत करते हुए आतंकवाद की चुनौतियों और आतंकवाद को वित्त पोषण का मुकाबला करने में परिषद की प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध किया गया। घोषणापत्र में, वैश्विक संस्था ने आतंकी उद्देश्यों के लिए सोशल मीडिया मंचों सहित इंटरनेट और अन्य संचार प्रौद्योगिकियों के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई।

# गुजरात में समान नागरिक संहिता लागू करने को बनेगी कमेटी

- प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला, सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में गठित होगी उच्चस्तरीय समिति

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

**गुजरात** सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए एक समिति गठित करने का फैसला किया है। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य मंत्रिमंडल की शनिवार को हुई बैठक के दौरान समिति के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

इसे भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाली कैबिनेट की आखिरी बैठक माना जा रहा है, क्योंकि राज्य चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी और केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने इस फैसले के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी।

रूपाला ने कहा, समिति की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे और इसमें तीन से चार सदस्य होंगे। समिति के सदस्यों के चयन के लिए मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को अधिकृत किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले समिति का गठन किया जाएगा। सांघवी ने कहा कि निर्णय ( शेष पेज 8 )

### राज्य को ऐसे कानून बनाने का अधिकार नहीं: कांग्रेस

**अहमदाबाद।** कांग्रेस की गुजरात इकाई ने शनिवार को कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए समिति गठित करने की गुजरात की भाजपा नीत सरकार के फैसले से जनता भ्रमित नहीं होगी। राज्य सरकार के इस फैसले को विधानसभा चुनावी से पहले का चुनावी दांव बताते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अर्जुन मोढवडिया ने कहा कि राज्य की विधायिका को ऐसे कानून बनाने का अधिकार नहीं है। संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता ने कहा, यह (समान नागरिक संहिता) सरकार की असफलता के कारण महंगाई, बेरोजगारी और तमाम अन्य समस्याओं से जूझ रही जनता को गुमराह करने का तरीका है। समान नागरिक संहिता को लागू करने की शक्तियां केन्द्र (भारत सरकार) के पास है। पर्सनल लॉ संसद में पारित होते हैं और गुजरात विधानसभा को यह कानून बनाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा पिछले 27 साल से गुजरात की सत्ता पर काबिज है और पिछले आठ साल से केन्द्र में भी उसकी सरकार है। अब जब विधानसभा चुनाव पास हैं, ऐसे में समान नागरिक संहिता पर फैसला समझ नहीं आता है।

# केंद्र सरकार दस लाख नौकरियां देने पर काम कर रही है : मोदी

**भाषा।** गांधीनगर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार दस लाख नौकरियां देने पर काम कर रही है। गुजरात सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेले के लिए एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों की संख्या में भी वृद्धि होगी। भाजपा शासित राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले आयोजित रोजगार मेले में गुजरात पंचायत सेवा बोर्ड की ओर से 5,000 जबकि गुजरात सब इंस्पेक्टर भर्ती बोर्ड और लोकरक्षक भर्ती बोर्ड की ओर से 8,000 नियुक्ति पत्र दिए गए।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने लोगों को नियुक्तिपत्र दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, धनतेरस के पवित्र दिन, हमने राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया जहां 75,000 अभ्यर्थियों को नियुक्तिपत्र दिए गए। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में राष्ट्रीय राजकीय स्तर पर ऐसे मेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने



कहा, आने वाले महीनों में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन जारी रहेगा। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार दस लाख नौकरियां देने पर काम कर रही है, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भी अभियान से जुड़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि युवाओं को दी जाने वाली सरकारी नौकरियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

नव-नियुक्त लोगों से उन्होंने कहा, आपकी नियुक्तियों से अभियानों को अंतिम पायदान तक पहुंचाने और सरकारी योजनाओं को विस्तार देने में मदद मिलेगी। मोदी ने रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए गुजरात की ( शेष पेज 8 )

# बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर किशोर की हत्या

- दो नाबालिगों ने पीड़ित के घर के सामने दिया वारदात को अंजाम, दोनों पकड़े गए
- देखते रहे आसपास खड़े लोग, किसी ने नहीं की मदद, घटना सीसीटीवी में कैद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मध्य** दिल्ली के पटेल नगर इलाके में दो किशोरों ने कथित तौर पर बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर 17 वर्षीय किशोर की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि किशोर ने अपनी बहन को परेशान करने के चलते एक आरोपी को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया था। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

उपायुक्त (मध्य) श्वेता चौहान ने कहा कि पटेल नगर इलाके के बलजीत नगर से शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे पुलिस को एक व्यक्ति को चाकू मारे जाने की सूचना मिली थी। पुलिस यहां कुमाऊं गली में पहुंची तो पीड़ित मनोज कुमार नेगी को चाकू मारा गया था। उसे सरदार पटेल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों हमलावरों को पकड़ लिया गया है। दोनों ही आरोपी नाबालिग हैं। पुलिस ने कहा कि अपराध में इस्तेमाल होने वाला हथियार बरामद कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि मृतक के पिता के बयान के आधार पर हत्या समेत अन्य धारा में मामला दर्ज किया गया है।

इस घटना की सीसीटीवी फुटेज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें दो युवकों को झगड़ा करते देखा जा सकता है। हाथापाई के दौरान एक तीसरा व्यक्ति हाथ में कुछ चीज लेकर मौके पर पहुंचता है और पीड़ित पर हमला करता है। इस दौरान लोग देखते रहते हैं, लेकिन कोई उसकी मदद नहीं करता। हमलावरों के भागने के बाद पीड़ित अपना मोबाइल फोन निकालकर मदद के लिए किसी को फोन करता दिखाई देता है। इसके बाद वह गिर जाता है। उसके शरीर पर कई जगह चाकू से वार किया गया था। पीड़ित का परिवार उत्तराखंड के अल्मोड़ा का मूल निवासी है। उसके पिता की फोटो कॉपी की दुकान है। परिवार में पिता के अलावा मां और छोटी बहन है।

वहीं, पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने कहा कि शिकायतकर्ता चंदन सिंह नेगी ने आरोप लगाया कि जब वह अपने बेटे को अस्पताल ले जा रहा था, तो उसने खुलासा किया कि दोनों किशोरों ने उसकी बहन पर भद्दी टिप्पणी की थी। नेगी ने इस पर एक आरोपी को थप्पड़ मारा था। उन्होंने कहा कि लड़की या उसके परिवार की ओर से पूर्व में छेड़छाड़ से जुड़ी कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी गई थी। हत्या के बाद नेगी के परिवार और दोस्तों ने पटेल नगर थाने के बाहर प्रदर्शन किया। नेगी के पड़ोसी दीपक सिंह बिष्ट ने कहा कि आरोपी युवकों ने पीड़ित की बहन से बदसुलूकी की थी। यह घटना दिवाली से पहले की है। नेगी ने ऐसा नहीं करने की हिदायत दी थी।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,959 | |
| निफ्टी | 17,786 | |
| सोना | 50,889 | /10g |
| चांदी | 58,336 | /kg |

### क्विक न्यूज

**सियोल में हैलोवीन उत्सव में भगदड़, 120 की मौत**

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में हैलोवीन के दौरान एक संकरी गली में घुसी भीड़ में कुचलकर कम से कम 120 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। नेशनल फायर एजेंसी के अधिकारी चोई चेओन-सिक ने बताया कि आपात सेवा के कर्मचारी लगातार घायलों को अस्पताल पहुंचा रहे है और मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। चोई ने बताया कि 13 शवों को अस्पताल ले जाया गया है जबकि 43 शव अभी भी सड़कों पर पड़े हैं। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि सियोल के प्रमुख पार्टी स्पॉट हैमिल्टन होटल की ओर जा रहे लोगों की भीड़ एक संकरी गली में घुस गई और इसी दौरान भीड़ बढ़ने से स्थिति बिगड़ गई और भीड़ में कुचलकर लोग हताहत हो गए।

# चीनी निर्यात पर लगी पाबंदी एक साल और बढ़ी

- घरेलू बाजार में उपलब्धता बनाए रखने के मकसद से सरकार ने लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बनाए रखने के मकसद से इसके निर्यात पर लगी पाबंदियों को अगले साल 31 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दिया है। चीनी निर्यात पर लगी बंदिशें इस साल 31 अक्टूबर को ही खत्म होने वाली थीं। लेकिन विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अब इसे एक साल के लिए बढ़ा दिया है। डीजीएफटी ने शुक्रवार शाम को जारी एक अधिसूचना में इसकी जानकारी देते हुए कहा, कच्ची, रिफाइंड और सफेद चीनी के निर्यात पर लगी पाबंदियों को 31 अक्टूबर, 2022 से आगे 31 अक्टूबर, 2023 या फिर अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

इससे संबंधित बाकी सारी शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। हालांकि सरकार ने यह साफ किया है कि ए पाबंदियां यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका को सीएक्सएल और टीआरक्यू शुल्क रियायत कोटा के तहत किए जाने वाले निर्यात पर लागू नहीं होंगी। इन दोनों बाजारों में सीएक्सएल और टीआरक्यू व्यवस्था के तहत एक तय मात्रा में चीनी निर्यात की जाती है। एक निर्यातक को चीनी निर्यात करने के लिए सरकार से लाइसेंस यानी अनुमति की जरूरत होगी। चीनी निर्यात के प्रतिबंधित वस्तुओं की श्रेणी में आती है।

भारत चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक होने के साथ इस साल दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक भी रहा है। चीनी उद्योग मंडल इस्मा ने कहा है कि चीनी विपणन सत्र 2022-23 में देश का चीनी उत्पादन 3.65 करोड़ टन होने का अनुमान है, जो एक साल पहले की अवधि की तुलना में दो प्रतिशत अधिक होगा। इथेनॉल के लिए अधिक डायवर्जन के बावजूद उत्पादन में अनुमानित वृद्धि के साथ इस्मा को इस सत्र में लगभग 90 लाख टन चीनी का निर्यात होने की उम्मीद है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने चालू चीनी सत्र के लिए अपना पहला अनुमान जारी करते हुए कहा, गन्ने के शीरे या सिरप और बी-शीरा को इथेनॉल में बदलने के कारण चीनी उत्पादन में 45 लाख टन की कमी करने के बाद वर्ष 2022-23 में 3.65 करोड़ टन चीनी उत्पादन का अनुमान है।

निर्यात के बारे में, उद्योग निकाय ने कहा है कि इस साल भारतीय चीनी के लिए निर्यात की संभावना कम प्रतीत होती है क्योंकि ब्राजील की चीनी मई 2023 तक वैश्विक बाजार में आ जाएगी। इसके अलावा, अधिकांश चीनी मिलें चालू सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में निर्यात आपूर्ति के लिए पहले ही चीनी का अनुबंध कर चुकी हैं। इसलिए, सरकार द्वारा चीनी निर्यात नीति की शीघ्र घोषणा की अत्यधिक ( शेष पेज 8 )

# हजारों किमी यात्रा कर अरुणाचल पहुंचे मेहमान परिंदे

- प्रदेश के तिरप जिले में डाला डेरा, दो सप्ताह ठहरने के बाद दक्षिण अफ्रीका रवाना हो जाएंगे अमूर फाल्कन

**पीएनएस/एजेंसी।** ईटानगर

**विश्व** में भारत ही ऐसा देश है जहां मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिलते हैं। ऐसे में विदेशी पक्षी हजारों किलोमीटर का सफर तय करके यहां प्रजनन करने पहुंचते हैं। इस समय अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले में प्रवासी अमूर फाल्कन (अमूर बाज) पंछियों का झुंड उमड़ने से वन अधिकारी और स्थानीय लोग काफी खुश हैं।

राज्य के इस सबसे पूर्वी इलाके में सौ से अधिक अमूर फाल्कन पंछी अपने वार्षिक प्रवास के तहत पहुंचे हैं। एक वन अधिकारी ने बताया कि



दक्षिण-पूर्वी साइबेरिया से 3700 किलोमीटर की दूरी तय करके ये जिले के नूइसा गांव में 18 अक्टूबर को पहुंचे। अधिकारियों के मुताबिक ये पंछी यहां दो सप्ताह रहने के बाद दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हो जाएंगे। सर्दियों के दौरान इन पंछियों के बड़े-बड़े झुंड भारत, अरब सागर और दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीका की ओर रुख करते हैं।

हालांकि इस लंबी यात्रा से पहले ये दक्षिण-पूर्वी साइबेरिया और उत्तरी चीन के इलाके में प्रजनन करते हैं। दक्षिण अरुणाचल परिक्षेत्र के प्रमुख वन संरक्षक चिमोय सिमई ने कहा कि नुइसा के अलावा ये पंछी जिले के मिटोंग, पांगचाऊ और वाक्का के आसपास भी दिखे हैं। अमूर बाज को दुनिया की सबसे लंबी यात्रा करने वाला पक्षी कहा भी जाता है।

### इस रास्ते से आते हैं भारत

**अपने** वार्षिक नियमित प्रवास को जारी रखने के तहत, अमूर फाल्कन, जो दक्षिण-पूर्व रूस और उत्तर-पूर्व चीन में अपने प्रजनन के आधार स्थल पर ग्रीष्मकाल बिताते हैं, अब अफ्रीका के रास्ते में इस क्षेत्र में पहुंचने लगे हैं।

### लंबा सफर तय करने वाला शिकारी पक्षी

- अमूर फाल्कन विश्व के सर्वाधिक लंबे समय तक यात्रा करने वाले शिकारी पक्षी हैं।
- ये प्रत्येक वर्ष शीत ऋतु के आरंभ में यात्रा करना शुरू करते हैं।
- इसका वैज्ञानिक नाम-फाल्को अमरेंसिस है।

# डाटा सेंटर समेत नोएडा को मिलेगा 600 करोड़ का तोहफा



## कल गौतमबुद्ध नगर आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कई परियोजनाओं का होगा लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार यानी कि 31 अक्टूबर 2022 को गौतमबुद्ध नगर आ रहे हैं। योगी आदित्यनाथ पहले नोएडा जाएंगे और फिर उसके बाद ग्रेटर नोएडा आएंगे।

नोएडा में योगी आदित्यनाथ शहर की जनता को 600 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का तोहफा देंगे। योगी आदित्यनाथ नोएडा में 600 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। योगी आदित्यनाथ आगामी 31 अक्टूबर और भारत के राष्ट्रपति आगामी 1 नवंबर को जिले में आएंगी। उनके स्वागत की तैयारियों को लेकर नोएडा अथॉरिटी में आज शनिवार को एक बैठक आयोजित होगी। बताया जा रहा है कि इसकी अध्यक्षता सीईओ ऋतु महेश्वरी करेंगी।

**कोंडली अंडरपास:** नोएडा एक्सप्रेसवे पर ग्राम कोंडली का निर्माण पूरा हो चुका है। अंडरपास का निर्माण 44.90 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। अंडरपास 785 मीटर लंबा और 4 लेन का है।

**बहलोलपुर अंडरपास:** 30 करोड़ में बने सेक्टर.69 बहलोलपुर गांव के पास अंडरपास का लोकार्पण किया जाएगा। यहां से सेक्टर.62, 63, 64, 65, 66, 67, 69 आदि जगह आवागमन करने में लोगों को आसानी होगी। यहां से फरीदाबाद.नोएडा.गाजियाबाद एफएनजी, की राह आसान होगी। अंडरपास 24.5 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा है।

**चिल्ड्रन पार्क:** सेक्टर.33ए में बनाए जा रहे चिल्ड्रन पार्क का काम पूरा हो चुका है। यहां आसपास के सेक्टरों के अलावा दिल्ली से बच्चे इस पार्क में आते हैं। पार्क 14 साल के बच्चों को लिहाज से बनाया गया है। नोएडा प्राधिकरण इस पार्क व शिवालिक मार्ग का निर्माण करीब 4.5 करोड़ रुपये की लागत से करवाया गया है।




**दो एसटीपी:** एसबीआर तकनीक पर 143.58 करोड़ रुपए की लागत से सेक्टर.168 में एसटीपी प्लांट तैयार है। इसकी क्षमता 100 एमएलडी है। इसके शुरू होने से सीवेज डिस्ट्रिक्ट.डी के कुल 91 सेक्टरों की आबादी को लाभ मिलेगा। यहां का सिवरेज शोधित किया जाने लगेगा। इसके अलावा 116 करोड़ की लागत से सेक्टर.123 में 80 एमएलडी क्षमता का एसटीपी तैयार है।

**बिसरख रोड:** लगभग 32 करोड़ की लागत से 900 मी. लंबा बिसरख रोड का निर्माण कार्य पूर्ण होगा। इस रोड के निर्माण से आस.पास के इलाकों में ट्रैफिक कम होने के साथ वाहनों से होने वाले प्रदूषण स्तर में भी कमी आएगी।

**सिटी बस टर्मिनल:** सेक्टर-82 में 157.84 करोड़ की लागत से तैयार किया गया। इस टर्मिनल का कुल क्षेत्रफल 31 हजार वर्गमीटर है। पहले चरण में यहां से बुलंदशहर के लिए बस चलेंगी। टर्मिनल के बेसमेंट में 600 से ज्यादा कार खड़ी हो सकती है। 40 बसों की क्षमता है।

**आईएसटीएमएस:** आईएसटीएमएस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा कर लिया गया है। 84 चौराहों पर 1065 मल्टीडाइमेंशनल कैमरे लगाए जा चुके है। करीब 43 करोड़ में इसे बनाया गया है। इसके जरिए ई.चालान जनरेट किए जा रहे है। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा में हीरानंदानी ग्रुप के डाटा सेंटर का उद्घाटन करने आ रहे हैं। यह डाटा सेंटर भारत का सबसे बड़ा है और उत्तर प्रदेश का पहला है। इस डाटा सेंटर की छमता करीब 3000 मेगा वाट होगी। जिसके बाद 15000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा।

मिली जानकारी के मुताबिक डाटा सेंटर में करीब 7000 करोड़ का निवेश होगा। इसमें कुल 6 टावर बनाए जाएंगे। वर्तमान में इस डाटा सेंटर में कुल क्षमता 400 मेगा वाट की है। इस सेंटर के बनने से नोएडा के अलावा आसपास के जिलो को भी काफी लाभ होगा।

## सीने पर लिखे लड़कियों के नाम, युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर-2 में शनिवार सुबह एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। पुलिस अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं कर पाई है। उसके सीने पर कई लड़कियों के नाम लिखे गुदे थे।

पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह एक ट्रेन गाजियाबाद की ओर से दिल्ली की तरफ जा रही थी। इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर-2 में एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। उसके सीने पर कई लड़कियों के नाम लिखे थे और फिर आई लव यू लिखा हुआ लिखा था। दाहिने हाथ पर जय माता दी और ओम लिखा था। बायें हाथ पर त्रिशूल व ओम लिखा था। जिले के अलावा आसपास के जनपदों की पुलिस को उसकी तस्वीर व विवरण भेजा गया है।

# खरना के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत

- छठ पूजा का पहला अर्ध्य अस्ताचलगामी सूर्य को आज दिया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

छठ पूजा के दूसरे दिन खरना के साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। खरना में व्रतियों ने खीर और फलों का प्रसाद बनाकर अर्ध्य दिया। इसके उपरांत प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास शुरू किया गया। खरना पूजा में पूरे दिन व्रत रखा जाता है, इसके बाद शाम को गुडए अरवा चावल व दूध से खीर बनाई जाती है जिसका भोग छठी मैया को लगाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि मां छठी एकांत व शांत रहने पर ही भोग ग्रहण करती हैं। इसके बाद सूर्यास्त का अर्ध्य देने के उपरांत 36 घंटे का निर्जला व्रत भी शुरू होगा। खरना के उपरांत रविवार को छठ पूजा का पहला अर्ध्य अस्ताचलगामी सूर्य को रविवार को दिया जाएगा। सूर्य को अर्ध्य देने के बाद ही व्रती प्रसाद ग्रहण करेंगी। कहा जाता है कि सूर्य स्नान सौ बीमारियों से बचाता है और इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। खरना के दिन बड़े पैमाने पर छठ पूजन की सामग्री भी खरीदी जाती है जिसमें विशेष तौर पर बांस के सूप, टोकरी में प्रसाद की सामग्री रखी जाती है। पूजन सामग्री में लौंग, बड़ी इलायची, पान.सुपारी, अग्रपात, गड़ी.छोहड़ा, चने, मिठाई, कच्ची हल्दी, अदरख, केला, नींबू, सिंघाड़ा, सुथनी, मूली, नारियल, सिंदूर, अमरूद, शरीफा, नारियल, संतरा, अन्नास, गन्ना, तिल, साठी के चावल का चिउड़ा, चावल के लडडू, ठेकुआ शामिल करें।



छठ पूजा की सामग्री खरीदने के लिए नोएडा के बाजारों में उमड़े श्रद्धालु।

## नोएडा स्टेडियम में बनाया गया 130 फीट लंबा छठ घाट, भोजपुरी कलाकार लेंगे भाग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्रवासी महासंघ नोएडा द्वारा सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में छठ पूजा के लिए इस बार विशेष व्यवस्था की गई है। यहां छठ घाट कुंड की लंबाई 130 फीट रखी गई है। छठ घाट पर लगभग डेढ़ लाख छठ व्रतियों के पहुंचने का अनुमान है।

हाजीपुर, सेक्टर-104 में आयोजित एक प्रेस वार्ता में प्रवासी महासंघ नोएडा के अध्यक्ष आलोक वत्स ने बताया कि इस वर्ष भी छठोत्सव का आयोजन 30 अक्टूबर की शाम को पहली अर्ध्य एवं 31 अक्टूबर की सुबह दूसरा अर्घ्य दिया जायेगा।

छठ पूजा के लिए स्टेडियम परिसर में ही एक विशाल घाट का निर्माण नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से किया गया है। जहां छठ पूजा का अर्ध्य दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि छठ पूजनोत्सव के अवसर पर धार्मिक व सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन सांय 4 बजे से रखा गया है। जिसमे प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना अनु सिन्हा एवं भोजपुरी संगीत के कई लोकप्रिय और नामी कलाकार भाग ले रहे है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद डा महेश शर्मा, अतिविशिष्ट अतिथि नोएडा विधायक पंकज सिंह, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष उत्तर प्रदेश महिला आयोग विमला बाथम समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि महासंघ द्वारा इस वर्ष स्व सुरेश तिवारी स्मृति सम्मान एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन को दिया जायेगा। प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्ष आलोक वत्स, कार्यकारिणी अध्यक्ष टीएन चौरसिया, सुधीर राय, अवधेश राय, जितेंद्र सिंह, सोनू राय, छाया राय, अंजनी कुमार, विकास तिवारी, मीनाक्षी साही, मिथिलेश राय, अभिनव पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस कार्यालय मे जन-शिकायत लेकर आए लोगों से वार्ता कर उनकी शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते पुलिस अधिकारी।

### लैपटॉप चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नोएडा।** गाड़ियों का शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी के तीन लैपटॉप बरामद किए हैं। पुलिस पकड़े ने आरोपी से उसके गैंग में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुमित कुमार उर्फ सुमित राणा निवासी हापुड़ के बीघेपुर गांव के रूप में हुई है। फिलहाल वह गाजियाबाद कि रानी लक्ष्मी बाई नगर सुदामापुरी कॉलोनी में रह रहा था।

### तुलसी निकेतन में चार घंटे बिजली कटौती हुई

**गाजियाबाद।** शनिवार को भूमिगत लाइन में खराब आने से तुलसी निकेतन की बिजली आपूर्ति चार घंटे बाधित रही। खोड़ा में भी बिजली कटौती से लोग परेशान रहे। तुलसी निकेतन के पास भूमिगत लाइन में शनिवार सुबह करीब 11 बजे फॉल्ट हो गया। इससे तुलसी निकेतन इलाके में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। काफी देर तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं होने पर लोगों ने ऊर्जा निगम अधिकारियों से शिकायत की। स्थानीय निवासी इमरान ने बताया कि सुबह से बिजली गुल रहने से काम करने में परेशानी हुई। घरों में रोजमर्रा के काम करना भी प्रभावित हुआ। एसडीओ शिवनाथ शर्मा ने बताया कि लाइन में फॉल्ट को ठीक कराया जा रहा है। हालांकि इलाके में दूसरी लाइन से आपूर्ति सुचारू करा दी गई लेकिन फिर भी लाइन से जुड़े चार ट्रांसफार्मर में आपूर्ति शाम को सुचारू हुई। वहीं खोड़ा में भी शनिवार को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे के बीच कई बार बिजली आपूर्ति बाधित रही।

### नगर निगम ने अतिक्रमण हटाया

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने शनिवार को बृज विहार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के आगे तथा नाले पर हुए पक्के निर्माण तोड़े गए। नगर निगम वसुंधरा जोनल प्रभारी विवेक त्रिपाठी के मुताबिक बृज विहार में दीपक बेकरी के आसपास अतिक्रमण होने की शिकायत मिली थी। शिकायत पर संज्ञान लेकर टीम शनिवार को बृज विहार पहुंची और मौके पर अतिक्रमण मिलने पर कार्रवाई की गई। टीम ने बेकरी के आगे का हिस्सा बुलडोजर चलाकर हटवाया। टीम ने आसपास की दुकान और मकानों के आगे नाले पर बने पक्के निर्माण को भी खुर्द बुर्द कर दिया। टीम की कार्रवाई को लेकर अतिक्रमण करने वालों में भय रहा।

### इंजीनियर से कार लूटने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने ग्रेनो वेस्ट में इंजीनियर से कार लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो लुटेरों को शनिवार को गिरफ्तार किया। ईकोटेक तीन कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि पकड़े गए लुटेरों की पहचान मनोज निवासी निठारी बुलंदशहर और साहिल निवासी चौगानपुर गौतम बुद्ध नगर के रूप में हुई है, जबकि इनके तीन साथी सचिन निवासी सैनी, सौरभ निवासी मेरठ और आबिद निवासी सुनपुरा गौतमबुद्ध नगर अभी फरार हैं। लुटेरों ने बताया उन्होंने 20 अक्तूबर को मिलेनियम स्कूल के सामने से इंजीनियर को बंधक बनाकर कार लूटी थी। बदमाश पीड़ित को हापुड़ के धौलाना थाना क्षेत्र की तरफ ले गए थे। जहां उन्हें नहर के समीप फेंक कर फरार हुए थे। लुटेरों ने बताया कि उन्होंने पुलिस से बचने के लिए लूटी कार को ककोड़ थाना क्षेत्र में ले जाकर जला दिया था। उनका मकसद लूटी गई कार से किसी बड़ी घटना को अंजाम देना था।

# नोएडा में आज से 31 तक रहेगा रूट डायवर्जन

- महामाया फ्लाई ओवर से सरिता विहार होकर दिल्ली जाने वाले कालिंदी कुंज मार्ग व हिंडन पुल कुलेसरा पर भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर भेज जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में छठ पूजा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन की तैयारी शुरू कर दी है। शहर के मुख्य घाटों के आस.पास ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। ताकि छठ वृतियों को परेशानी ओर जाम का समाना नहीं करना पड़े। डायवर्जन 30 और 31 अक्टूबर को लागू रहेगा। किसी प्रकार की समस्या होने हेल्प लाइन नंबर 9971009001 पर कॉल किया जा सकता है। महामाया फ्लाई ओवर से सरिता विहार होकर दिल्ली जाने वाले कालिंदी कुंज मार्ग व हिंडन पुल कुलेसरा पर भारी वाहनों का डायवर्जन किया जायेगा। ग्रेटर नोएडा की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को चरखा गोलचक्कर से डायवर्जन किया जायेगा, जो डीएनडी, चिल्ला होकर दिल्ली जा सकेगा व आवश्यकता पड़ने पर हल्के वाहनों का भी डायवर्जन किया जायेगा।



नोएडा में घाटों का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

महामाया फ्लाई ओवर के ऊपर सेक्टर 37 की तरफ से आने वाले मार्ग पर आवश्यकता पड़ने पर भारी वाहनों का डायवर्जन फ्लाई ओवर समाप्ति पर गऊशाला गोलचक्कर से चरखा गोलचक्कर की ओर किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर हल्के वाहनों का भी डायवर्जन किया जाएगा।

हिंडन कुलेसरा पर सूरजपुर की ओर से फेस-2 जाने वाला भारी यातायात आवश्यकता पड़ने पर कच्ची सड़क तिराहा से किसान चौक की ओर डायवर्ट किया जाएगा व आवश्यकता पड़ने पर हल्के वाहनों का भी डायवर्जन किया जाएगा। इसके अलावा जहां जहां भी घाट बने है वहां यातायात पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।

## सूखे छठ घाट को देखकर भड़की गाजियाबाद की महापौर आशा शर्मा

- बोलीं: तुम्हारे पंप लगवाकर चलवाऊंगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के विक्रम एनक्लेव में पहुंचीं महापौर आशा शर्मा छठ घाट को सूखा देख भड़क गईं।

महापौर ने कहा एक बार दोनों कानों को खोल लो। अगर मैल है, तो उसमें से निकाल लो उंगली देके। अगर ये आज शाम 6 बजे तक पंप नहीं चला तो मैं तुम्हें चला दूंगी। तुम्हें खड़ा करके और पाइप तुम्हारे में लगाकर पंप चलवाऊंगी।

इस दौरान बातचीत के बीच जब इंजीनियर ने कुछ कहा तो महापौर फिर तमतमाए हुए बोलीं- करवाते नहीं हैं, आ जाओ मेरे पास में, मैं यहीं खड़ी हूं। सारे काम छोड़कर ये करो।

कोई इसमें कोताही नहीं बरतनी चाहिए। ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि सबमर्सिबल का केबिल चोरी हो जाने से वो बंद पड़ा हुआ था। नया केबिल लगवा दिया गया है और कुंड में पानी भरने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

## विवाहिता समेत दो ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर में रहने वाली एक विवाहिता ने मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र के मलकपुर गांव में रहने वाले सफाई कर्मी ने अपने मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि खुशबू 22 वर्ष पत्नी जतिन ने सुबह को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## सीडीओ ने किया सीएचसी बम्हेटा का निरीक्षण, गायब मिले चिकित्सक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सीएमओ के बाद सीडीओ विक्रमादित्य मलिक ने सीएचसी बम्हेटा का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

सीडीओ के निरीक्षण के दौरान कई चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी गायब मिले। गायब स्टाफके एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। सीडीओ ने प्रभारी डा भारत भूषण को निर्देश दिए है कि सीएचसी को विधिवत रूप से जल्द चालू किया जाये। केंद्र में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के आवास निर्माण को लेकर सहायक अभियंता निर्माण आदित्य धीमान को निर्देश दिए हैं कि आवास निर्माण कार्य जल्द पूरा करते हुए स्वास्थ्य विभाग को हैंड ओवर किया जाये। इस सीएचसी का निर्माण दो साल पहले पूरा हो गया है लेकिन स्टाफकी नियुक्ति न होने से पीएचसी को इस केंद्र में संचालित किया जा रहा है। बजट के अभाव में आवासों का निर्माण रूक गया था। 30 बेड के इस स्वास्थ्य केंद्र में लालकुआं के अलावा आसपास के करीब एक लाख लोगों को लाभ मिलता है।

## मैप माय इंडिया ने पुलिस को दी ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 108 में शनिवार को मैपल एप के संबंध में मैप माय इंडिया की टीम की ओर से पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। डीसीपी ट्रैफिक गणेश शाह ने बताया कि जिस तरह से किसी भी शहर की यात्रा के दौरान गूगल मैप का प्रयोग करते हैं । ठीक इसी तरह मैप माय इंडिया है।

जिसमें यात्रा के दौरान ट्रैफिक कंजप्शन एक्सीडेंट एरोड का प्रकार जैसे ब्रेकर गड्ढे, यात्रा के दौरान रोड पर पड़ने वाले सभी टोल का विवरण पहले से ही दिया गया है। यही नहीं टोल पर लगने वाला चार्ज भी पता चल जाता है। हैल्मेट मैन के नाम से मशहूर राघवेंद्र कुमार ने बताया कि इस एप से गाड़ी की स्पीड भी आप अपने नए नेविगेशन में स्वयं निर्धारण कर सकते हैं। जिसके जरिए ई चालान से भी बचा जा सकता है। ऐसे में हम सभी को बेहतर वाइस नेविगेशन, ट्रैफिक और सुरक्षा के लिए फ्री और स्वदेशी मैपल ऐप का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके प्रयोग से सड़क गति सीमा, दुर्घटना संभावित क्षेत्र, तेज मोड़, स्पीड ब्रेकर, गड्ढे आदि के प्रति सचेत करके दुर्घटनाओं को कम करेगी। मैपल्स ऐप के साथ रोजाना शहर सड़कों पर निकलने वाले जुलूस, विरोध, रैलियां, वीआईपी मूवमेंट, सड़क बंद, डायवर्जन की जानकारी मिलेगी। सड़क सुरक्षा जानकारी जैसे ब्लैक स्पॉट, खतरनाक मोड़, अद्यतन गति सीमा, दुर्घटना संभावित क्षेत्र आदि की जानकारी मिलेगी।



# जनवरी में ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का शुरू होगा निर्माण

- इस रूट के चलने से 100 सोसाइटी के करीब 4 लाख लोगों को होगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन की नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो के लिए अब और इंतजार नहीं करना होगा। केंद्र सरकार में इसको लेकर बैठकों का दौर शुरू हो चुका है।

हाल ही में पब्लिक इंवेस्टमेंट बोर्ड पीआईबी के सामने इसका प्रेजेंटेशन दिया गया है। जनवरी में इसका निर्माण शुरू हो सकता है। इस रूट के चलने से ग्रेनो वेस्ट की 100 से ज्यादा सोसाइटी के करीब 4 लाख लोगों को फायदा होगा। परियोजना का विस्तार 1125 करोड़ की लागत से किया जाना है। दरअसल, नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2 तक पहले चरण में मेट्रो चलनी है। यह करीब साढ़े नौ किलोमीटर लंबा मार्ग है।



दूसरे चरण में नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो जानी है। रूट के लिए चौथी बार टेंडर प्रकिया में 3 कंपनियां आई थी। इन कंपनियों के कागजी दस्तावेजों की तकनीकी जांच की गई। इसमें एक कंपनी का चयन किया गया। लेकिन सेंट्रल गवर्नमेंट से अनुमति नहीं मिलने पर टेंडर को निरस्त कर दिया गया था। अब दोबारा से टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। कंपनी का चयन दिसंबर में हो जाएगा। इसके बाद निर्माण शुरू होगा। एनएमआरसी की नोएडा-ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बीच 2022 में चुनाव तक मेट्रो चलाने की तैयारी थी।

कोरोना की वजह से यह परियोजना डेढ़ से दो साल पीछे चल रही है। इस लाइन के लिए यूपी कैबिनेट ने 3 दिसंबर 2019 को मंजूरी दी थी। उम्मीद थी कि इस लाइन का काम काफी पहले ही शुरू हो जाना था। नोएडा.ग्रेनो वेस्ट के बीच चलने वाली मेट्रो की यह लाइन सेक्टर-51 से शुरू होकर नॉलेज पार्क-5 तक जाएगी, लेकिन पहले चरण में सेक्टर-51 से शुरू होकर सेक्टर-2 ग्रेनो वेस्ट तक मेट्रो चलेगी। इसमें 5 स्टेशन होंगे। इनमें सेक्टर-122, 123, सेक्टर-4 ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सेक्टर.12 ईकोटेक और सेक्टर-2 ग्रेटर नोएडा वेस्ट के स्टेशन हैं। योजना से 4 लाख लोगों को फायदा मिलेगा। मेट्रो का संचालन सेक्टर-51 से किया जाएगा। यह ग्रेनो वेस्ट तक जाएगी।

यहां लाखों की आबादी है, जिनको ग्रेटर नोएडा जाने के लिए अपने वाहनों का प्रयोग करना पड़ता है। मेट्रो के संचालन से उन्हें काफी फायदा मिलेगा। नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक जाने वाली एक्वा लाइन मेट्रो को बोडागी तक बढ़ाया जाएगा। नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की बोर्ड बैठक में 2.6 किमी की इस मेट्रो लाइन की डीपीआर को मंजूरी दे दी गई है। एनएमआरसी की निदेशिका ऋतु माहेश्वरी ने बताया 416.34 करोड़ की इस परियोजना को अप्रूवल के लिए शासन को भेजा जा रहा है।

## निवेश पर बढ़िया रिटर्न का झांसा देकर 4.50 लाख रुपये ठगे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में निवेश पर बढ़िया रिटर्न के नाम पर रूपये ठगने का मामला सामने आया है। यहां पीड़ित से ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर द्वारा निवेश करने पर महीने में 30 से 40 प्रतिशत लाभ का लालच देकर चार लाख 50 हजार रूपये ठग लिये गये।

पीड़ित राकेश कुमार निवासी शिप्रा सनसिटी ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने बंगलुरू स्थित गल्फ ओटो ट्रेडिंग और एफ एक्स ट्रेडिंग नाम के दो सॉफ्टवेयर की मदद से वैश्विक बाजार में 4 लाख 50 हजार रूपये निवेश कर दिया। पीड़ित को निवेश से पहले माह में 30 से 40 फीसदी रिटर्न का झांसा दिया गया। पीड़ित को कंपनी ने कहा कि अगर हानि होगी तो कंपनी पैसे लौटा देगी। पीड़ित को विश्वास दिलाने के लिए कुछ लोगों द्वारा किए गए निवेश का डाटा भी दिखाया गया। जिसको देखने के बाद पीड़ित ने रूपये निवेश कर दिए। पीड़ित के निवेश करते ही एक सप्ताह के भीतर ही पीड़ित द्वारा लगाई गई धनराशि डूब गई। पीड़ित ने ट्रेडिंग कंपनी से बात की तो उन्होंने उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है कहते हुए पल्ला झाड़ लिया।

इसके बाद पीड़ित द्वारा दुबारा कंपनी को संपर्क किया तो उन्होंने बात करने से मना कर दिया। थाना प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर का कहना है कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एलजी ने लौटाई फाइल, आप का पलटवार

## वी.के सक्सेना ने अस्थायी उपायों पर उठाए सवाल, योजना पर पुनर्विचार करने को कहा

**रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान**



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान पर पुनर्विचार करने को कहा है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के मद्देनजर इस तरह के अस्थाई उपायों पर भी सवाल उठाया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार ने पूर्व में उपराज्यपाल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि प्रस्ताव को मंजूरी देने में देरी से वह 28 अक्टूबर को अभियान की शुरुआत को स्थगित करने के लिए मजबूर हुई है। हालांकि, उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने दावा किया कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने झूठ बोला था क्योंकि मुख्यमंत्री द्वारा भेजी गई फाइल में अभियान शुरू करने की तारीख 31 अक्टूबर बताई गई थी।

महीने भर के रेड लाइट ऑन, गाडी ऑफ अभियान का उद्देश्य ड्राइवरों को ट्रैफिक सिग्नल पर इंतजार करते हुए अपने वाहनों के इंजन को बंद करने के लिए प्रोत्साहित करना है। एक सूत्र ने कहा कि उपराज्यपाल ने प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की सलाह के साथ फाइल मुख्यमंत्री केजरीवाल को भेज दी है। एक सूत्र ने कहा कि उपराज्यपाल ने अत्यधिक प्रदूषण वाले यातायात चौराहों और अन्य स्थानों पर नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों (सीडीवी) की तैनाती को अमानवीय और शोषण वाला कदम बताते हुए आपत्ति जताई है। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि अभियान का मूल आधार जो कई लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने के विचार पर कुछ लोगों के स्वास्थ्य को जोखिम में डालना चाहता है, दोषपूर्ण है और किसी अन्य सभ्य महानगर में इसका कोई उदाहरण नहीं दिखता है। सूत्र ने कहा कि इसके अलावा, लंबे समय से मौजूद इस समस्या के किसी भी प्रभावी और टिकाऊ समाधान में साल दर साल तकनीकी हस्तक्षेप की जरूरत होगी।



उपराज्यपाल आवास के बाहर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। फोटो रंजन डिमरी।

### सभी सवालों का जवाब देंगे, फाइल फिर से जमा करेंगे : राय

नई दिल्ली। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि दिल्ली सरकार रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा उठाए गए सभी सवालों का जवाब देगी और उनकी मंजूरी के लिए फाइल फिर से जमा करेगी। राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, राय ने सक्सेना पर दिल्ली के निवासियों के जीवन से जुड़े मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, उपराज्यपाल ने यह कहते हुए फाइल लौटा दी है कि दिल्ली सरकार ने पिछले दो वर्षों में अभियान के प्रभाव का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन नहीं कराया। हमने सभी उपलब्ध सूचनाओं का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने के बाद 2020 और 2021 में अभियान चलाया।

### आप का उपराज्यपाल आवास के बाहर प्रदर्शन

आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेताओं ने रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान को शुरू करने से जुड़ी फाइल को मंजूरी नहीं देने को लेकर शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी नेता तख्तियां लेकर राज निवास मार्ग पर जमा हुए और सक्सेना के खिलाफ नारेबाजी की। सक्सेना के आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और पानी की बौछार करने वाले वाहनों को तैयार रखा गया है। राष्ट्रीय राजधानी में रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान शुक्रवार से शुरू किया जाना था। इससे पहले, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा था कि सरकार अभियान को टाल रही है, क्योंकि उसे उपराज्यपाल से मंजूरी मिलनी बाकी है।

**छठ मइया की जय**



# आज दिया जाएगा डूबते सूर्य को अर्घ्य

- यमुना घाटों व कृत्रिम तालाबों पर बढ़ी रौनक, साफ-सफाई व पानी भरने का काम तेज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आस्था के महापर्व छठ पर आज (रविवार) को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर कर व्रती सुख शांति और देश में खुशहाली की कामना करेंगे। दिल्ली-एनसीआर में छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। महापर्व को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। छठ महापर्व के दूसरे दिन यानी शनिवार को महिलाओं ने प्रसाद बनाकर खरना किया। इसके साथ ही 36 घंटे का उपवास शुरू हो गया। सोमवार सुबह उगते सूर्य को जल देने के साथ ही महापर्व का समापन होगा। दिल्ली में कई स्थानों पर घाट और विभिन्न सोसायटी व कॉलोनियों में घाट तैयार हो गए हैं। घाट पर सभी ने वेदी के रूप में छठ मईया की मूर्ति बनाई।

व्रती स्नान कर मिट्टी के बने चूल्हे में आम की लकड़ी जलाकर गुड़ की खीर और रोटी बनाकर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर भोग लगाएंगे। श्रद्धालुओं ने बताया कि खरना में खीर का प्रसाद काफी महत्वपूर्ण होता है। इस मौके पर आसपास के लोग भी व्रतियों के घर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। दिल्ली में जगह-जगह तैयार किए गए अस्थाई घाटों पर सजावट शुरू हो चुकी है। घाट पर वेदी बनाकर रंग रोगन पहले ही किया जा चुका है।

अधिकांश घाटों पर फूलों की सजावट कर दी गई है। वहीं दिल्ली सरकार के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने छठ पर्व को लेकर सरकार की तैयारियों पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि 2022 में अब 1100 स्थानों पर इस पर्व का सरकार आयोजन करा रही है। 1100 में से यमुना के किनारे 22 स्थानों पर छठ का आयोजन हो रहा है।सभी छठ घाटों पर पूरे प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एमसीडी गुमराह करने वाले तत्वों पर कार्रवाई करें : एलजी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- नए कचरा स्थल बनाने के आप के आरोपों पर सख्त हुए उपराज्यपाल

उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने शनिवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को लोगों को गुमराह करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

एलजी ने आम आदमी पार्टी (आप) के इन आरोपों के बीच यह कदम उठाया कि एमसीडी शहर में कचरा डालने के लिए नए स्थल बनाने की योजना बना रही है, जबकि वह मौजूदा तीन लैंडफिल साइटों पर कूड़े के पहाड़ को साफ करने में विफल रही है। सक्सेना ने कई ट्वीट करके कहा कि एमसीडी ने पिछले चार महीनों में 26.1 लाख मीट्रक टन पुराने कचरे को साफ किया है और कचरे के टीले की ऊंचाई 10-15 मीटर कम हो गई है।

उन्होंने यह भी कहा कि शहर में कचरा डालने के एक भी नए स्थल बनाने की योजना नहीं है। एमसीडी चुनाव इस वर्ष दिसंबर तक होने की उम्मीद है। इसके मद्देनजर आप ने दिल्ली में स्वच्छता की कमी और भलस्वा, ओखला और गाजीपुर में लैंडफिल साइट पर कचरे के पहाड़ों को लेकर एमसीडी और भाजपा पर हमला तेज कर दिया है। आप प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट का दौरा किया था और दावा किया था कि एमसीडी शहर में 16 और लैंडफिल साइट विकसित करने की योजना बना रही है। सक्सेना ने ट्वीट किया कि निहित स्वार्थ वाले कुछ लोगों द्वारा झूठे दावों के विपरीत, शहर में एमसीडी द्वारा कचरा डालने का एक भी नया स्थल बनाने की योजना नहीं बनाई गई है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, एमसीडी को दिल्ली को गुमराह करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एमसीडी ने शुक्रवार को कहा था कि शहर में कचरा डालने के लिए कोई नया स्थल बनाने की योजना नहीं है। उसने यह भी कहा था कि शहर की तीन लैंडफिल साइट (कचरा डालने का स्थल) से अब तक 77 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे को संसाधित किया गया है, जिसने वर्षों से छोटे पहाड़ का आकार ग्रहण कर रखा है।

तीनों नगर निगम अब एकीकृत हो गए हैं। 250 एमसीडी वार्ड के लिए दिसंबर के आसपास चुनाव होने की उम्मीद है और दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। दिल्ली में लगभग 11,000 मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न होता है, जिसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा गाजीपुर, भलस्वा और ओखला स्थित तीन लैंडफिल साइट में डाला जाता है।

# आप विधायकों को खरीदने के प्रयास में भाजपा : सिसोदिया

- उपमुख्यमंत्री ने एक ऑडियो क्लिप जारी कर लगाए सनसनीखेज आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कथित रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े एक व्यक्ति की ऑडियो क्लिप जारी की, जिसमें राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) विधायकों की खरीद-फरोख्त की भाजपा की कोशिश पर चर्चा की जा रही है।

सिसोदिया ने मांग की कि यदि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस मामले में शामिल हैं तो उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर किया जाना चाहिए और गिरफ्तार भी किया जाना चाहिए। भाजपा या शाह की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन में ऑडियो टेप चलाया और कहा कि क्लिप में जिस भाजपा दलाल की आवाज सुनाई दे रही है, वह तेलंगाना में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति के विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीन लोगों में से एक है।

रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंदा कुमार और सिम्हायाजी स्वामी को इस सप्ताह की शुरुआत में तेलंगाना पुलिस ने कथित तौर पर टीआरएस के चार विधायकों को भाजपा में शामिल होने के लिए मनाने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उन्होंने आरएसएस के एक वरिष्ठ नेता और दो केंद्रीय मंत्रियों के साथ उनकी तस्वीरें भी दिखाईं और कहा कि भाजपा के साथ उनका संबंध स्पष्ट था। सिसोदिया ने कहा कि इस ऑडियो में, भाजपा के इस दलाल को एक (टीआरएस) विधायक को भाजपा में शामिल होने के लिए यह कहते हुए समझाते हुए सुना जा सकता है कि वे दिल्ली के 43 विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश कर रहे हैं और इसके लिए पैसा अलग रखा गया है। उसे (दलाल को) यह भी कहते हुए सुना जा सकता है कि उसने शाह और बीएल संतोष से भी बात की है।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री ने मांग की, अगर भाजपा के दलाल (केंद्रीय) गृहमंत्री अमित शाह का जिक्र कर रहे हैं, तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए और पूछताछ की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि यदि शाह ऑपरेशन लोटस के तहत साजिश में शामिल थे तो उन्हें गृहमंत्री पद से बर्खास्त किया जाए। ऑडियो टेप दिल्ली और पंजाब में आप विधायकों की खरीद-फरोख्त के भाजपा के असफल प्रयास का सबूत है।

### रन फॉर यूनिटी : तड़के चार बजे से चलेंगी मेट्रो

**नई दिल्ली।** रन फॉर यूनिटी में भाग लेने वाले लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए 31 अक्टूबर को दिल्ली मेट्रो की रेल सेवाएं तड़के चार बजे शुरू होंगी।

रन फॉर यूनिटी 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर आयोजित की जाती है। पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा, 31 अक्टूबर (सोमवार) को रन फॉर यूनिटी के प्रतिभागियों की सुविधा के लिए, दिल्ली मेट्रो ट्रेन सेवाएं सभी लाइनों के टर्मिनल स्टेशनों से तड़केचार बजे से शुरू होंगी। सभी स्टेशनों पर सुबह छह बजे तक हर आधे घंटे पर एक ट्रेन पहुंचेगी।

डीएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि सुबह छह बजे के बाद दिन भर सामान्य समय सारिणी के अनुसार ट्रेन चलेंगी।

# गैंगस्टर अंकित मौत मामले में कोर्ट ने लिया आरोपपत्र पर संज्ञान

- अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों के खिलाफ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली की एक अदालत ने पिछले साल गैंगस्टर अंकित गुर्जर की मौत से जुड़े मामले में तिहाड़ जेल के पूर्व उपाधीक्षक नरेंद्र मीणा समेत अन्य जेल अधिकारियों के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लिया है। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अंजनि महाजन ने अपने 28 अक्टूबर के आदेश में कहा कि आरोपपत्र और संलग्न दस्तावेजों को देखने से पता चलता है कि आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ लगाए गए आरोप और उपलब्ध सामग्री पहली नजर में मामले में आगे बढने् के लिए पर्याप्त है। इस मामले के आरोपी तत्कालीन सहायक अधीक्षक दीपक डाबास और राम अवतार मीणा, हेड वार्डर दिनेश चिकारा और वार्डर हरफूल मीणा एवं विनोद मीणा समेत नरेंद्र मीणा फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मुताबिक आरोपियों ने अंकित गुर्जर (29) और दो अन्य बंदियों गुरजीत और गुरप्रीत की लात और पॉलीकार्बा नेट लाठी से निर्ममतापूर्वक पिटाई की थी।

जांच एजेंसी ने कहा कि इसके बाद अंकित गुर्जर को उचित चिकित्सकीय देखरेख की सुविधा नहीं उपलब्ध कराई गई जिसके कारण उसकी चार अगस्त, 2021 को मौत हो गई। सीबीआई ने कहा कि जांच के दौरान खून के दाग वाली सात लाठियां जेल से बरामद की गईं।

सीबीआई ने कहा कि जांच के दौरान फोरेंसिक परीक्षण भी किया गया। एफएसएल रिपोर्ट के मुताबिक दो पॉलीकार्बानेट लाठियों पर जुटाए गए नमूनों से तैयार की गई डीएनए प्रोफाइल कैदी अंकित गुर्जर, गुरजीत और गुरप्रीत की मिस्रित डीएनए प्रोफाइल से मेल खाती पाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री ने किया छात्र-छात्राओं को सम्मानित



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने राष्ट्रमंदिर में आयोजित एक समारोह के दौरान गंगा के तट पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव के मंचन में अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। बता दें कि कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन गार्डन नई दिल्ली, द्वारका स्थित वंदना इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और गुरुग्राम ग्लोबल हाइट्स स्कूल के साथ-साथ ऋषिकेश के परमार्थ आश्रम गुरुकुल के बच्चों ने विश्वस्तरीय रामलीला का मंचन किया था। राष्ट्र मंदिर के संस्थापक अजय अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन, समिति के कार्यकारी चेयरमैन शक्ति बक्शी, उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा व प्रकाश नागर, गौरव तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। प्रधानाचार्य डॉ. वंदना टंडन व उनकी टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### उत्तराखंड की संस्कृति का दर्पण है कुमाउंनी रामलीला



**नई दिल्ली।** कुमाउंनी रामलीला उत्तराखंड की संस्कृति का दर्पण है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में शनिवार को कुमाऊं की अनूठी रामलीला पर पुस्तक के अवसर यह बात सामने आई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा प्रकाशित कुमाउं की अनूठी रामलीला पर आधारित पुस्तक ओपेरामा कुमाउंनी रामलीला का लोकार्पण कला केंद्र में बुधवार, 29 अक्तूबर को किया गया। इंडियन ओशन बैंड से जुड़े रहे प्रसिद्ध गायक हिमांशु जोशी द्वारा संकलित और लिखित इस पुस्तक का लोकार्पण प्रसिद्ध लेखक-अध्यापक प्रो. पुष्पेश पंत, कला केंद्र के अध्यक्ष रामबहादुर राय, कला केंद्र के सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, कला केंद्र के आदि दृश्य के विभागाध्यक्ष डॉ. रमाकर पंत और जनपद संपदा विभाग के अध्यक्ष डॉ. के. अनिल कुमार ने किया। 10 दिनों तक चलने वाली कुमाउंनी रामलीला की खासियत है कि यह संसार की सबसे लंबी ओपेरा प्रस्तुतियों में से एक है। यह उत्तराखंड की अनूठी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है। कार्यक्रम के अंत में हिमांशु जोशी ने भगवान राम की स्तुति श्री रामचन्द्र कृपालु भज मन हरण भवभय दारुणं और कुमाऊंनी रामलीला की कुछ रचनाएं गाकर सुनाईं।

### रेल यात्रियों की सेवा खामी में नहीं होगी बर्दाश्त: रमेश



**नई दिल्ली।** छठ पूजा के पर्व मनाने के लिए देशभर से लोग अपने घर पर जा रहे हैं। इसी को देखते हुए रेलवे यात्री सेवा समिति चेयरमैन रमेश चंद रत्न ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में बनी बेस किचन का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में वहां बनने वाले भोजन और पीने के पानी की जांच की और उनकी गुणवत्ता को परखा। उन्होंने कहा कि खानपान में किसी भी खामीं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ रेलवे के आलाधिकारी भी मौजूद थे। रेलवे अधिकारियों से स्वच्छ और पौष्टिक खाने की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए चर्चा हुई ।

### दुष्कर्म के दोषियों को सजा में छूट पर पीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बलात्कार के दोषियों की सजा में छूट और पैरोल पर रोक लगाने वाले मजबूत कानूनों एवं नीतियों की मांग की है। बिलकिस बानो के बलात्कारियों की रिहाई और बलात्कार के दोषी गुरमीत राम रहीम को दी गई पैरोल का जिक्र करते हुए मालीवाल ने मांग की कि उन्हें वापस जेल भेजा जाए। मालीवाल ने लिखा है 2002 में गुजरात दंगों के दौरान जब बिलकिस बानो से सामूहिक बलात्कार किया गया था, तब वह 21 साल की थीं। बलात्कारियों ने न केवल पांच महीने की गर्भवती बिलकिस बानो से बर्बरता की, बल्कि उनके तीन साल के बच्चे समेत परिवार के सात सदस्यों को भी मार डाला। अंतत 2008 में, मुंबई की एक सत्र अदालत ने मामले में 11 लोगों को सामूहिक बलात्कार और हत्या के लिए दोषी ठहराया तथा उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# मेगा पीटीएम: निगम स्कूलों में गुणवत्तापरक शिक्षा पर जोर

## 1578 विद्यालयों में आयोजन, अभिभावकों और शिक्षकों से मिले क्षेत्रीय उपायुक्त एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम ने मध्यावधि परीक्षा परिणाम छात्रों के साथ साझा करने के लिए 1578 विद्यालयों में मेगा पीटीएम का सफल आयोजन किया। मेगा पीटीएम आयोजित करने के पीछे निगम का उद्देश्य क्षमता आधारित आंकलन एवं छात्रों की अन्य उपलब्धि के परिणाम छात्रों के साथ साझा करना था जोकि निगम विद्यालयों में पहली बार आयोजित की गई थी।

क्षेत्रीय उपायुक्तों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया एवं मेगा पीटीएम के सुचारू क्रियान्वन को सुनिश्चित किया। अधिकारियों द्वारा मेगा पीटीएम में आए अभिभावकों से बातचीत कर उनकी प्रतिक्रिया ली गई। मेगा पीटीएम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया जिसमे अभिभावकों ने भारी संख्या में भाग लिया। निगम के शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों के प्रति अभिभावकों ने संतुष्टि प्रदर्शित की। अध्यापकों ने छात्रों के पाठ्य एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों में प्रत्येक छात्र की प्रगति दर्शाने वाले विभिन्न अनुगलक जैसे छात्र संचयी रिकॉर्ड एवं मूल्यांकन रिपोर्ट साझा किए। छात्रों द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों एवं उपलब्धियों को भी साझा किया गया। ए फ ए ल ए न (बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक कौशल) स्तर 1 एवं 2 पर मौजूद छात्रों की केस स्टडी भी अभिभावकों के साथ साझा की गई तथा उनके अधिगम स्तर को सुधारने के लिए किए गए प्रयासों का ब्यौरा भी साझा किया गया। दिल्ली नगर निगम अपने विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इस दिशा में कार्य करते हुए निगम शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न नई पहलों एवं नई तकनीक का समावेशन कर रहा है। दिल्ली नगर निगम ने इस वर्ष अपने 15 विद्यालयों में आईसीटी आधारित कर दिया है तथा शीघ्र ही यह व्यवस्था 200 और निगम विद्यालयों में आरंभ कर दी जाएगी।

निगम द्वारा अपने 635 विद्यालयों में 635 स्मार्ट कक्षाएं स्थापित की गई हैं इसके साथ ही निगम ने छात्रों में पढ़ने के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए 632 विद्यालयों में उत्कृष्ट पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं। छात्रों को हाइब्रिड माध्यम से शिक्षा प्रदान करने के लिए निगम के शिक्षा विभाग द्वारा ज्ञानोदय चैनल आरंभ किया गया है।

छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निगम ने सप्ताह में एक दिन पाठ्य सहगामी गतिविधियों के लिए रखा है। दिल्ली नगर निगम ने विद्यालयों से संबंधित डाटा का संकलन करने के लिए एडुलाइफ पोर्टल आरंभ किया है।

### पढ़ाई में एकरूपता लगाने की कोशिश

*दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग ने विद्यालय स्तर पर कई नई पहलों को अपनाया है। निगम विद्यालयों में एलुमनी कॉर्नर स्थापित किए गए है जहां पर निगम विद्यालयों से पढ़े हुए सफल छात्रों के चित्र प्रदर्शित किए गए है जिनसे निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र प्रेरित हो सकें। शिक्षा विभाग ने 3 से 5 कक्षा तक पीरियड व्यवस्था लागू की है तथा केंद्रीय स्तर पर मासिक योजना एवं पाठ्य योजना तैयार की जा रही है।*

# प्रदेश से निर्यात को बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता : अनुराग बख्शी

### फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-37 में उद्योगपतियों के साथ बैठक करते हरियाणा एक्सपोर्ट काउंसिल के पहले चेयरमैन अनुराग बख्शी।

**प्रदेश** में निर्यात को बढ़ाना और इसके लिए निर्यातकों को हर सम्भव सहायता और सुविधा देना मनोहर सरकार की प्राथमिकता है। यह बात हरियाणा एक्सपोर्ट काउन्सिल के नव नियुक्त चेयरमैन और पूर्व आईआरएस अनुराग बख्शी ने फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कही। उद्योगपतियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा गठित हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल में अनुराग बख्शी को पहले चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर उद्योगपतियों ने स्वागत समारोह का आयोजन बुटीक इंटरनेशनल पेस सिटी-2 सेक्टर-37 में किया। इस दौरान गुरुग्राम के कई एक्सपोर्ट और इंपोर्ट करने वाले उद्योगपतियों ने भाग लिया। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी तथा जिला प्रधान पीके गुप्ता ने बुके देकर अनुराग बक्शी का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। फेडरेशन की तरफ से सभी सीनियर पदाधिकारियों प्रदेश महासचिव दीपक मैनी, जिला गुरुग्राम के प्रधान पीके गुप्ता जिला महासचिव डॉक्टर एसपी अग्रवाल जिला सीनियर वाइस प्रेजीडेंट रमनदीप सिंह तथा प्रसिद्ध उद्योगपति प्रवीण मखीजा ने अनुराग बक्शी को शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित भी किया।

अनुराग बक्शी ने सरकार आपके द्वार का नारा देकर एक्सपोर्टर्स की समस्याएं और सुझाव सुने। इस दौरान एक्सपोर्टर्स की तरफ से फ्रेट सब्सिडी को दोबारा से शुरू करने की बात कही गई। सेक्टर-37 में निर्यातकों से बातचीत के दौरान बक्शी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश से निर्यात को बढ़ाने के उद्देश्य से एचईपीसी का गठन किया है। कार्यक्रम में समय-समय पर ट्रेड फेयर का आयोजन अच्छा पावर बैकअप, एक्सपोर्ट के लिए विदेशों में बायर्स के साथ सीधी बातचीत करवाना तथा मशीनों को अपग्रेड करने के लिए सब्सिडी के प्रावधान, प्रदेश के सभी क्षेत्रों में ट्रक यूनियन की मनमानी को खत्म करने पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में एसोसिएशन के जिला प्रधान पीके गुप्ता, महासचिव डॉक्टर एसपी अग्रवाल, अमन गुप्ता, मुनीष गुप्ता, प्रवीण मखीजा, संजय कालडा, समीर जुनेजा, संदीप जैन, विशाल जग्गी, नरेश कंटूर, विनोद गुप्ता, राहुल शर्मा, राजेंद्र सचदेवा, डॉक्टर केके अग्रवाल, अंजनी जिंदल आदि मौजूद रहे।

# पंच, सरपंच और समिति सदस्य पद के लिए 548 नामांकन भरे गए

### सोहना खंड की 35 ग्राम पंचायतों में होने हैं समिति सदस्य, सरपंच और पंच पद के चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सोहना** खंड की 35 ग्राम पंचायतों में पंचायत चुनाव के समिति सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए कुल 548 नामांकन भरे गए हैं। जिसमें 233 महिलाओं ने और 315 नामाकन पुरुषों द्वारा भरे गए हैं। सोहना खंड में 14 समिति सदस्य पद के लिए नामांकन 9 नवम्बर को होगा। जिसमें कुल 40 नामांकन जमा कराए गए है। 40 नामांकन में 15 महिला और 25 पुरुष शामिल हैं। सरपंच पद के लिए 35 ग्राम पंचायतों में कुल 169 नामांकन भरे गए हैं। जिसमें 73 महिला और 96 पुरुषों ने नामांकन भरे हैं। खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 318 पंच पद के लिए कुल 339 नामांकन जमा हुए हैं। जिनमें 145 महिलाओं ने पंच पद पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है और 194 पुरुष ने पंच पद के लिए नामांकन भरे हैं।

#### अभयपुर से सरपंच का एक नामांकन

खंड की ग्राम पंचायत अभयपुर से पंचायती उम्मीदवार श्यामी नंबरदार ने ही एक मात्र नामांकन भरा है। अभयपुर के निवासियों ने 31 साल के बाद सर्वसम्मति से सरपंच बनाने का फैसला लिया है। 31 साल पहले कैप्टन अनतलाल को निर्विरोध सरपंच बनाया गया था।

#### रिठौज में आज होगी पंचायत

ग्राम पंचायत रिठौज में 1970 से चली आ रही सर्वसम्मति से सरपंच और पंच बनाने की परम्परा को एक बार फि र दोहराया जाएगा। संभावना है शनिवार की शाम को गांव में पंचायत होगी। इसके साथ-साथ समिति सदस्य का चुनाव भी पिछली दो योजना से सर्वसम्मति से ही किया जाता रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### यशपाल बतरा ने बुजुर्ग के हाथों शुरू कराया गली का निर्माण



गुरुग्राम के अर्जुन नगर में गली निर्माण का शुभारंभ करते एक बुजुर्ग।

**गुरुग्राम।** अर्जुन नगर गली नंबर-11 के नव निर्माण के कार्य की शनिवार को शुरुआत हई। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व उप महापौर यशपाल बतरा ने बुजुर्ग व्यक्ति श्री दास राम के हाथों नारियल तुड़वाया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्य करीब चार लाख रुपये की लागत से पूरा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार शहर के विकास के लिए निरंतर बजट जारी कर रही है। हर तरफ विकास के कार्य तेज गति से हो रहे हैं। गुरुग्राम के हर चौक-चौराहे को यातायात जाम से मुक्ति दिलाने पर काम किया जा रहा है। शहर के प्रमुख बस अड्डा, कटारिया चौक पर अंडरपास व फ्लाईओवर बनाकर जाम से मुक्ति दिलाने का काम किया गया है। बस अड्डे का अंडरपास जल्द ही शुरू होगा। कटारिया चौक पर फ़्लाईओवर का निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं संचालन शुरू करवाकर गए हैं। उद्घाटन वे बाद में करेंगे। यशपाल बतरा ने कहा कि मुख्यमंत्री समय-समय पर शहर को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का सौगात देते हैं। इस अवसर पर जीतू वर्मा, ईश्वर चंद धवन, प्रभु दयाल सचदेवा, सोनू शर्मा, रवि शर्मा, दीपक हसीजा, आनन्द कुमार सेतिया, अमित कुमार, रमेश वर्मा, विशु वर्मा, दुआ, सतय्वत सोनिया शर्मा, गुंजन शर्मा, सरला वर्मा, तरुण, नीरू हसीजा आदि मौजूद रहे।

### एलिवेटेड मार्ग पर हुए दो सड़क हादसे, तीन लोग घायल

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर तीन किलोमीटर की दूरी में हुए दो सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अलग-अलग अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन दूसरे हादसे में अभी तक घायल द्वारा बयान न दे पाने के कारण मामला दर्ज नहीं हो सका है। शनिवार को भोंडसी थाना क्षेत्र में एलिवेटेड मार्ग पर हुए दो सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। लेकिन सड़क हादसों में घायलों की पहचान नहीं हो सकी। पहला हादसा घामडौज टोल पार करने से पहले भोंडसी की तरफ से आ रही पिकअप ने रिठौज मोड की तरफ से सर्विस रोड पर आ रही कार से सीधी टकरा गई। जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। उसका चालक घायल हो गया। जिसे मौके पर पहुंचे आने जाने वालों ने कार से बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया दिया। पिकअप में गो मास भरा होने के कारण अज्ञात चालक घटना स्थल पर ही छोड़ कर भाग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। दूसरा हादसा एलिवेटेड मार्ग पर पर ही गांव अलीपुर के निकट हुआ। जहां सामने जा रही कार से थार की टक्कर हो गई। जिससे कार और थार में सवार एक-एक व्यक्ति को चोटें लगीं। पुलिस ने यहां से भी दोनों वाहनों को घटना स्थल से उठाते हुए थाने ले गई। भोंडसी थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने अलीपुर के निकट हुआ हादसे में घायल होने वालों की पहचान करने के बाद ही आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करेगी।

### बढ़ता जा रहा है आप का जनाधार : निशांत आनंद



आप नेता अनुराग ढांडा के साथ अधिवक्ता निशांत आनंद।

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता निशांत आनंद का कहना है कि आम आदमी पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है। एक उद्देश्य के साथ शुरु की गई आम आदमी पार्टी ने बहुत कम समय में अपना स्थान देश की राजधानी दिल्ली से लेकर पंजाब और कई राज्यों में स्थापित कर रही है। निशांत आनंद ने कहा कि आम आदमी पाटी की नजर अब गुजरात और हरियाणा पर है। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन कर आम आदमी पार्टी से अन्य नेताओं को भी जोड़ा जा रहा है। प्रतिदिन पार्टी में शामिल होने वालों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। पूर्वमंत्री निर्मल सिंह, संगठन मंत्री प्रवीण प्रभाकर गौर, संगठन विस्तारक महेंद्र चौधरी, वीर सिंह, अनुराग ढांडा की उपस्थिति में नेताओं के शामिल होने का सिलसिला जारी है। आनंद का कहना है कि हरियाणा प्रदेश अपने मेहनती युवाओं के लिए जाना जाता है।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर होगी रन फॉर यूनिटी

**गुरुग्राम।** आजादी अमृत काल में सोमवार 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। जिसके लिए गुरुग्राम जिला मुख्यालय पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस दिन जिला में 100 अलग-अलग स्थानों पर रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला का मुख्य कार्यक्रम स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल परिसर में सुबह 7:30 बजे होगा जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा रन फॉर यूनिटी दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया इस दिन राष्ट्र की सुरक्षा, एकता, अखंडता को मजबूत करने के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निदेज़्श दिए कि इस दिन को गरिमामयी ढंग से मनाते हुए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएं। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रतिवर्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से समाज के हर वर्ग को एकता व भाईचारे का संदेश दिया जाता है। इस बार भी जिला में इस कार्यक्रम का आयोजन गरिमामयी ढंग व हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी में खिलाड़ियों, विद्यार्थियों के अलावा अन्य जिला वासियों द्वारा भाग लिया जाएगा। इसके पश्चात राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई जाएगी। उन्होंने आमजन से भी दौड़ में बढ़-चढ़कर भाग लेकर दौड़ने का आह्वान किया।

# महाकवि सम्मेलन में पहुंचे प्रख्यात कवि कुमार विश्वास



शनिवार को सोहना पहुंचे राष्ट्रीय कवि डॉक्टर कुमार विश्वास का स्वागत करते आयोजक।

### सोहना सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में हुआ पहला महा कवि सम्मेलन

**सोहना।** सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में पहले महाकवि सम्मेलन में पहुंचे प्रख्यात कवि कुमार विश्वास का जोरदार स्वागत किया। प्रख्यात कवि कुमार विश्वास को सुनने के लिए स्टेडियम में हजारों की संख्या में श्रोतागण पहुंचे।

शनिवार को सोहना सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में पहला महा कवि सम्मेलन कराया गया। जिसमें राष्ट्रीय कवि डॉक्टर कुमार विश्वास की कविताओं को सुनने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से लोग पहुंचे। पहले महाकवि सम्मेलन को सफल बनाने में सोहना सांस्कृतिक मंच का कड़ा परिश्रम रहा। इस अवसर पर शिक्षा के माध्यम से उच्च कोटि का पद संभालने वाले युवाओं को सम्मानित किया।

# गोरक्षा यज्ञ करके लेंगे गोमाता बचाने का संकल्प

**गुरुग्राम।** आगामी एक नवम्बर को माधव गौसेवा धाम में गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मनीष शर्मा, मनीष यादव, रविंद्र तायल, डा. डीपी गोयल, सुदर्शन गौड़, नरेंद्र बंसल व परमबीर, राजेश बंसल इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बताया कि हरियाणा दिवस के दिन ही गोपाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व की सभी गौशालाओं में तैयारियां चल रही हैं। गाड़ौली खुर्द गांव स्थित माधव गौसेवा धाम में भी गोपाष्टमी पर्व मनाया जाएगा। गोपाष्टमी पर सुबह 7:30 से 8:30 बजे तक गोरक्षा यज्ञ किया जाएगा। इस यज्ञ के माध्यम से गोरक्षा का भी संकल्प लिया जाएगा। इसके बाद 9 बजे तक गोपूजन किया जाएगा और फिर प्रसाद का वितरण होगा। नवीन गोयल ने बताया कि हमारी मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गाय चराई थी। यशोदा मइया भगवान श्रीकृष्ण को प्रेमवश कभी गौ चारण के लिए नहीं जाने देती थीं, लेकिन एक दिन कान्हा ने जिद कर गो चारण के लिए जाने को कहा।

# आदमपुर उपचुनाव में पूरा माहौल भाजपा के पक्ष में : सुधीर सिंगला

### कार्यकर्ताओं के साथ गुरुग्राम के विधायक चुनाव प्रचार में पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला भी आदमपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई के चुनाव प्रचार में पहुंचे गए हैं। शनिवार को उन्होंने कई क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान जनता से बातचीत के आधार पर उन्होंने दावा किया कि आदमपुर में पूरा माहौल भाजपा के पक्ष में है। भव्य बिश्नोई की अच्छे मतों से जीत होगी।

हिसार स्थित पार्टी कार्यालय से वे कार्यकर्ताओं के साथ आदमपुर पहुंचे। शेड्यूल के अनुसार उन्होंने क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू किया। मतदाताओं को भाजपा की केंद्र और हरियाणा में सरकार की जनहित की नीतियों को उन्होंने साझा किया। विधायक ने कहा कि देश-प्रदेश का हित भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। हर क्षेत्र में हम आज सबसे आगे हैं। सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जो रिकॉर्ड विकास के काम हुए, वे पहले कभी नहीं हुए।



आदमपुर उपचुनाव में प्रचार के दौरान विधायक सुधीर सिंगला।

अपने आठ साल के कार्यकाल में उन्होंने हर पहलू पर बारीकी से काम किया। मूलभूत सुविधाएं देने के साथ प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा मिला। नए उद्योग लगे, जिससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिले। विधायक ने कहा कि सड़कों का प्रदेश में जाल बिछा दिया गया है। समय-समय पर यहां पर नए हाइवे बनाए जा रहे हैं, जो कि हरियाणा में विकास के द्वार खोल रहे हैं। समान विकास मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कराए हैं। वे सदा प्रदेश को आगे बढ़ाने की सोच के साथ काम करते रहे हैं।

भ्रष्टाचार को भी प्रदेश से काफी हद तक खत्म कर दिया गया है। लगभग सभी योजनाएं व कार्यक्रम ऑनलाइन करके सरकार ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के साथ फिजूलखर्ची पर भी लगाम लगाई है। प्रदेश की जनता हर बात को खूब जानती है। इसलिए वे आदमपुर में कमल खिलाने का दावा कर रहे हैं।

# गुरुग्राम में इस बार एससी महिला संभालेगी जिला परिषद की कुर्सी

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

### वार्ड-9 से जीतने वाली महिला बनेगी जिप की चेयरपर्सन

### गुरुग्राम के सांसद इंद्रजीत सिंह खेमे से किसी को टिकट नहीं

**राजनीति** में जातीय समीकरण भी महत्वपूर्ण हैं और महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने की बातों को पुख्ता करने के लिए उन्हें टिकटें देना भी जरूरी। इन दोनों समीकरणों को साधकर भारतीय जनता पार्टी ने गुरुग्राम में जिला परिषद की 10 सीटों पर आधी आबादी यानी महिलाओं को 50 फीसदी हिस्सेदारी दी गई है। राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं यह भी हैं कि भाजपा ने गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह के खेमे से किसी को भी टिकट ना देकर उनका क्षेत्र में कद व प्रभाव कम करने का प्रयास किया है।

गुरुग्राम जिला परिषद में चेयरपर्सन की सीट पर इस बार एससी महिला का बैठना तय है। ऐसा इसलिए कि जिला परिषद गुरुग्राम इस बार एससी महिला के लिए आरक्षित है। जिला में 10 वार्ड हैं और अकेले छह वार्ड (वार्ड-5 से 10 तक) पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता के हल्के यानी पटौदी में हैं।

वार्ड-1 से 3 तक सोहना विधानसभा में हैं, जबकि बादशाहपुर विधानसभा में वार्ड-4 आता है। वार्ड-9 एससी महिला के लिए आरक्षित है। इसमें कोई दोराय नहीं कि जिला परिषद के टिकट वितरण में पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने बाजी मारी है। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की भी अहम भूमिका रही। भाजपा की ओर से वार्ड-1 से ओमप्रकाश को, वार्ड-2 से पुष्पा देवी को, वार्ड-3 से खजान सिंह, वार्ड-4 से मनीष सैदपुर, वार्ड-5 से रितु यादव, वार्ड-6 से लक्ष्मी नारायण, वार्ड-7 से अंजू रानी, वार्ड-8 से ललित चौहान, वार्ड-9 से मधु वाल्मीकि व वार्ड-10 से नीलम देवी को उम्मीदवार बनाया गया है।

सभी उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता इस बात से उत्साहित हैं कि भाजपा ने पहली बार जिला परिषद का चुनाव सिंबल यानी अपने चुनाव चिन्ह पर लड़ रही है। टिकटों के वितरण में भाजपा ने जातीय समीकरणों को भी साधा है। अलग-अलग जातियों से पार्टी कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार बनाया गया है।

# पूर्वांचल व्रतियों के छठ पर्व के दूसरे दिन खरना पर्व

### सरोवरों में पानी भरने का काम हो गया है पूरा

**गुरुग्राम।** चार दिवसीय छठ पर्व के दूसरे दिन भी शहर के मुख्य सदर बाजार व साथ लगते जैकबपुरा, सोहना चौक और ओल्ड व न्यू रेलवे रोड स्थित बाजारों में भी छठ पर्व मनाने के लिए पूजा सामग्री खरीदते लोग दिखाई दिए, जिनमें महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी थी। नहाय-खाय के साथ पर्व की गत दिवस शुरुआत हो चुकी है। सभी व्रतधारियों ने सूर्य उपासना करने के बाद व्रत रखा। कहा जाता है कि गंगा में नहाकर ही इस व्रत की शुरुआत की जाती है, लेकिन लोगों ने गंगाजल की कुछ बूंदें पानी में मिलाकर स्नान किया। छठ पर्व का उपवास शुरु हो गया है, जो 36 घंटों तक चलेगा। व्रतियों ने शनिवार को पूरे दिन निर्जल व्रत रखा, सायं को उन्होंने हवन पूजा के बाद खरना का प्रसाद, गुड़ की खीर और मीठी रोटी के रुप में ग्रहण किया तथा अपने चिर-परिचितों को भी मीठी खीर व मीठी रोटी का प्रसाद वितरित किया। बिहार के मगध क्षेत्र की परंपरा को मानने वाले लोगों ने चावल, चने की दाल, चावल का पीठा आदि भी बनाकर आस-पडोस के व्रतियों को भोजन कराया। खरना के प्रसाद ग्रहण कर लेने के बाद व्रतधारियों का व्रत शुरु हो गया है, जोकि आगामी 31 अक्टूबर की प्रात: उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ संपन्न होगा। यह व्रत करीब 36 घंटे का निर्जल व्रत होगा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्वांचल मूल के लोग इस पर्व को पारस्परिक परंपरा के साथ मिलजुलकर मना रहे हैं।



गुरुग्राम में छठ पर्व को लेकर खरीदारी करती महिलाएं।

**सभी तैयारियां हो गई हैं पूरी :** शीतला माता मंदिर पार्किंग में स्वच्छ जल भरा जा चुका है। सूर्य भगवान की प्रतिमा भी स्थापित की जा चुकी है। सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां भी जारी हैं। मंच आदि की तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। इसी प्रकार सैक्टर 45 स्थित कन्हई गांव के तालाब को भी पानी से भरकर तैयार कर दिया है। सैक्टर 4, देवीलाल कालोनी, सैक्टर 3, 5, रेलवे रोड, सैक्टर 41, मारुति कुंज से लगते आधा दर्जन क्षेत्रों, सूरत नगर, राजेंद्रा पार्क, भीम नगर खेड़ी, गुड़गांव गांव, सिकंदरपुर, चकरपुर, बजीराबाद, मौंजीवाला कुंआ आदि क्षेत्रों में अस्थायी तालाबों का निर्माण कर उनमें स्वच्छ पानी भरा जा चुका है। व्रतधारी इन तालाबों व सरोवरों में खड़े होकर सूर्य की उपासना कर अर्ध्य देंगे। कई सोसायटी में भी घाट बनाए गए हैं।

# मिशन पिंक हेल्थ के तहत 250 बच्चों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच

### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से मनाया गया अंतर राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहे मिशन पिंक हेल्थ के तहत गुरुग्राम शाखा द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह 14-15 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया गया। गुरुग्राम के सेक्टर-4 के आर्य समाज श्रद्धानंदपुरम में गरीब बच्चों के लिए चलाए जा रहे स्कूल के 250 बच्चों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच मिशन पिंक हेल्थ गुरुग्राम के चिकित्सकों द्वारा की गई। इस आयोजन में शहर की जानी-मानी समाज सेवी संस्था लायंस क्लब गुड़गांव सिटी का पूरा सहयोग रहा।



गुरुग्राम में आईएमए की ओर से अंतर राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ मौजूद अतिथि।

आईएपी हरियाणा के प्रधान डॉ. अजय अरोड़ ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में छोटे बच्चों, विशेषकर लड़कियों से संबंधित स्वास्थ्य चिंताओं को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मिशन पिंक हेल्थ की गुड़गांव शाखा की प्रधान डॉ. सविता चौधरी, सचिव डॉ. रीमा गोयल, आईएमए गुड़गांव के प्रधान डॉ. एनपीएस वर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेमलता, नेत्र चिकित्सक डॉ. कपिल मिड्ढा, डॉ. बालूजा, डॉ. सारिका वर्मा, डॉ. हर्षा, डॉ. अनु सिदाना ने अलग-अलग विषय पर बच्चों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं और उनके निदान की जानकारी दी। डॉ. अजय अरोड़ा ने टीकाकरण, डॉ. मिड्ढा ने आंखों की देखभाल, डॉ. प्रेमलता ने शरीर में आयरन की कमी, डॉ. सारिका ने प्रदूषण और पयाज़्वरण संरक्षण, डॉ. एनपीएस वर्मा ने कान, नाक, गले की देखभाल जैसे विषयों की जानकारी बच्चों को दी।

कार्यक्रम के अंत में लायंस क्लब गुड़गांव सिटी की ओर से 250 बच्चों को पौष्टिक आहार के पैकेट वितरित किए गए। जिसमें क्लब के प्रधान क्लब प्रमोद, सलूजा, कोषाध्यक्ष अमिताभ गुप्ता, वरिष्ठ समाज सेवी एवं पूर्व आईआरएस लायन अनुराग बक्शी, लायन, अनिल वधवा, योगेश जोशी, नरेद्र यादव, श्रवण गुप्ता, ने भाग लिया। सभी ने इस सुंदर और सफल आयोजन के लिए आर्य समाज सेक्टर-4 के प्रधान नरवीर चौधरी, मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश कालड़ा का आभार और धन्यवाद प्रकट किया। वरिष्ठ शिक्षाविद् पीएन मोंगिया ने भी बच्चों को अच्छे संस्कार अपनाने की नसीहत दी।

# आदित्य धनखड़ आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के पुत्र समाजसेवी आदित्य धनखड़ को हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें हरियाणा की तरफ से आईस स्केटिंग ईवेंट के लिए खेलो इंडिया अभियान का सह-प्रभारी भी बनाया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ ने दी।

धनखड़ की यह नियुक्ति आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ ने हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के पूर्व महासचिव बिजेन्द्र सिंह लोहान की अनुशंसा पर प्रदान की है। भाजपा नेता आदित्य धनखड़ ने उनकी इस नियुक्ति पर हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के पूर्व महासचिव बिजेन्द्र सिंह लोहान, आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ एवं दूसरे पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा है कि एसोसिएशन ने जो भरोसा व विश्वास उन पर जताया है, वो उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और वे प्रदेश के सभी जिलों में सामान्य स्केटिंग के खिलाड़ियों व कोच को इस खेल से जोड़कर उन्हें ओलम्पिक खेल से जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव में किसी भी प्रतिभावान खिलाड़ी को सुविधाओं की कमी ना हो, इसके लिए वे गरीब व जरुरतमंद होनहार खिलाड़ियों की वे हर संभव मदद भी करेंगे। श्री धनखड़ के अनुसार आइस स्केटिंग एक ओलम्पिक खेल है और इसे भारत सरकार द्वारा ग्रेडेशन की मान्यता है। उन्होंने कहा कि इस खेल से जहां युवाओं का स्वास्थ्य ठीक रहेगा, वहीं उन्हें सरकारी नौकरियों में भी वरियता मिलेगी।

### ओलम्पिक में मेडल जीतने को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है खाका

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 30 अक्टूबर, 2022



# ...जब पुलिसकर्मी ने फेंकने शुरू कर दिए नारियल

कविता। फरीदाबाद

त्योहारी सीजन में सड़कों पर जाम लगना शुरू हो जाता है। ऐसे में पुलिस द्वारा जाम खुलवाने के लिए कभी-कभी रौद्र रूप भी धारण कर लिया जाता है। ऐसा ही नजारा सेक्टर-तीन नहर में देखने को मिला। जहां एक पुलिसकर्मी ने छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाले नारियल बेच रही एक महिला को रेहड़ी न हटाने पर उसके नरियलों को सड़क पर फेंकना शुरू कर दिया। तीन नारियल फैंकने के बाद पुलिसकर्मी का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उसने

## बाद में रेहड़ी की फोटो लेकर चालान की धमकी शुरू कर दी

महिला की रेहड़ी समेत वीडियो और फोटो लेनी शुरू कर दी और चालान काटने की धमकी दी।

**सड़क पर फैंक दिए नारियल:** सेक्टर-तीन नहर किनारे लगे बाजार में सेक्टर-आठ और तीन को जा रही सड़क के किनारे एक महिला को नारियल बेचना भारी पड़ गया। मौके पर दो पुलिसकर्मी थे। जिसमें से एक पुलिसकर्मी ने महिला को



महिला की रेहड़ी से उठाकर नारियल को सड़क पर फेंकता पुलिसकर्मी, हैरान होकर देखते वाहन चालक और लोग।

पहले तो रेहड़ी हटाने को कहा, जब महिला को रेहड़ी हटाने में समय लगा तो महिला की रेहड़ी से पुलिसकर्मी ने नरियल उठा लिया और उसे सड़क पर फैंक दिया। पुलिस कर्मी की हरकत देखकर उस दौरान वहां से गुजर रहे वाहन चालक डर गए। उन्हें लगा कि पुलिसकर्मी उनके ऊपर तो नारियल नहीं फैंक रहा। सड़क पर फैंक कर मारे गए एक नरियल के टूटने से कुछ हिस्सा वहां से निकल रहे वाहनों पर भी जाकर लगा। इसके बाद भी रेहड़ी नहीं हटी तो पुलिसकर्मी ने दूसरा नरियल सड़क पर फैंक दिया। जब महिला ने कहा कि वह हटा रही है तो पुलिसकर्मी ने शांत होते हुए उसका फोटो और वीडियो बना कर उसे चालान काटने की धमकी दे दी।

**नहीं फैंकना था नारियल :** वहां से गुजर रहे लोगों ने जब पुलिसकर्मी के द्वारा नारियल फैंकते हुए देखा तो उनका कहना था कि पूजा सामग्री में इस्तेमाल किए जाने वाले नारियलों को सड़क पर नहीं फैंकना चाहिए था। पुलिसकर्मी द्वारा की गई। इस तरह कि हरकत अमानवीय है, क्योंकि पुलिसकर्मी द्वारा फैंके गए बचे हुए एक नारियल को महिला ने दोबारा रेहड़ी पर रख लिया। अब ऐसे में फैंके गए नरियल का इस्तेमाल पूजा में करना ठीक नहीं होगा। गरीब महिला की रेहड़ी पर इस तरह की हरकत पुलिस कर्मी को शोभा नहीं देती।

# पत्नी की गला दबाकर हत्या के बाद दो बच्चों संग आरोपी फरार

## परिवार के साथ दस साल से किराए के मकान में रह रहा था आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**गौंछी** इलाके के जीवन नगर भाग दो में रहने वाले एक व्यक्ति ने मारपीट करने के बाद अपनी पत्नी की चुन्नी से गला दबा कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने दो बच्चों को लेकर रात को ही मौके से फरार हो गया। सुबह पता चलने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मुजेसर में दर्ज मामले के मुताबिक सुंदर नामक व्यक्ति पिछले करीब दस साल से जीवन नगर भाग दो में स्थित सुनहरी लाल के मकान में किराए का कमरा लेकर 40 वर्षीय पत्नी अंजलि और दो बेटों के साथ रह रहा था। सुंदर शहर में ही मेहनत मजदूरी कर परिवार का गुजारा चला रहा था। बताया गया है कि अंजलि सुंदर की दूसरी पत्नी है। पहली पत्नी की मौत एक बेटे को जन्म देने के बाद करीब 10-11 साल पहले हो गई थी। जिसके बाद सुंदर ने अंजलि के साथ दूसरी शादी की थी। शादी बाद अंजलि ने भी एक बेटे को जन्म दिया था। बताया गया है कि पिछले कुछ समय से अंजलि और सुंदर के बीच अज्ञात कारणों को लेकर विवाद चल रहा था। जिसे लेकर दोनों के बीच आए दिन झगड़े भी होते रहते थे।

बताया गया है कि अन्य दिनों की तरह बीती शाम को भी सुंदर काम से घर लौट आया था। अनुमान है कि देर रात किसी बात को लेकर फिर सुंदर और अंजलि के बीच झगड़ा हुआ होगा। उसी दौरान सुंदर ने मारपीट करते हुए चुन्नी से अंजलि की गला दबाकर हत्या कर दी। जिसके बाद आरोपी अपने दोनों बेटों को साथ लेकर चुपचाप मौके से फरार हो गया। शनिवार सुबह सुंदर के कमरे का दरवाजा बंद देखकर आसपास रहने वाले लोगों को संदेह होने लगा। उन्होंने कमरे के सामने आकर आवाज भी लगाई। लेकिन कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने खिड़की से झांक देखा तो अंजलि बिस्तर पर पड़ी हुई थी।

मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। थोड़ी ही देर में थाना मुजेसर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान अपराध शाखा और एफएसएल टीम को भी जांच के लिए मौके पर बुलाया गया। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर कोई भी सुंदर अथवा अंजलि के परिजनों के बारे में नहीं बता पाया। पुलिस ने शव मोरचरी में रखवा दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# एक्यूआई 400 पहुंचने पर ग्रेप तीन लागू, बढ़ी पाबंदियां



जलता कूड़ा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दीवाली** पर पटाखे जलाने पर पाबंदी के बावजूद भी जिले में प्रदूषण के बढ़ने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले तीन दिनों के दौरान ही एयर क्वालिटी इंडेक्स में लगभग 154 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है।

तीन दिन से लगातार एयर क्वालिटी इंडेक्स बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से जारी एयर बुलेटिन के अनुसार शनिवार को फरीदाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 तक दर्ज किया गया। जिससे शनिवार को फरीदाबाद एक बार फिर से देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां पर एयर क्वालिटी इंडेक्स सामान्य से 8 गुना अधिक बना हुआ है। जिसे देखते हुए ग्रेप का तीसरा स्टेज लागू कर दिया और पाबंदियों को बढ़ा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक जिले में पिछले तीन दिनों से हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। शनिवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 तक पहुंच गया है। फिलहाल यह बहुत खराब श्रेणी में माना जाएगा। ग्रेप के तीसरे स्टेज में पबांदियां बढ़ा दी गई, जिसमें सड़कों पर सफाई करने वाली मशीनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के निर्देश है।

# 12 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

## राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के आपसी राजीनामे से होगा मामलों का निपटारा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सीजेएम सुकिर्ती गोयल।

**सीजेएम** कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने बताया कि अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 नवंबर को जिला फरीदाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के लिए वादीगण स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती गोयल ने आगे बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 नवंबर को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण/ केस न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों पक्षकारों की रजामंदी से अदालती विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। सुकिर्ती गोयल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं।

# 60 अवैध निर्माणों पर होगी तोड़फोड़ शुरू

**फरीदाबाद।** वन विभाग की ओर से अरावली फॉरेस्ट में बने करीब 60 अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ कार्रवाई शुरू की जाएगी। इनमें मकानों के साथ फार्म हाउस, बैंक्वेट हॉल व मैरिज गार्डन भी शामिल है।

इस बारे में जिला वन विभाग अधिकारी राजकुमार ने बताया कि अरावली श्रृंखलाओं के बीच बसी बस्तियों और अवैध रूप से बनाए गए फार्म हाउस संचालक को दिए नोटिस का समय समाप्त हो गया है। यहां जल्द तोड़फोड़ कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके लिए अवैध निर्माण की पहचान कर ली गई है।

# सराय ख्वाजा सरकारी स्कूल में पीटीएम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शिक्षा** विभाग के आदेशानुसार राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस व सैंट जॉन एम्बुलैंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंदर कुमार मनचंदा ने बताया की आज मेगा पीटीएम में बच्चों के माता पिता ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में अध्यापकों और कक्षा इंचार्ज से विस्तार से चर्चा की। मनचन्दा ने कहा कि अभिभावकों से आग्रह किया गया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान दें और विद्यालय में कक्षा कक्ष में करवाई जा रही पढ़ाई को अच्छी तरह से फोलो करें। अपने बच्चों की प्रगति पर निगरानी रखें। अब हाफ इयरली परीक्षाओं के उपरांत द्वितीय सत्र आरंभ हो चुका है। इसलिए अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय में भेजे, अनुपस्थित न होने दे। पढ़ाई में ध्यान केंद्रित रहे इसलिए बच्चों को सुबह जल्दी उठ कर योगाभ्यास और एक्सरसाइज व्यायाम आदि द्वारा दिन की शुरुआत करने के लिए प्रेरित करें, ऐसा करने से पढ़ाई में बेहतर परिणाम मिलेंगे।



# योगिता ने शाट पुट और पुनित ने दौड़ में जीता स्वर्ण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दूसरी नेशनल 23 साल एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में किया जा रहा है। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा की 18 महिला एथलीट और 92 पुरुष एथलीट खिलाड़ियों सहित कुल 110 एथलीट खिलाड़ियों का दल भाग लेगा।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि बिलासपुर ( छत्तीसगढ़ ) में हरियाणा राज्य के 110 एथलीट महिला एवं पुरुष



दोनों फोटो में बीच में योगिता और पुनित।

खिलाडी भाग ले रहे हैं और प्रतियोगिता के पहले दिन हरियाणा के एथलीट खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण पदक जीते। महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि चांग भिवानी निवासी योगिता ने शाट पुट इवेंट में 14 मीटर 90 सैंटीमीटर की बेहतरीन थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक विजेता योगिता के पिता अशोक कुमार ने बताया कि वह एक साधारण किसान हैं और योगिता की माता अंजू जे बी टी टीचर है। स्वर्ण पदक विजेता योगिता ने बताया कि उसने शाट पुट इवेंट का अभ्यास 2016 में शुरू किया और 2017 नेशनल चैंपियनशिप में पदक जीतकर हरियाणा राज्य को दिया। स्कूल गेम्स फैडरेशन आफ इंडिया के नेशनल इवेंट में नया नेशनल रिकार्ड बनाया। यूथ नेशनल में स्वर्ण और आल इंडिया यूनिवर्सिटी में भी स्वर्ण पदक विजेता बनकर गाँव, जिले और राज्य का नाम रोशन कर चुकी है। राजकुमार मिटान ने बताया कि 10 किलोमीटर दौड में पुनित यादव रेवाडी ने 29 मिनट 44 सेकेण्ड और 64 माइक्रोन का समय देकर एथलेटिक्स हरियाणा को स्वर्ण पदक प्रदान किया।

# थैम्बोलाइसिस से स्ट्रोक का कारगर इलाज : डॉ. गोयल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एसएसबी** हार्ट एवं मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की सीनियर चिकित्सक एवं एचओडी. डा. दिव्या गोयल ने कहा कि मौजूदा समय में स्ट्रोक के मामले निरंतर बढ़ रहे है, ऐसे में हमें सावधानी रखते हुए अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मरीज को स्ट्रोक आने के कारण दिमाग में खून जाना बंद हो जाता है, प्रत्येक छह सेकेंड में एक व्यक्ति स्ट्रोक से पीड़ित होता है।

वर्ल्ड स्ट्रोक डे के अवसर पर डा. दिव्या गोयल ने बताया कि स्ट्रोक की पहचान करना सरल है, जैसे मरीज का मुंह टेढा होना, बातचीत में अस्पष्टता, हाथ-पैरों में कमजोरी, चक्कर आना और उल्टी होना है। जब मरीज को स्ट्रोक आता है, तब ये चीजें अचानक से होने लगती है। डा. गोयल ने बताया कि स्ट्रोक आने पर मरीज को चार घण्टे के अंदर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में पहुंच जाना चाहिए, जिसमें वरिष्ठ विशेषज्ञ, सीटी स्कैन, एमआरआई, आईसीयू जैसी सुविधाएं हो, तो मरीज को थैम्बोलाइसिस तकनीक द्वारा पूर्ण रूप से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि थैम्बोलाइसिस तकनीक में एंजाइम द्वारा रक्त में मौजूद थक्के को पतला किया जाता है, रक्त के पतला होने से वह आसानी से दिमाग की धमनियों में पहुंचने लगता है, लेकिन इस प्रक्रिया के लिए आपको जल्द से जल्द मरीज को अस्पताल पहुंचाना चाहिए, जिससे मरीज को पैरालिसिस होने से बचाया जा सके।

यदि मरीज अस्पताल में देर से पहुंचता है तो अन्य तरीजों से मरीज का इलाज भी संभव है। उन्होंने स्ट्रोक के प्रमुख कारणों के बारे में बताया कि ज्यादा बीपी, ज्यादा कोलेस्ट्रोल, मोटापा, मधुमेह, स्ट्रेस एवं धूम्रपान है,



एसएसबी अस्पताल में मरीज को चेक करती डाक्टर दिव्या गोयल।

शारीरिक व्यायाम और सही खान से हम, स्ट्रोक होने से बच सकते है। डा. दिव्या गोयल ने बताया कि स्ट्रोक एक खतरनाक बीमारी है, इससे जीवन भर की अपंगता या मृत्यु भी हो सकती है। इस वर्ल्ड स्ट्रोक डे के अवसर पर मैं यह कहना चाहती हूं कि आप स्ट्रोक के प्रति जागरूक रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहे। उल्लेखनीय है कि एसएसबी अस्पताल में मस्तिष्क रोग से जुड़ी सभी बीमारियों एवं सर्जरी के संपूर्ण इलाज की आधुनिक सुविधाएं चौबीस घण्टे उपलब्ध है, यहां पर स्ट्रोक के पीड़ित हजारों मरीजों का सफल इलाज हो चुका है।

# पुलिस लाइन और साइबर सेल के बीच क्रिकेट मैच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा निर्देशों के तहत झंडा दिवस के अवसर पर फरीदाबाद पुलिस लाइन सेक्टर 30 में एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण व वेलफेयर इंचार्ज नवीन कुमार ने अपनी मौजूदगी में पुलिस लाइन और साइबर सेल पुलिस टीम के बीच क्रिकेट मैच कराया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार पुलिस झंडा दिवस फरीदाबाद पुलिस द्वारा 21 से 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न एक्टिविटी जैसे कि साइबर जागरूक, शहीद जवानों को याद करना, खेल खिलाकर, खेल की भावना को प्रोत्साहित करना इत्यादि इसी के चलते आज पुलिस लाइन सेक्टर 30 में एसीपी क्राइम की मौजूदगी में पुलिस लाइन सेक्टर 30 और साइबर सेल की टीम के बीच एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस लाइन की टीम ने 4 खोकर 113 रन बनाए। साइबर सेल की टीम पीछा करते हुए 101 रन बनाकर आल आउट हुई जिसे हार का मुंह देखना पड़ा। दोनों टीमों ने बहुत अच्छा खेला स्वस्थ्य खेल भावना का परिचय दिया। पुलिस लाइन की टीम की तरफ से बल्लेबाज यस ने 52 रन का सर्वाधिक स्कोर बनाया जिसके लिए उसे



सेक्टर 30 पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति डे के अवसर पर आयोजित क्रिकेट मैच में भाग लेती टीमें।

मैन ऑफ द मैच दिया गया तथा साथ ही जीतने वाली टीम को इनाम दिए गए। एसीपी क्राइम ब्रांच ने इस मौके पर बताया कि खेल आपके शरीर के साथ-साथ आपके दिमाग को भी तंदुरुस्त रखता है।

आजकल की नौजवान पीढ़ी स्टेडियम में खेलने की बजाए फोन में ही गेम्स खेलते रहते हैं। जिसकी वजह से उनमें आलस्य बढ़ता है और ग्राउंड से दूरियां बढ़ती जाती है। युवा शारीरिक एक्सरसाइज से लगातार दूर होते जा रहे हैं और फोन चलाने में इतना व्यस्त हो चुके हैं कि उन्हें इस बात का ध्यान ही नहीं है कि उन्हें भविष्य में इसके कितने गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। एक समय सीमा में फोन का उपयोग करना फायदेमंद हो सकता है परंतु आजकल युवाओं का ज्यादातर समय गेम्स, व्हाट्सएप, फेसबुक और यूट्यूब पर बीत जाता है। इसकी वजह से उनकी आंखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

# संक्षिप्त समाचार

## बेटियों को लाडली सम्मान से किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान द्वारा सीनियर सेकेंडरी स्कूल इन्द्रा नगर में 21 होनहार लाडलियों को अच्छे अंक लाने पर लाडली होनहार सम्मान से सम्मनित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने की, आयोजन स्कूल के बीओ मनोज मित्तल ने की तथा मंच संचालन अध्यापक राकेश शास्त्री ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वासुदेव अरोड़ा ने कहा कि आज देश में लाडलियां हर क्षेत्र में आगे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा ने कहा कि जिस घर पर भगवान खुश होते हैं। इन 21 लाडलियों को लाडली होनहार सम्मान से सम्मानित किया गया वाणी रावल, आरती, आकांशा, अंजली कुमारी, अंजली शर्मा, आरती, हरशिता यादव, ज्योति, महिरा, नेहा,निधा, नेहा, पिंकी, नेहा, रिया, समरीन, सपना, सोनम और तुलसी शामिल हैं। अंत में बीओ मनोज मित्तल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर सरपरस्त यशपाल भल्ला, चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा व जगजीत कौर, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा, राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद, बीओ मनोज मित्तल, राष्ट्रीय महासचिव शीतल लूथरा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रजत लाम्बा, नीलम खत्री, मयूर सिंह, मनजीत सिंह, कुलदीप सिंह, ए. बावा, निर्मल कौर, चन्द्रपाल, प्रीतम, विनोद कुमार और भाटिया उपस्थित रहे।

## मानव सेवा समिति द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति अपने नए मानव भवन निर्माण में मदद के लिए 24 दिसंबर से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन श्रीनीलकंठ महादेव मंदिर सेक्टर 8 में आयोजित करेगी। शनिवार को कथा की प्रबंध व्यवस्था व रूपरेखा तय करने के लिए समिति के कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चेयरमैन अरुण बजाज, महासचिव सुरेन्द्र जग्गा, मुख्य सलाहकार प्रेम पसरीजा, कार्यक्रम मुख्य संयोजक रांतिदेव गुप्ता, उपाध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा, रोशनलाल बोरड, अरुण आहूजा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गोयनका,चेयरमैन प्रोजेक्ट अमर बंसल, संयोजक धार्मिक सेल धर्मवीर गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी राज राठी, सुनीता बंसल, रमा सरना, महेंद्र सर्राफ, राधेश्याम अग्रवाल, विष्णु खाटूवाला, बांकेलाल सितोनी, प्रदीप टिबड़ेवाल, अनिल गर्ग, राजेन्द्र बंसल, सुष्मिता, संघमित्रा कौशिक, विजेंद्र गर्ग, रघुबीर सिंह आदि ने भाग लेकर सहयोग प्रदान किया।

## डीसी ने दी छट की बधाई और शुभकामनाएं

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने जिलावासियों को छट पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। धनतेरस से ही दीपावली के पर्व के साथ अन्य पंच त्यौहारों का शुभारंभ होता है। डीसी विक्रम सिंह ने छट पर्व पर जिला वासियों के नाम पर जारी अपने शुभकामना संदेश में कहा कि त्योहार जिला वासियों के जीवन में अपार खुशियां, समृद्धि व खुशहाली लेकर आए। इसलिए जनहित तथा पर्यावरण हित में छट पर आतिशबाजी न छोड़ें और इस पर्व को हर्ष व उल्लास के साथ खुशी से मनाएं।

## महिला का थ्रोम्बोलिसिस प्रक्रिया से किया सफल इलाज

**फरीदाबाद।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल फरीदाबाद के डॉक्टरों ने स्ट्रोक पीड़ित 47 वर्षीय महिला का सफल उपचार किया है। डॉ कुणाल बहरानी, डायरेक्टर ऑफ न्यूरोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, फरीदाबाद के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने इस मरीज के इलाज के लिए चुनौतीपूर्ण थ्रोम्बोलिसिस प्रक्रिया को अंजाम दिया। चार दिन के बाद ही मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। थ्रोम्बोलिसिस प्रक्रिया में, जिसे फाइब्रीनोलिटिक थेरेपी भी कहा जाता है। दवाओं की मदद से रक्त के थक्कों को घुलाया जाता है। डॉ कुणाल बहरानी, डायरेक्टर ऑफ न्यूरोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल ने बताया, मरीज को काफी नाजुक अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया था। हालांकि मरीज़ को पहले से किसी प्रकार का रोग नहीं था, उसके बावजूद 47 वर्ष की उम्र में उन्हें स्ट्रोक हुआ। हमने मरीज का तुरंत थ्रोम्बोलिसिस प्रक्रिया से उपचार करने का फैसला किया क्योंकि वे गोल्डन पीरियड (लक्षणों के दिखायी देने के 4 घंटे के भीतर) में अस्पताल में आयी थीं। डॉ कुणाल ने कहा, जहां पहले ऐसा माना जाता है कि स्ट्रोक सिर्फ बुजुर्गों को अपना शिकार बनाने वाला रोग है, वहीं हाल के वर्षों में स्ट्रोक के 10-15% मामले 40 वर्ष से कम आयुवर्ग के लोगों में भी दिखायी दिए हैं। स्ट्रोक से बचाव के लिए सेहतमंद जीवनशैली को अपनाना जरूरी है।

## डीजीपी और सीपी ने किया पुलिस कर्मियों का किया धन्यवाद

**फरीदाबाद।** शहर में 27 और 28 अक्टूबर को वीवीआईपी मूवमेंट शांतिपूर्वक तरीके से पूर्ण होने पर पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल तथा फरीदाबाद पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने सभी पुलिसकर्मियों का धन्यवाद करते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वीवीआईपी मूवमेंट में फरीदाबाद के साथ-साथ अन्य जिलों से भी भारी मात्रा में पुलिस फोर्स यहां पर आई हुई थी। वीवीआईपी मूवमेंट में पुलिसकर्मियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के उचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाते हैं ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो। इसके लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा काफी दिनों की कड़ी मशक्कत करके इस कार्यक्रम की योजना तैयार की गई जिसके तहत सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए रोडमैप तैयार किया गया। पुलिसकर्मियों ने 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहकर फरीदाबाद में सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किया जिसके चलते वीवीआइपी कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल ने सभी पुलिसकर्मियों के नाम संदेश देते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों ने बहुत ही सतर्कतापूर्वक कार्य करते हुए इस कार्यक्रम को संपन्न करवाया है। इसके पीछे पुलिस कर्मियों की कड़ी मेहनत है जिन्होंने दिन रात ड्यूटी करते हुए शहर की सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखा। वहीं पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने भी सभी पुलिसकर्मियों का धन्यवाद करते हुए उन्हें वीवीआईपी ड्यूटी से मुक्त किया और कहा कि पुलिसकर्मियों ने दीपावली के अवसर पर अपने परिजनों से दूर रहकर फरीदाबाद में ड्यूटी के दौरान पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया तथा इस कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और उसे बखूबी अच्छे से निभाया जिसके लिए वह पुलिस कर्मियों की सराहना करते हैं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## इंटरलॉकिंग टाइल लगाने के कार्य का हुआ शुभारंभ

**फरीदाबाद।** वार्ड नम्बर 10 बी ब्लॉक सामुदायिक केन्द्र के सामने जिला योजना के तहत आज 9 लाख 90 हजार की लागत से इंटरलॉकिंग टाईल लगाने के कार्य का भाजपा मण्डल अध्यक्ष कविन्द्र चौधरी ने क्षेत्रवासियों से करवाया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष कविन्द्र चौधरी ने बताया कि केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से आज यह कार्य 9 लाख 90 हजार की लागत से शुरू किया गया है। इस कार्य जल्द से जल्द पूरा होगा। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर निर्वतमान पार्षद ममता चौधरी ने केन्द्रीय राज्य मंत्री से मिलकर इस कार्य के लिए फंड की मांग की थी। जिसके बाद केन्द्रीय राज्य मंत्री ने वार्ड नम्बर-10 में कई विकास कार्य मंजूर किए उनमें से एक यह भी कार्य है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा मण्डल अध्यक्ष कविंद्र चौधरी, पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर पं. मुकेश शर्मा, आरडब्ल्यूए के प्रधान राकेश खटाना, सुरेश चंद पाठक, दिनेश राघव, राजोरा जी, डॉक्टर नागर, प्रवेश मलिक, सरदार अवतार सिंह, राजकुमार, टीकम पण्डित, अशोक भटेजा, पंडित मनिदत्त, पण्डित गंगा दत्त, योगिन्दर वर्मा, सब्बिर खान, एममता झा, झांसी राम, चंद्र मोहन शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में वार्ड नम्बर-10 के लोग उपस्थित रहे।

# छठ महापर्व: 'खरना' के साथ 36 घंटे का व्रत शुरू

**छठ पूजा में दूसरे दिन को 'खरना' के नाम से जाना जाता है, इस दिन व्रती पूरे दिन का उपवास रखती हैं खरना का मतलब होता है, शुद्धिकरण और शाम होने पर गुड़ की खीर का प्रसाद बना कर व्रती महिलाएं पूजा करने के बाद अपने दिन भर का उपवास खोलती हैं**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**लोक** आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत 28 अक्तूबर से हो गई है। आज छठ पूजा का दूसरा दिन है। इसे खरना, शुद्धिकरण भी कहा जाता है। महिलाओं ने आज सुबह तीन बजे व्रत की शुरुआत की। कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाई जाएगी। श्रद्धालु साक्षात देव भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने की गुहार लगाएंगे। 28 को नहाय खाय के साथ महापर्व का श्रीगणेश हुआ। 30 को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। 31 अक्तूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा।

काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य ज्योतिषाचार्य पं. दीपक मालवीय ने बताया कि छठ पर्व की शुरुआत 28 अक्तूबर को चतुर्थी तिथि में नहाय खाय से हो गई है। 29 अक्तूबर यानी पंचमी तिथि यानि आज महिलाएं खरना किया। इस दिन सुबह से लेकर शाम तक महिलाएं व्रत रखती हैं और सूर्यास्त के बाद मीठा भात या लौकी की खिचड़ी खाकर व्रत खोलती हैं। तीसरे दिन 30 अक्तूबर को षष्ठी पर्व पर व्रत रखने वाले सायंकाल गंगा तट पर या किसी जल वाले स्थान पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। दूसरे दिन भोर में 31 अक्तूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत को पूर्ण किया जाएगा। पं. मालवीय ने बताया कि षष्ठी तिथि 30 अक्तूबर को प्रात: काल 5.49 बजे लग रही है जो 31 अक्तूबर को प्रात: काल 3.27 बजे तक रहेगी। 30 अक्तूबर को सूर्यास्त शाम को 5.38 बजे होगा और 31 अक्तूबर को सूर्योदय प्रात: 6.32 बजे होगा। अरुणोदय काल में दूसरे अर्घ्य के बाद व्रत का पारण होगा।

छठ पूजा में दूसरे दिन को 'खरना' के नाम से जाना जाता है। इस दिन व्रती पूरे दिन का उपवास रखती हैं। खरना का मतलब होता है, शुद्धिकरण। खरना के दिन शाम होने पर गुड़ की खीर का प्रसाद बना कर व्रती महिलाएं पूजा करने के बाद अपने दिन भर का उपवास खोलती हैं। फिर इस प्रसाद को सभी में बाँट दिया जाता है। इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। इस दिन प्रसाद बनाने के लिए नए मिट्टी के चूल्हे और आम की लकड़ी का प्रयोग करना शुभ माना जाता है। तीसरे दिन शाम के समय डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है, जिसकी वजह से इसे 卐संध्या अर्घ्य卐 कहा जाता है। इस दिन व्रती महिलाएं भोर में सूर्य निकलने से पहले रात को रखा मिश्री-पानी पीती हैं। उसके बाद अगले दिन अंतिम अर्घ्य देने के बाद ही पानी पीना होता है। संध्या अर्घ्य के दिन विशेष प्रकार का पकवान 'ठेकुवा' और मौसमी फल सूर्य देव को चढ़ाए जाते हैं, और उन्हें दूध और जल से अर्घ्य दिया जाता है। इस साल 31 अक्टूबर को संध्या अर्घ्य दिया जायेगा।

## मूर्ति विसर्जन के जुलूस में अभद्रता के मामले में उप निरीक्षक निलंबित

### दो आरक्षी लाइन हाजिर किए गए

**बस्ती।** बस्ती जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र में लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान पुलिसकर्मियों के खिलाफ अभद्रता करने का आरोप लगाकर पूजा समिति के सदस्यों ने हंगामा किया। पुलिस अधीक्षक ने मामले का संज्ञान लेते हुए एक उप निरीक्षक (दरोगा) को निलंबित करने के साथ ही दो आरक्षियों को लाइन हाजिर (पुलिस लाइन से सम्बद्ध) कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बस्ती के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशीष श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि आज तत्काल प्रभाव से उप निरीक्षक दिवाकर यादव को निलंबित कर दिया गया है और दो आरक्षियों अभिजीत सिंह तथा अमरनाथ यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। उन्होंने बताया कि मामले की विभागीय जांच क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद को सौंपी गई है। सूत्रों ने बताया कि बस्ती जिले के मुंडेरवा कस्बे में शुक्रवार रात मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस की अभद्रता से नाराज पूजा समिति के लोगों ने जमकर बवाल काटा, गुस्साए लोग दरोगा के खिलाफ कार्वाई की मांग करने लगे। पूजा समिति के लोगों ने आरोप लगाया कि मूर्ति विसर्जन से पहले हो रही आरती के दौरान दरोगा के इशारे पर पुलिस ने जुलूस में शामिल ट्रैक्टर चालक और अन्य लोगों पर लाठियां चलाईं और जनरेटर को जबरदस्ती हटाने लगे। इस दौरान जनरेटर की ट्राली के पहिए से एक बच्ची का पैर कुचल गया। इसके बाद नाराज लोगों ने हंगामा किया। माहौल खराब होते देख अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी तथा क्षेत्राधिकारी (नगर) आलोक प्रसाद सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब डेढ़ घंटे तक चले जद्दोजहद के बाद एएसपी द्वारा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्वाई के आश्वासन देने पर लोग शांत हुए। इसके बाद लोगों ने नदी में मूर्तियों का विसर्जन किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शुक्रवार की रात मूर्ति विसर्जन के दौरान लोगों ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया और विसर्जन रोक दिया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान ट्रैक्टर में लगे एक जनरेटर का पहिया एक बच्ची के ऊपर चढ़ गया और वह घायल हो गई थी।श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को बातचीत से सामान्य किया तथा मूर्ति विसर्जन संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि मौके पर पूरी तरह शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## मेरठ में धर्म परिवर्तन के आरोप में तीन महिलाओं समेत चार गिरफ्तार

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में धर्म परिवर्तन के आरोप में नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद तीन महिलाओं समेत चार लोंगो को गिरफ्तार किया गया है और मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी।

मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि धर्म परिवर्तन को लेकर पुलिस को शिकायत मिली थी, जिसकी जांच का जिम्मा पुलिस क्षेत्राधिकारी, ब्रह्मपुरी को दिया गया था। सजवाण ने बताया कि उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना ब्रह्मपुरी में तीन महिलाओं समेत नौ लोगों को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन्होंने शनिवार शाम बताया कि इस मामले में तीन महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी के मुताबिक उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म समपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनयम, 2021 के तहत वांछित प्रेमा, तितली उर्फ सुनिता एवं रीना समेत कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। शिकायत मंगतपुरम बस्ती के कुछ व्यक्तियों ने दर्ज कराई थी।पुलिस ने बताया कि शिकायकर्ताओं के अनुसार कुछ लोगों ने क्षेत्र में रहने वाले गरीबों को कोरोना वायरस महामारी के दौरान कुछ वित्तीय सहायता दी थी और बाद में आरोपियों ने इन लोगों पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ताओं के अनुसार, आरोपी मंगतपुरम कॉलोनी के लोगों के घरों से हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीर भी बाहर फेंक रहे हैं। विरोध करने पर अथवा घटना की शिकायत किसी अधिकारी से करने पर आरोपी चाकू-डंडे लेकर घर आकर जान से मारने की धमकी देते हैं। हालांकि शिकायत में इस बात का कोई जिक्र नहीं है कि कुल कितने लोंगो का धर्म परिवर्तन कराया गया है। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेता दीपक शर्मा का कहना है कि मंगतपुरम बस्ती में रहने वाले 100 से ज्यादा लोगों का धर्म परिवर्तन कराया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, यह काम पिछले तीन साल से चल रहा है। महामारी के समय में बस्ती के लोगों को राशन और पैसा देकर धर्म परिवर्तन के लिए तैयार किया गया था। अब बाकी लोगों पर भी दबाव बनाया जा रहा है और धमकी दी जा रही है। प्राथमिकी में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध सपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3, 5(1) के तहत छबीली उर्फ शिव, बिनवा, अनिल, सरदार, निक्कू, बसंत, प्रेमा, तितली और रीना के नाम हैं। एसएसपी के अनुसार अब तक की जांच में यही पता चला है कि इस इलाके में अधिकांश दलित समुदाय के लोग रहते हैं।

## आपका सेवक आपके द्वार के तहत विधायक पहुंचे जनता के दरबार में



**बाँदा।** आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने वार्ड 16 देव नगर झील के पुरवा के अन्तर्गत मोहल्ला सर्वोदय नगर, जवाहर नगर एवं शुकुल कुआॅ का भ्रम!ा किया। इस दौरान विधायक ने में विभिन्न नव निर्माण सीसी रोडों का लोकार्पण किया गया और वार्ड नं0 16 देव नगर झील का पुरवा में संगठनात्मक बैठक में हिस्सा लिया तथा वार्ड में भ्रमण कर आवष्यक विकास कार्यो के विषय में नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की। प्रकाश द्विवेदी ने वार्ड वासियों की मॉग परए जल्द ही यहॉ की विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था दुरस्त कराने का आष्वासन दिया। इस अवसर ब्लाक प्रमुख बड़ोखर स्वर्ण सिंह सोनू ने भी पूरे कार्यक्रम में शिरकत कीपर जिला मंत्री पंकज रैकवारए पुष्कर द्विवेदी जीए रजत सेठ जीए नगर अध्यक्ष राजेष गुप्ताए सन्तोष राजपूतए ज्ञान प्रताप ज्ञानूए राहुल सिंह सहित समस्त कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## महिला चिकित्सक के हत्यारोपी को आजीवन कारावास

**मथुरा।** जिले की एक अदालत ने चार वर्ष पूर्व एक महिला चिकित्सक की हत्या के दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने लूट के इरादे से महिला के घर में दिनदहाड़े घुसकर घटना को अंजाम दिया था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) सुभाष चंद्र चतुर्वेदी ने शनिवार को बताया कि मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश नीरू शर्मा ने दोनों पक्षों के गवाहों की गवाही एवं पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाते हुए दोषी को आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। घटना का ब्यौरा देते हुए चतुर्वेदी ने बताया कि 13 जुलाई, 2018 को राधापुरम एस्टेट निवासी डॉ. संजीव कुमार की फिजियोथेरेपिस्ट पत्नी डॉ. खुशबू अग्रवाल की गला काटकर हत्या कर दी गई थी।

## नकली नोट बनाने वाले पांच आरोपी पकड़े

**आगरा।** आगरा के थाना सदर पुलिस ने नकली नोट बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करते हुए पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे आठ हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों से नकली नोट बनाने का सामान और प्रिंटर सहित अन्य सामान बरामद किया है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी (सदर) अर्चना सिंह ने बताया कि आरोपी त्योहारी सीजन का फायदा उठाते हुए नकली नोटों को दुकानों और शराब के ठेकों पर खपा रहे थे। उन्होंने बताया कि से 200 और 500 रुपए के नकली नोट तैयार करते थे। उन्होंने बताया कि इस गिरोह का सरगना शमशाबाद निवासी अवधेश है और नकली नोट बनाने के आरोप में उसे 2019 में एसटीएफ ने पकड़ा था।

## बाघ के हमले से एक व्यक्ति की जान गई

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के महेशपुर वन परिक्षेत्र में हैदराबाद थानान्तर्गत बकरगंज गांव निवासी एक व्यक्ति की बाघ के हमले में मौत हो गई। वन विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण खीरी वन संभाग के महेशपुर वन क्षेत्र में शनिवार को एक बाघ के हमले में हैदराबाद थाना क्षेत्र के बकरगंज गांव निवासी वीरपाल (40) की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि वीरपाल अपने घरेलू मवेशियों के लिए चारा लेने गन्ने के खेत में गया था, तभी खेत में छिपे बाघ ने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि आसपास के खेतों में काम कर रहे अन्य किसान उसे बचाने के लिए दौड़े, जिसके बाद बाघ घने खेतों में से भाग गया, ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल वीरपाल को गोला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। संभागीय वन अधिकारी (डीएफओ), दक्षिण खीरी संजय बिस्वाल ने अपने फील्ड स्टाफ के साथ घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। बिस्वाल ने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बिस्वाल ने कहा कि हमला करने वाले बाघ को वापस जंगल में भेजने के लिए तलाशी टीमों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि बाघों और तेंदुए आदि लगातार गतिविधियों की नियमित रूप से सूचना दी गई थी, जिसके कारण ग्रामीणों को अपने खेतों में जाने या काम करने के दौरान अत्यधिक सतर्क रहने के लिए कहा गया था।

**ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक समेत दो लोगों की मौत:** प्रतापगढ़, 2 मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर उदयपुर थाना क्षेत्र के भगवानदीन का पुरवा नरवल गांव के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गया और उसके नीचे दबकर चालक समेत दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) रोहित मिश्रा ने बताया कि उदयपुर थाना क्षेत्र के भगवानदीन का पुरवा नरवल गांव के पास शुक्रवार रात खेत की जुताई कर वापस लौट रहे ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट जाने के कारण चालक वीरेंद्र यादव (21) और ट्रैक्टर मालिक लवकुश यादव (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। मिश्रा के मुताबिक, दोनों घायलों को स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

**भदोही पूजा पंडाल में आग से झुलसी एक और महिला की मौत, मरने वालों की संख्या 17 हुई:** भदोही। औराई थाना इलाके के नरथुआ गांव में दो अक्टूबर को दुर्गा पूजा पंडाल में लगी आग लगने से झुलसी एक महिला की शनिवार को मौत हो गई, जिससे इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 17 हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नरथुआ गांव के पूजा पंडाल में आग लगने से अब तक कुल 17 लोगों की मौत हो चुकी है।

## कमिश्नर और डीएम ने चैराहे के सौन्दर्यीकरण और निर्माण कार्यों का गहन निरीक्षण किया



**बांदा।** मण्डलायुक्तए आरपीसिंह एवं जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने आज महाराणा प्रताप चैराहे के सौन्दर्यीकरण एवं निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने महाराणा प्रताप चैराहे के सौन्दर्यीकरण एवं निर्माणाधीन कार्य को शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी आवश्यक कार्यों को अतिशीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने चैराहे पर सड़क को चैड़ा करते हुए समुचित लाइट आदि की व्यवस्था भी कराये जाने के निर्देश दिये।

## शीतला घाट पर स्नान के दौरान किशोर डूबा

**वाराणसी।** दशाश्वमेध थाना क्षेत्र के शीतला घाट पर शनिवार की सुबह स्नान के दौरान किशोर डूब गया। दो अन्य को मल्लाहों ने डूबने से बचाया। परिजनों के संग स्नान को आए किशोर की जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें खोजबीन कर रही है।चौकाघाट के जयकाली नगर कालोनी निवासी आर्यन (13) अपने परिजनों के संग शीतला घाट भ्रमण पर आया था। परिवार के अन्य दो सदस्य के संग आर्यन नहाने गंगा में उतर गया। इस बीच तीनों डूबने लगे। शोर मचाने पर मल्लाहों ने दो सदस्यों को बचाया जबकि आर्यन डूब गया। सूचना पर दशाश्वमेध पुलिस, एनडीआरएफ और जल पुलिस गोताखोरों संग खोजबीन कर रही है। उधर, परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## फसलों के नुकसान की सर्वे रिपोर्ट तलब

### आयुक्त ने बाढ़ अतिवृष्टि की आपदा से निपटने के लिए बचाव और राहत कार्य की समीक्षा की



**बाँदा।** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल आर पी सिंह की अध्यक्षता में मंत्री समूह के माह अगस्त. सितंबर. 2022 में जनपद भ्रमण के उपरांत मुख्यमंत्री के कार्यालय से प्राप्त निरीक्षण टिप्पणी पर कार्यवाही एवं बाढ़ अतिवृष्टि की आपदा से निपटने हेतु बचाव और राहत कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा ने सभी अधिकारियों से कहा कि मंत्री समूह ने जो गत माहों में बैठक व निरीक्षण किया था उसमें टिप्पणी शासन द्वारा दी गई थी उन बिंदुओं पर आज बैठक कर चर्चा हुई कहा कि मंत्री समूह द्वारा प्रतिमाह बैठक तथा निरीक्षण किया जाएगा उसको देखते हुए जो अपेक्षाएं की जाती है तो सभी संबंधित विभाग पूर्ण अवश्य करें अनुपालन अवश्य कराया जाए क्योंकि वह निरीक्षण करके मुख्यमंत्री को उपलब्ध कराते हैं उन्हीं बिंदुओं पर शासन स्तर से समीक्षा की जाती है सभी विभाग विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारीए मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी से अवश्य कराएं उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराया जाए जनपद चित्रकूट आकांक्षी जनपद है इसको देखते हुए सभी विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। पर्यटन विकास पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से कहा कि मंदाकिनी गंगा के पुनरुद्धार तथा साफ सफाई एवं सुंदरीकरण आदि बिंदुओं पर प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए अब पहले जैसा चित्रकूट नहीं रहा पर्यटन विकास के काफी कार्य हुए हैं पर्यटन विकास के लिए शासन पर धन की कमी नहीं है अच्छे प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजकर धन की मांग कर पर्यटन विकास कराया जाएए जल जीवन मिशन के कार्यों पर परियोजना प्रबंधक जल निगम से कहा कि शासन से जो समय सीमा कार्यों की तय किया गया उसी के अनुसार कार्य को पूर्ण कराकर गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए जो कंपनी सही कार्य समय पर न कराए तो उसे ब्लैक लिस्ट की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कहा कि सभी गोवंश की जियो टैगिंग तत्काल कराएं तथा सड़कों पर पशु नहीं घूमना चाहिए। ऑपरेशन कायाकल्प पर जिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालयों पर ऑपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स पर ग्राम पंचायत मनरेगा व विद्यालय की कम्पोजिट ग्रांट से कार्य कराया जा रहा है इसके साथ ही नीति आयोग की धनराशि से विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की भी व्यवस्था की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि एक जनपद में स्वरोजगार मेला भी लगाया जाए जो अच्छे प्रोडक्ट हैं उनके लिए कलेक्ट्रेट व विकास भवन में जगह देकर बिक्री कराकर अभिनव प्रयोग कराया जाए।

## पत्नी-सास के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाई, सास की मौत

**सहारनपुर।** जिले के थाना जनकपुरी इलाके में एक युवक ने शनिवार को अपनी पत्नी और सास के उपर कथित रूप से पेट्रोल छिडक कर उन्हें आग के हवाले कर दिया, जिससे इस घटना में तीनों झुलस गए और सास की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों को झुलसी अवस्था मे जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान सास ने दम तोड़ दिया। सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि शामली निवासी नितिन (26) राजमिस्त्री का काम करता है। उसकी ससुराल थाना जनकपुरी के अन्तर्गत गढीमलूक में है। उन्होंने बताया कि नितिन की पत्नी रीतिका (22) का नितिन से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिसके बाद वह 15 दिनों से मायके में रह रही थी।

## नए अभियान से लोगों से जुड़ने का विशेष प्रयत्न

**वाराणसी।** बिजली के सामान बनाने वाली देश की अग्रणी कंपनी पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड (पीआईएल) ने अपने नवीनतम टेलीविजन विज्ञापन के साथ देश में केबल और तारों से संबंधित परिदृश्य को पूरी तरह बदलने के लिए कमर कस ली है। अपने नवीनतम एड कैम्पेन में कंपनी ने पॉलीकैब ग्रीन वायर के उपयोग की वकालत की है, ताकि लोग अपने को पहले से अधिक सुरक्षित अनुभव कर सकें। इस अभियान के साथ कंपनी लोगों के दिल को छू लेने वाली मानवीय कहानियों को प्रदर्शित करते हुए, उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले तारों की गुणवत्ता पर अतिरिक्त ध्यान देने के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रही है।

## बच्चों को टेक्नोलॉजी से जोड़ने की कोशिश

**आगरा।** इनड्राइव द्वारा शुरू किए गए सोशल एजुकेशनल प्रोग्राम बिगिन आईटी ने आगरा में ग्रामीण स्कूलों के बच्चों के लिए एक दिवसीय इंर्फोमेशन टेक्नोलॉजी स्किल वर्कशॉप का आयोजन किया। वर्कशॉप का लक्ष्य बच्चों को फोर व्हील रोबोटिक्स के विभिन्न मेकेनिज्म और उनकी प्रोग्रामिंग के बारे में सिखाना था।इनड्राइव साउथ एशिया पीआर मैनेजर पवित नंदा आनंद ने कहा कि हमारे बिगिन आईटी प्रोजेक्ट के माध्यम से हम बच्चों को टेक्नोलॉजी से जोड़ने की कोशिश करते हैं ताकि उनकी समस्या सुलझाने की (प्रॉब्लम सॉल्विंग) स्किल को प्रोत्साहित किया जा सके और उन्हें भविष्य के लिए तैयार किया जा सके। आज बिगिन आईटी ने दुनिया भर के 15 देशों के 1300 से अधिक पार्टिसिपेंट्स के साथ जुड़ा हुआ है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 30 अक्टूबर, 2022




## दुबले होते मंत्री

उत्तर प्रदेश में योगी राज में एक मंत्री बड़े चिंतित हैं और उनकी चिंता इस बात को लेकर है कि अगले साल अंतरराष्ट्रीय स्तर का होने जा रहा निवेश सम्मेलन कहीं उनके हाथ से फिसल न जाए। वह यूं क्योंकि उनके विभाग के अधिकारी मंत्री महोदय को पीछे छोड़ कर सीधे महाराज जी से संपर्क में हैं और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को उत्तर प्रदेश में लाने के लिए अधिकारी सीधे महाराज जी से ही कंपनी के प्रतिनिधियों को मिलवा रहे हैं जबकि उन्होंने विभाग के मंत्री जी को नजरअंदाज कर दिया है। अब इस संबंध में जो मीटिंग महाराज जी लेते हैं उसमें विभाग के मंत्री को कम तवज्जो मिलती है और सारी जानकारी और आंकड़े विभाग के अधिकारी महाराज जी को देते हैं और समझाते हैं कि इवेंट कैसे होगा इतना बड़ा। अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन लखनऊ में हो रहा है ऐसे में मंत्री जी इस पूरे कार्यक्रम का श्रेय खुद ही लेना चाहते हैं लेकिन इस कार्यक्रम की कमान स्वयं महाराज जी ने संभाली है इसलिए वह स्वयं ही पूरे इवेंट को लेकर सजगता के साथ पूरी तैयारी में जुटे हुए हैं। अब बेचारे मंत्री जी भी अधिकारियों की हां में हां मिलाते हैं और अपना कोई सुझाव या मशवरा नहीं दे पाते हैं

## अंजामे गुलिस्तां....



वाह रे मंत्री जी। विभाग में करोड़ों के वारे न्यारे हो गए। मंत्री जी को होश ही नहीं। मंत्री जी से जानकारी लेने पर व्यवहार तो ऐसा रहा जैसे किसी गुल्लक से दो चार रुपया इधर उधर हो गया हो। गलती मंत्री जी की भी नहीं है। उन्हें ऐसा विभाग मिल गया है कि वह समझे ही नहीं पा रहे हैं कि कहां पैसा है और कहां खेती बारी। इससे पहले तो उनके पास प्रदूषण था। उन्हें प्रदूषण में ही जबरदस्त हरियाली दिखती थी लेकिन जब से मंत्री जी के पास यह सहकारिता विभाग आया है तब से मंत्री जी को यहां का गुणा गणित कुछ समझ में नहीं आ रहा। मंत्री जी विभाग को समझने की भरसक कोशिश कर रहे हैं लेकिन करें क्या। विभाग में ऐसे हरफनमौला बैठे हैं जो मंत्री जी के कान में जूं तक नहीं रेंगने देते और करोड़ों का वारा न्यारा कर जाते हैं। ऐसी स्थिति में मंत्री का खमोश बुत बने रहना स्वाभाविक है। कुल मिलाकर इस विभाग पर एक ही कहावत सटीक बैठ रही है। बर्बाद गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफी है। हर शाख पे उल्लू बैठे हैं अंजाम ऐ गुलिस्तां क्या होगा।




## केंद्र का ग्रहण



कोरोना के चलते गाड़ी को पटरी पर लाने के लिए संस्थान की तरफ से जल्दी जल्दी परीक्षाएं कराने के बावजूद सत्र पिछड़ने के कगार पर आ गया है। इसके पीछे सीयूईटी जिम्मेदार है। दरअसल इस सत्र से केंद्र की तरफ से सभी सेंट्रल यूनिवर्सिटी को अम्ब्रेला के नीचे लाने के लिए एक ही परीक्षा कराई गई थी। इस परीक्षा के चलते सूबे की सभी यूनिवर्सिटी का सत्र पटरी से उतर चुका है। जब जब डेट बढ़ी तब तब यहां के राज्य विश्वविद्यालयों को डेट बढ़ानी पड़ी। जिसका नतीजा है कि गाड़ी बुरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। वैसे भी यूनिवर्सिटी तो केवल एडमिशन और परीक्षा के लिए जानी जाती है। अभी विश्वविद्यालयों में एडमिशन का दौर जारी है। ऐसे में पढ़ाई कब और कितने दिन की होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सेमेस्टर सिस्टम के चलते देखे तो दिसम्बर के अंत या मकर संक्रांति तक पहले सेमेस्टर की परीक्षा होनी चाहिए। छात्रों को कुल मिलाकर केवल दो माह का समय ही मिलेगा तैयारी के लिए। अब ऐसे में उसे केंद्र का ग्रहण न कहे तो क्या कहें।

## बेकार कवायद

राजधानी में कूड़े का निस्तारण करने में नगर निगम डेढ़ सौ करोड़ रुपए खर्च कर चुका है लेकिन शहर में कूड़े के ढ़ेर जहां तहां दिख जाते हैं। कूड़ा मुक्त शहर बनाने के लिए नगर निगम के आला अफसरों ने काफी जोर आजमाइश की लेकिन सब बेकार गया। इन हालातों पर काबू पाने के लिए महिला दबंग अधिकारी ने सीधे अधिकारियों को ट्रेलर दिया कि कूड़ा मिलने पर सफाई कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। इसके बाद अफसर सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के साथ कूड़ा एकत्र न हो इसके प्रबंधन में जुट गए। लेकिन कुछ हफ्तों में ही व्यवस्था पुराने ढर्रे पर आ गयी। न सुधरने की कसम जो खा चुके हैं सफाई अधिकारी। मड़ियांव, इंदिरानगर के तकरोही में कूड़े के ढेर खड़े मिले। बेचारे! अपर नगर अधिकारी के आदेश के बाद भी दबंग महिला अधिकारी की डॉट और चेतावनी सुनना पड़ा। पर सुधार तब भी नहीं हुआ।

## गुप्त सोर्स

बीते कई दशकों से शहर के एक स्वयंभू यौन रोग विशेषज्ञ धड़ल्ले से गुप्त रोगों के ज्ञाता बनकर इलाज के नाम पर लाखों के वारे न्यारे कर रहे हैं। उनके खिलाफ कई बार सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों ने आवाज उठाई लेकिन कार्रवाई आज तक नहीं हो सकी। उनकी दुकान आज भी पूरी तरह से गुलजार है। गुप्त रोगों का इलाज करने वाले इन स्वयंभू यौन विशेषज्ञ के पुलिस-प्रशासन और स्वास्थ्य महकमे से भी इतने मजबूत 'गुप्त' संबंध हैं कि जब कार्रवाई के लिए दबाव पड़ता है तो सभी जिम्मेदार महकमे टाल मटोल करते नजर आते हैं। यही नजारा इस समय भी देखने को मिल रहा है। इस बार एक एक्टिविस्ट ने उनके खिलाफ भगवा सरकार के मुखिया के शिकायत प्रकोष्ठ में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। ऊपर से कार्रवाई के लिए आदेश तो जरूर हुआ लेकिन हर बार की तरह इस बार भी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है। स्वास्थ्य महकमे ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वह आयुर्वेदिक विधा के पंजीकृत डाक्टर हैं। उनसे अपनी होर्डिंग्स से यौन रोग विशेषज्ञ शब्द हटाने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। उनकी क्लीनिक से औषधि के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। वहीं पुलिस ने स्वास्थ्य महकमे से भी चार कदम आगे बढ़कर अपने 'गुप्त' संबंधों को निभाते हुए रिपोर्ट दी है कि उनके कार्यालय में जाकर जांच की गई। उनके स्टाफ को निदेर्शित कर दिया गया है कि बोर्ड और होर्डिंग्स में जो विवादित शब्द लिखे हैं उन्हें हटा लिया जाए। उन्होंने इसके लिए आश्वासन भी दिया है लिहाजा पुलिस के स्तर पर किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं है। पुलिस महकमे का कहना है कि इस संबंध में अपनी रिपोर्ट उसने स्वाथ्य महकमे को भेज दी है। उन्हें अगर कोई कार्रवाई करनी है तो वह कर सकते हैं।

# स्वच्छ व सुरक्षित छठ के संदेश के अनुरूप किए जाएं सभी प्रबंध

## सीएम योगी ने की छठ पर्व की तैयारियों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 30 व 31 अक्टूबर को लोक आस्था का महापर्व छठ मनाया जाना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में इस पर्व की विशिष्ट परम्परा रही है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि सभी व्रतधारी श्रद्धालुजनों को अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि पर्व का आयोजन सुचारु रूप से सम्पन्न हो। इस वर्ष स्वच्छ और सुरक्षित छठ के संदेश के अनुरूप लोगों की जरूरत के अनुसार सभी प्रबन्ध किए जाएं।

मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर आगामी छठ पर्व की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि छठ महापर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सपरिवार सहभागिता होती है। ऐसे में नदी घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल सहित जनसुविधाओं के व्यवस्थित प्रबन्ध किए जाएं। स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ के अवसर पर अस्ताचलगामी सूर्य और उदित होते सूर्य को अर्घ्य देने की परम्परा है। नदी घाटों के आस-पास पर्याप्त प्रकाश प्रबन्ध होना चाहिए। पर्व के अवसर पर निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाए। नदी की गहराई के अनुसार सुरक्षित क्षेत्र का चिन्हांकन किया जाए। छठ घाटों के पास स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। यहां डेंगू, बुखार व विभिन्न जल जनित बीमारियों की जांच की व्यवस्था होनी चाहिए। व्रतधारी माताएं ठंडे पानी में देर तक खड़ी रहती हैं। ऐसे में किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक चिकित्सा का समुचित प्रबन्ध किया जाए। सीएम ने कहा कि जिन नदी, तालाब व अन्य जलाशयों पर छठ पूजन की परम्परा है वहां पानी की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। सुरक्षा के दृष्टिगत पूजन स्थल पर पुलिस की उपस्थिति रहे। महिला पुलिस की भी तैनाती की जाए। कुछ पुरुष पुलिस को सादी वर्दी में भी तैनात किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि हर प्रमुख स्थल जहां छठ पूजन होता है, वहां पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जागरूकता की व्यवस्था की जाए। कई बार छोटे बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ जाते हैं, ऐसे में एक हेल्पडेस्क की स्थापना भी की जाए। छठ पूजन के दौरान आतिशबाजी की परम्परा है। लोगों की आस्था का सम्मान करते हुए उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करें कि आतिशबाजी भीड़-भाड़ से दूर हो ताकि व्रत-पूजन सुचारू रूप से सम्पन्न हो। पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में लोगों को घर तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त बसें लगाई जाएं। दूसरे प्रदेशों से आ रहे लोगों के साथ प्रशासन व पुलिस के लोग सहयोगपूर्ण व्यवहार करें।

### मरीजों के साथ दुर्व्यवहार कतई स्वीकार नहीं होगा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा सुलभ कराने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। विगत कुछ दिनों से डेंगू व अन्य बीमारियों के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि अस्पताल में आने वाले हर मरीज को बेड मिले, उसकी विधिवत चिकित्सकीय जांच हो और समय पर इलाज किया जाए। हमारे सभी मेडिकल कॉलेजों सहित जिला अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी व अन्य उच्चस्तरीय संस्थान साधन संपन्न हैं। इसका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। मरीजों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जाएगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को उनके सरकारी आवास पर संगीतकार व गायक अनु मलिक ने शिष्टाचार भेंट की

# कांग्रेस के सभी छह प्रांतीय अध्यक्षों के कार्यक्षेत्र निर्धारित

- नसीमुद्दीन सिद्दीकी को मिला वेस्ट यूपी का जिम्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने नसीमुद्दीन सिद्दीकी सहित सभी छह प्रांतीय अध्यक्षों के कार्यक्षेत्र निर्धारित कर दिए हैं। प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष व विधायक विरेन्द्र चौधरी को जनपद सिद्धार्थनगर, महराजगंज, गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, देवरिया, बलिया, संतकबीरनगर, फैजाबाद तथा अम्बेड़करनगर का कार्यभार सौंपा गया है। प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय राय को जनपद वाराणसी, गाजीपुर, चन्दौली, जौनपुर, भदोही, मिर्जापुर, सोनभद्र, कौशाम्बी, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर का कार्यभार सौंपा गया है। प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, मेरठ, गौतमबुद्धनगर, बिजनौर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल का जिम्मा मिला है। प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित को जनपद मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, मैनपुरी, कासगंज, अलीगढ़, हाथरस, बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत तथा जनपद फर्रूखाबाद का कार्यभार सौपा गया। वहीं प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे को जनपद लखनऊ, उन्नाव, बहराइच, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोण्डा, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, रायबरेली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव को जनपद कानपुर, कानपुर देहात, कन्नौज, औरैया, जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, हमीरपुर व इटावा की जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

# छठ पूजा पर नदियों, सरोवरों व घाटों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम

- डीजीपी ने जल पुलिस, बाढ़ राहत व पुलिस के साथ ही गोताखोरों की समुचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** डीएस चौहान ने छठ पूजा पर्व के अवसर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों को जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि नदियों, सरोवरों व घाटों पर जल पुलिस, बाढ़ राहत व पुलिस के साथ ही गोताखोरों की भी समुचित व्यवस्था की जाए।

सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत उचित पुलिस प्रबन्ध, यातायात, पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आयोजकों से वार्ता कर समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में समुचित ब्रीफिंग भी कर ली जाए। नदियों, तालाबों, जलाशयों पर पर्याप्त प्रकाश व साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। महिला पुलिस कर्मियों की सादे वस्त्रों में भी ड्यूटी लगाई जाए तथा एन्टी रोमियो स्क्वायड व पिंक पेट्रोलिंग टीमों को सक्रिय करते हुए उनकी समुचित ब्रीफिंग की जाए। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर आवागमन के दृष्टिगत जीआरपी, आरपीएफ, रोडवेज के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी सुरक्षा यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाए। आवागमन के दृष्टिगत पूर्व से ही आवश्यक प्रबन्ध कर एक कार्य योजना बना ली जाए। पर्व के दृष्टिगत महत्वपूर्ण हाट स्पाट को चिन्हित करते हुए यूपी-112 के वाहनों का भी स्ट्रैटजिक प्लेसमेन्ट किया जाए। प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए विवादों का हल कराने के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। सोशल मीडिया की सघन मानिटरिंग की जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे ट्विटर,

### योगी व महाना ने छठ पर्व पर प्रदेशवासियों को दी हार्दिक बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने छठ पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। एक सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था का एक प्रमुख पर्व है। इस पर्व में आत्मिक शुद्धि और निर्मल मन से अस्ताचल और उदीयमान भगवान सूर्य की उपासना की जाती है। हमारे देश में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की समृद्ध परम्परा व संस्कृति है। प्रकृति के साथ मानव के जुड़ाव का सन्देश देने वाला छठ पर्व इसी समृद्ध परम्परा का जीवन्त उदाहरण है। सीएम ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए छठ पर्व मनाने की अपील की है। उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी छठ महापर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनकी सुख समृद्धि की कामना की है।

# सपा नेताओं के प्रति भाजपा का रवैया दुश्मनी जैसा: अखिलेश

- आजम खां को राजनीति में किनारे करने की साजिश भाजपा पर ही पड़ेगी भारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा जबसे सत्ता में आई है, विपक्ष के प्रति उसकी बदले की कार्रवाइयां थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन विपक्षी नेताओं की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाने का सिलसिला जारी है। समाजवादी पार्टी के नेताओं के प्रति भाजपा का रवैया दुश्मनी जैसा है। यह लोकतंत्र में अवांछनीय है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार के निशाने पर मुख्य रूप से समाजवादी नेता मोहम्मद आजम खां हैं जिन पर रोज फर्जी केस दर्ज किए जा रहे हैं और उन्हें हर तरह से परेशान किया जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि मोहम्मद आजम खां सामान्य व्यक्ति नहीं, वे रामपुर से 10 बार विधायक, तीन बार सांसद, राज्य सरकार में कई बार मंत्री, नेता विपक्ष भी रहे हैं। भाजपा ने उनको राजनीति में किनारे करने की जो साजिश की है, वह उन पर ही भारी पड़ेगी। राज्य की जनता भाजपा के अनैतिक आचरण को कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि मोहम्मद आजम खां भाजपा सरकार की आंखों में इसलिए खटकते हैं क्योंकि वे साम्प्रदायिक ताकतों के धुर विरोधी है और लोकतंत्र तथा समाजवाद के लिए प्रतिबद्ध हैं। रचनात्मक कार्यों में उनकी विशेष रूचि है।

### मौलाना साएम मेहंदी फिर बने शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष

**लखनऊ।** मौलाना साएम मेहंदी एक बार फिर शिया मुसलमानों के प्रमुख संगठन माने जाने वाले ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। बोर्ड के वरिष्ठ पदाधिकारी मौलाना एजाज अतहर ने बताया कि शनिवार को बोर्ड कार्यकारिणी की एक अहम बैठक में मौलाना मेहंदी को लगातार दूसरी बार बोर्ड का अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने बताया कि बैठक में कई मसलों पर विचार-विमर्श भी किया गया। बैठक के दौरान समान नागरिक संहिता का विरोध करते हुए कहा गया कि एक बहुभाषी और बहु सांस्कृतिक देश में ऐसा कोई भी कदम बिल्कुल भी सही नहीं होगा। मौलाना अतहर ने बताया कि बैठक में सऊदी अरब के जन्नतुल बकी में पैगंबर मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा की मजार खुले आसमान के नीचे होने का मामला भी उठाया। उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के क्रॉउन प्रिंस सलमान के सामने यह मुद्दा रखें।

महोबा के क्रशर व्यापारी की मौत का मामला

# निलंबित एसपी मणिलाल पाटीदार की 24 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**भ्रष्टाचार** निवारण अधिनियम के विशेष जज लोकेश वरुण ने महोबा के क्रशर व्यापारी इंद्रकांत से रंगदारी वसूलने व आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले मे निरुद्ध निलंबित एसपी मणिलाल पाटीदार का 24 घंटे के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर किया है।

उन्होंने यह आदेश इस मामले के विवेचक एडिशनल एसपी क्राइम प्रयागराज सतीश चंद्र की अर्जी पर दिया है। मुल्जिम पाटीदार की कस्टडी रिमांड 29 अक्टूबर की सांय छह बजे से शुरु होगी। उन्होंने इससे पहले विवेचक को जेल में पाटीदार का बयान दर्ज करने की इजाजत दी थी। सरकारी वकील अभय त्रिपाठी ने अर्जी पर बहस करते हुए कहा कि मुल्जिम पाटीदार से उसका व्यक्तिगत मोबाइल बरामद कराना है। बीते 15 अक्टूबर को इस मामले में पाटीदार ने आत्मसमर्पण किया था। जिसके बाद अदालत पाटीदार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। इस मामले में कबरई के बर्खास्त थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला के साथ ही सिपाही अरुण कुमार यादवए सुरेश सोनी व ब्रह्म दत्त तिवारी पहले से न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं।

### ट्विटर इंक को नोटिस जारी

**लखनऊ।** सिविल जज (जूडि) शोभित राय ने ट्विटर एकाउंट बहाल करने व क्षतिपूर्ति दिलाने के दीवानी मामले में ट्विटर इंक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। उन्होंने यह आदेश अमिताभ ठाकुर व डॉ नूतन ठाकुर की ओर से अलग अलग दाखिल वाद पर दिया है। वाद में कहा गया है कि ट्विटर ने यह कहते हुए इनका ट्विटर एकाउंट निलंबित कर दिया कि इनका एकाउंट निजी सूचनाओं को सार्वजनिक कर नियमों का उल्लघंन कर रहे हैं। बीते 11 अक्टूबर को उन्होंने इस पर ट्विटर को नोटिस दिया। इस नोटिस के बाद अमिताभ का एकाउंट बहाल कर दिया गया लेकिन नूतन का एकाउंट स्थाई रुप से निलंबित कर दिया गया।

# कृष्णमूर्ति ने यूपी की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने पर दिया प्रस्तुतीकरण

- उप्र मुख्य रूप से यूरोप और यूएसए से वैश्विक रक्षा निर्यात पर कब्जा कर सकता है

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने के विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया।

कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम ने बताया कि सभी परिदृश्यों में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी काफी हद तक सकारात्मक है। यूपी पहले से ही भारत में चमड़ा, खिलौने और कपड़ा निर्यात का एक प्रमुख केंद्र है। उत्तर प्रदेश मुख्य रूप से यूरोप और यूएसए से वैश्विक रक्षा निर्यात पर कब्जा कर सकता है। उन्होंने बताया कि भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था प्रगति की ओर अग्रसर है। ग्लोबल एण्ड टेक मार्केट में भारत प्रमुख होने जा रहा है। यूपी को दुनिया का डाटा स्टोरेज और प्रोसेसिंग हब बनने का लक्ष्य रखना चाहिए और नई औद्योगिक नीति में डेटा तथा डिजिटल स्टार्ट-अप से संबंधित व्यवसायों और डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता देनी चाहिये। स्टार्ट-अप के लिए व्यवसाय करने में आसान टेम्पलेट की आवश्यकता है। किसी भी उद्यम को स्टार्टअप के रूप में पहचाना जाना चाहिए और परेशानी मुक्त व्यवसाय प्रदान करना चाहिए। उन्होंने अर्थशास्त्री ब्लैंकार्ड का उदाहरण देते हुये कहा कि यदि सरकार द्वारा भुगतान की जाने वाली ब्याज दर विकास दर से कम है तो सरकार के सामने आने वाली इंटरटेम्पोरल बजट बाधा अब बाध्य नहीं होती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्टार्टअप्स के लिये ब्याज पर वित्त पोषण प्रदान करने से नवाचार और प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन मिलेगा। आईटी, पर्यटन, एमएसएमई, कृषि, शिक्षा, फूड प्रोसेसिंग जैसे विभिन्न सेक्टरों में विशेष ध्यान केन्द्रित कर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाने के लिये कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि अपनी क्षमता का पूरा लाभ उठाते हुए उत्तर प्रदेश देश के बहुआयामी विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश के समग्र विकास के लिए 10 सेक्टर बनाये गये हैं। हर सेक्टर के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक कार्ययोजना तय की गई है। कार्ययोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सतत मॉनीटरिंग भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवस्थापना सुविधाओं के विकास की गति जितनी तेज होगी, प्रदेश का विकास

भाजपा, सपा नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर

# महमूदाबाद में 68 व पहला में 67 बीडीसी ने किया मतदान

संवाददाता। सीतापुर

**महमूदाबाद और** पहला ब्लाकों में समाजवादी पार्टी के ब्लाक प्रमुखों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शनिवार को पूरी हो गई। बीडीसी सदस्यों की मीटिंग के बाद गुप्त मतदान हुआ और अविश्वास का फैंसला मतपेटियों में बंद हो गया। फिलहाल न्यायालय के अग्रिम आदेशों तक मतपेटियों को सीलकर ट्रेजरी कार्यालय में जमा किया जाना है। लिहाजा निर्णय की घोषणा नहीं की गई। दोनो ब्लाकों में सुबह से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई थी। शांतिपूर्ण तरीके से अविश्वास की प्रक्रिया को सम्पन्न करा लिया गया। महमूदाबाद और पहला ब्लाक में समाजवादी पार्टी का ब्लाक प्रमुख पदों पर कब्जा है। महमूदाबाद से मुकेश वर्मा और पहला से अजय यादव ब्लाक प्रमुख हैं। बीते दिनों हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी को अविश्वास प्रस्ताव पर मीटिंग और गुप्त मतदान सम्पन्न कराने का निर्देश दिया था। जिसके बाद डीएम ने शनिवार की तिथि निर्धारित की थी। शनिवार की सुबह 11 बजे से महमूदाबाद में एसडीएम बिसवां पीएल मौर्या तथा पहला में

## ●कोर्ट के अगले आदेशों तक नहीं होगी गिनती, डबल लॉक में मतपेटियां हुई बंद

एसडीएम महमूदाबाद मिथिलेश त्रिपाठी द्वारा बीडीसी सदस्यों की मीटिंग की गई। बैठक में महमूदाबाद में 68 तथा पहला में 67 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। दोपहर एक बजे से गुप्त मतदान की प्रक्रिया शुरू की गई। महमूदाबाद ब्लाक में 68 बीडीसी सदस्यों ने मतदान किया और पहला में 66 बीडीसी सदस्यों ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। पहला से मौजूदा प्रमुख अजय यादव ने मतदान नहीं किया। शाम 4 बजे मतदान का समय समाप्त होने के बाद मतपेटियों को न्यायालय के निर्देशानुसार सील करते हुए ट्रेजरी कार्यालय के लिये सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना किया गया।अविश्वास प्रस्ताव को लेकर महमूदाबाद व पहला ब्लाक में गहमा-गहमी और संवेदनशीलता को देखते हुए सीतापुर जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने अधीनस्थों के साथ पहला ब्लाक में निरीक्षण किया। जिलाधिकारी करीब 45 मिनट तक पहला ब्लाक में मौजूद रहे और पूरी व्यवस्था को देखकर जरूरी निर्देश दिये। डीएम-एसपी ने ब्लाक मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा। इस दौरान एडीएम रामभरत तिवारी, सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, एडिशनल एसपी एनपी सिंह, एसडीएम मिश्रिख अनिल कुमार, एडिशनल एसपी उत्तरी राजीव दीक्षित, सीओ सिधौली यादुवेन्द्र यादव, एसडीएम लहरपुर अनुपम मिश्र, सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद, सीओ बिसवां अभिशेक प्रताप अजेय भी मौजूद रहे।

### भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत, मौजूद रहे सांसद, विधायक

**पूरे जिले** में सपा के खाते में बची दो सीटों पर कमल खिलाने के लिये भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। सुबह से भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर चहलकदमी शुरू कर दी। कमान खुद सांसद राजेश वर्मा, विधायक आशा मौर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने संभाली। सभी ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक कर अविश्वास प्रस्ताव की चल रही प्रक्रिया पर नजर बनाये रखी। इस दौरान विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, विधायक सिधौली मनीष रावत, पूर्व विधायक सुनील वर्मा सहित कार्यकारिणी के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

### सपा ने भी सीट बचाने को लेकर प्रदेश स्तर तक की तैयारी

**समाजवादी पार्टी** अपनी सीटों को बचाने के लिये प्रदेश स्तर तक की तैयारी की थी। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर सपा का प्रतिनिधिमण्डल सुबह महमूदाबाद पहुँचा। जिनमें विधायक सदर सुरेश यादव, बाराबंकी जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा ने अविश्वास प्रक्रिया और गुप्त मतदान पर नजरें बनाए रखी। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, जयसिंह यादव सहित तमाम कार्यकर्ता समर्थक मौजूद रहे।

## बंटी ठाकुर बने उप्र व्यापारी सुरक्षा फोरम के महानगर युवा प्रभारी

**बरेली।** उ.प्र व्यापारी सुरक्षा फोरम बरेली की महानगर युवा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए महानगर युवा अध्यक्ष गौरव सक्सेना के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजसेवी बंटी ठाकुर जी को महानगर युवा प्रभारी नियुक्त किया गया । महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला जी व महानगर प्रभारी रोहित जिंदल जी ने अपनी संस्तुति परप्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक जी की अनुमति के साथ डी.डी पुरम स्तिथ महानगर कार्यालय पर मनोनयन पत्र देकर बंटी ठाकुर का फूल माला पहनाकर संगठन में स्वागत किया व आशा जताई की बंटी ठाकुर संगठन को पूरी मजबूती व गतिशीलता प्रदान करेंगे। साथ ही युवा अध्यक्ष गौरव सक्सेना ने युवा समाजसेवी शिवम् सक्सेना कोमहानगर युवा महामंत्री भी घोषित किया जिनका फूलमाला पहनाकर संगठन में स्वागत किया गया।युवा अध्यक्ष गौरव सक्सेना ने बताया की ज्यादा से ज्यादा युवायों को संगठन से जोड़ व्यापारी हित में सेवा करने केसंकल्प में निरंतर प्रयासरत रहेंगे और जल्द एक बड़ा कार्यक्रम भी करेंगे।

## क्विक न्यूज

### सनातन धर्म की रक्षा व प्रचार दोनों ही आवश्यक : आचार्य महामंडलेश्वर

**बरेली ।** आचार्य महामंडलेश्वर के पद पर पट्टा अभिषेक होने के बाद श्री श्री 1008 कैलाशानंद गिरि जी महाराज के प्रथम बार बरेली आगमन पर होटल ओबराय आनंद के वॉलरूम हॉल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता से पहले आचार्य महामंडलेश्वर का बरेली में जोर शोर से स्वागत हुआ। यही नही कैलाशानंद गिरि जी महाराज ने विभिन्न कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया तथा खेलकूद की एकल अभ्युदय योजना के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भी उपस्थित रहे। होटल ओबराय आनंद में प्रेस वार्ता में पत्रकारों के सवालों पर बोलते हुए उन्होने कहा कि देश में सनातन धर्म की रक्षा करना एवं उसका प्रचार करना बहुत जरूरी है। ज्ञानवापी के सवाल पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि साक्ष्य कोर्ट में दिए जा चुके हैं, कोर्ट जरूर हमारे पक्ष में फैसला देगा स उन्होंने कहा सनातन धर्म के सनातन गुरुओं को सनातन अनुयायियों को बल मिल रहा है, धर्म का राजा धर्म की रक्षा कर रहा है। देश के बड़े बड़े पीठ काशी विश्वनाथ, बद्रीनाथ, केदारनाथ वन्य का जीर्णोद्धार हो रहा है स बरेली आगमन पर उन्होंने कहा कि बरेली नाथों की नगरी है, बरेली के 9 नाथ है, जिसके नाथ स्वयं भगवान शिव है, उन्हीं की मंगल कामना से आज मैं उच्च स्थान तक पहुंच पाया स एक सवाल का जवाव देते हुए उन्होने कहा कि लगभग 6 साल बाद मैं बरेली आया हूं पहले एक 22 साल की उम्र में आया था और उसके बाद निरंजन पीठाधीश्वर होने के बाद 6 साल बाद जब मैं बरेली आया तो बरेली की रंगत देख कर दिल खुश हो गया। पत्रकारों के पूछने पर बरेली को आप किस स्तर पर देखना चाहते हैं उन्होंने कहा कि मैं बरेली को विश्व स्तर पर देखना चाहता हूं स श्री श्री 1008 कैलाशानंद गिरि जी महाराज 28 तारीख से 30 अक्टूबर तक बरेली धर्म कांटा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर आश्रम में प्रवास करेंगे स प्रेस वार्ता के अवसर पर डॉ अनिल शर्मा, महापौर डॉ उमेश गौतम, अजय राज शर्मा,मुकेश तिवारी,विमल पांडेय, विभु शर्मा, ध्रुव चतुर्वेदी, सुभाष पांडेय, धीरज पाण्डेय ,अमित चौधरी, संदीप बत्रा, दीपक सिंह व अन्य समानित गण उपस्थित रहे।

### धूमधाम से निकली कलश यात्रा, हरिद्वार से पहुंचे मुक्ता नन्द बापू जी ब्रह्मचारी महाराज

**बरेली ।** थाना प्रेम नगर क्षेत्र काली मंदिर से निकली भव्य कलश शोभायात्रा , इस कलश शोभा यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। यह भव्य कलश शोभायात्रा प्रेम नगर रोड काली मंदिर से शुरू होकर थाना प्रेम नगर, गंगापुर चौराहा , मजदूरों अड्डा , आलमगिरीगंज , कुतुबखाना , कोहाड़ापीर , प्रेम नगर धर्म कांटा , टिबरी नाथ होते हुए यज्ञ स्थल मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। अजयानंद महाराज जी ने बताया कि 51 कुंडीय यज्ञ करने का मुख्य कारण भयंकर बीमारियों से हमारे समाज को सुरक्षित रखना एवं कोरोना नामक बीमारी में मारे गए नागरिकों की आत्मा की शांति हेतु हवन करना है जिससे वातावरण भी शुद्ध हो।हरिद्वार से पहुचे मुक्ता नन्द बापू जी ब्रह्मचारी महाराज ने बताया बरेली में श्री हनुमान जी गायत्री मन्दिर श्री पंच अग्नि अखाड़े का स्थान जो है इनके माध्यम से और सारे हिन्दू समाज और सारे भाबी जनों के सहयोग से ये महालक्ष्मी यज्ञ 51 कुंड यज्ञ का आयोजन अजयानन्द जी महाराज कर रहे है ।

### राष्ट्रीय अखण्डता दिवस के रूप मनाया जाएगा लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस

**बरेली।** मुख्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेश ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर, 2022 को ''राष्ट्रीय अखण्डता दिवस'' के रूप मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय एकता पर आधारित शपथ को पढ़ा जाए। उन्होंने कहा कि एकता अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए पुलिस, पी0ए0सी0, एन0सी0सी0 कैडेट तथा अन्य सुरक्षा बलों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा तथा खेल विभाग के सहयोग से प्रत्येक जनपद में कम से कम 100 एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समस्त कारागारों में दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 को राष्ट्रीय एकता को केन्द्र में रखते हुए कैदियों के मध्य विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जीवनी, कार्य एवं दर्शन पर आधारित क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त विजेताओं को पुरस्कार राशि दी जाएगी। प्रतियोगिता की नियम व शर्तें माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित की जाएगी।

लखीमपुर की गोला विधानसभा का उपचुनाव

# केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर का कार्यकर्ताओं, प्रधानों ने किया स्वागत

संवाददाता। सीतापुर



**कमलापुर के** छोटा चौराहे पर केंद्रीय राज्य मंत्री मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर का गोला उपचुनाव प्रचार में जाते समय मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं शिक्षक प्रेरकों ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रधान ग्राम पंचायत पतारा कला नफीस अहमद, सुनील कुमार, वेद सिंह, अनुराग जयसवाल, पंकज सिह, अभय कुमार पांडेय, विकास निगम, पंकज सिंह, बबलू, मनोज जायसवाल, ज्ञानेन्द्र धनगर, पिंटू, गोल्डी ,अशोक सिंह, डा. बंगाली सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर लखीमपुर खीरी के गोला में हो रहे उपचुनाव में जाते समय केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर का हरगांव ब्लाक के ग्राम प्रधानों ने आदर्श ढाबा पर स्वागत किया। प्रधानों ने केन्द्रीय मंत्री को हरगांव ब्लाक में खंड विकास अधिकारी के संरक्षण में चल रहे भारी भरकम कमीशन के बारे में भी जानकारी दी। जिस पर मंत्री ने प्रधानों से अपनी समस्याओं को लिखित रूप से दिए जाने को कहा। प्रधानों ने हरगांव प्रधान संघ के पैड पर लिखित समस्या केन्द्रीय मंत्री को देने की बात कही है। इस दौरान कैलाश सिंह, शेरा सिंह, अमरजीत सिंह उर्फ बाटू सिंह, अनुपम सिंह, जीत पाल सिंह, एकलाख प्रधान नौव्वा, निर्मल जीत राज, कुलविन्दर सिंह, अमित मिश्र, आलोक सिंह, जीत पाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीतापुर की 46 रासायनिक दुकानों पर कृषि विभाग की टीम का छापा

संवाददाता। सीतापुर



**जिलाधिकारी** अनुज सिंह के निर्देश पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने सीतापुर जिले की सभी तहसीलों में संचालित रसायनियक उर्वरको की निजी व सहकारी दुकानों का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों के मिलान के साथ स्टाक की जानकारी ली गई। कृषि विभाग की इस छापेमार कार्रवाई से खाद विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार, जिला कृषि रक्षाधिकारी शिवशंकर और भूमि सरंक्षण अधिकारी आर.के. यादव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ तहसील सीतापुर, महोली, सिधौली, लहरपुर आदि में संचालित खाद की 46 दुकानों, कंपनी के बफर गोदाम आदि पर छापे मारे, जिसमें से 5 उर्वरकों के नमूने संग्रहित किए। खाद की 4 दुकानों ओंम सांई टेड्डर्स गांधी नगर सिधौली, वंशवार खाद भंडार लहरपुर, पांडेय खाद भंडार केसरीगंज लहरपुर व न्यू जनता खाद भंडार जहागीराबाद बिसवां को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा समस्त फुटकर खाद विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि खाद की बिक्री पॉश मशीन से की जाए और पॉश मशीन में प्रदर्शित हो रहे स्टाक एवं प्रतिष्ठान में उपलब्ध उर्वरको में कोई भिन्नता न पायी जाए, दोनो का स्टाक समान रूप से एक ही होना चाहिए तथा निर्धारित दर पर ही उर्वरक की बिक्री की जाए। यदि उक्त निर्देशों का पालन खाद विक्रेताओं द्वारा नहीं किया जाता है तो उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत दूसरा घायल



**मोहम्मदी-खीरी।** 15 वर्ष के प्रियांशु शुक्ला निवासी विलहरा अपना खेत जोत कर घर वापस जा रहे थे तभी एक खाई में ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर में रोटावेटर भी लगा था। जैसे ही ट्रैक्टर पलटा प्रियांशु शुक्ला और राज तिवारी ट्रैक्टर के नीचे दब गए। तत्काल मौके पर पहुंचे परिवार या गांव के लोगों ने मोहम्मदी अस्पताल लाया गया जहां पर प्रियांशु शुक्ला मृत घोषित किए गए। वहीं राजू तिवारी का सघन इलाज जारी है। सूचना पर

## ● पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा लखीमपुर

पुलिस बल भी अस्पताल पहुंचा जिसने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेजा है। मृतक के परिवार में रो-रो कर बुरा हाल है जिसने भी इस घटना को सुना उसकी आंखें नम हो गयी।

# कटान की चपेट से कैरातीपुरवा गांव को बचाने को प्रशासन ने शुरू किए प्रयास

## ● बाढ़ खंड ने ट्री-स्पर्स डालकर शुरू कराया आपातकालीन कटान निरोधी कार्य

संवाददाता । लखीमपुर खीरी



**खीरी जिले** की सुदूरवर्ती तहसील धौराहरा के कैरातीपुरवा गांव में कटान की सूचना पर प्रशासन हरकत में आ गया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर खीरी ज़िले में बाढ़ग्रस्त गांवो को कटान से बचाने, प्रभावितों तक राहत पहुंचाने में प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा। बाढ़ एवं कटान का दंश झेलने वाले इलाकों में प्रशासन न केवल भ्रमणशील है बल्कि हर संभव राहत पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।धौराहरा तहसील के ग्राम कैरातीपुरवा गांव कटान की चपेट में ना आए, इसके लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के बाढ़खंड के अभियंताओं ने स्थानीय प्रशासन से न केवल मंथन किया बल्कि तत्काल ट्री-स्पर्स डालकर आपातकालीन कटान निरोधी कार्य भी शुरू कराया। वही प्रशासनिक अमला व बाढ़ डिवीजन के अभियंता मुस्तैद रहकर हर गतिविधि पर पूरी नजर बनाए हुए है। प्रशासन द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा कि गांव को कटान से बचाया जा सके।

## चार किसानों पर जुर्माना

**मोहम्मदी-खीरी।** ब्लाक मोहम्मदी के मूड़ा निजाम गांव में उपजिलाधिकारी और तहसीलदार के निरीक्षण के दौरान इन लोगों द्वारा 04 व्यक्तियों द्वारा पराली जलाऐ जाने की सूचना पर मुड़ा निजाम गांव के कबीर खां गांव पर 5000 रूपये, फिरोज खां पर 5000 रूपये, शिक्षामित्र पर 2500 तथा संजय 2500 का अर्थ दंड लगाया गया। सभी से मौके पर जुर्माना वसूला गया। उसके उपरांत बैठक आयोजित कर पराली न जलाऐ जाने का संदेश दिया गया। बैठक में तहसीलदार सहित गांव के लोग मौजूद रहे। मोहम्मदी के मूड़ानिजाम में पराली जलाने में जिम्मेदारों के चेहरे सामने आए हैं जिनको बार-बार अधिकारियों ने चेताया भी और अपने अपने गाव की जिम्मेदारी भी दी। उसमें मूड़ानिजाम के प्रधान परिवार के सजय कोटेदार कबीर खां एक और फिरोज खां शिक्षामित्र का चेहरा सामने आया है जिस पर उपजिलाधिकारी ने कड़ा निर्णय लेते हुए जुर्माना लगाया और वसूला भी गया है।

# मुड़ानिजाम में जिम्मेदारों ने जलाई पराली एसडीएम के दौरे में खुली कलई, जुर्माना

## ● कोटेदार, शिक्षामित्र प्रधान के नातेदार ने जलाई पराली

## ●एसडीएम ने वसूला जुर्माना

संवाददाता लखीमपुर खीरी



**मोहम्मदी** में शनिवार को एसडीएम पंकज श्रीवास्तव ने पराली जागरूकता अभियान के क्रम में अचानक मूड़ा निजाम पहुंचे, जहां उन्होंने गांव के तीन जिम्मेदारों पराली जलाने पर अनुमन्य अर्थदंड लगाया।

एसडीएम के निरीक्षण में ग्राम मूड़ा निजाम में उचित दर विक्रेता कबीर खान व शिक्षामित्र फिरोज खान पर पराली जलाने पर पांच-पांच हजार का अर्थदंड लगाया। ग्राम प्रधान के पारिवारिक सदस्य संजय पुत्र रमेश पर रुपए 2500 का अर्थदंड लगाया। एसडीएम पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि पराली ना जलाने के संबंध में इतनी जागरुकता के बावजूद ग्राम मूड़ा निजाम में जान बूझकर पराली जलाई। बल्कि प्रशासन की ओर से प्रधान, कोटेदार आदि को जागरूक करने का जिम्मा सौपते हुए चौपाल लगाने, जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई। फिर भी इन लोगों द्वारा पराली जान बूझकर पराली जलाई गई। इसीलिए इन लोगो पर 12500 का अर्थ दंड न केवल लगाया बल्कि इसे वसूल भी किया।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली-एनसीआर...

जबकि पीएम10 का स्तर 24 घंटे में औसत 457 और अधिकतम 500 तक पहुंच गया। इसी प्रकार आईजीआई एयरपोर्ट पर पीएम2.5 का स्तर अधिकतम 411 और पीएम10 का स्तर 464 तक दर्ज किया गया। राजधानी के व्यस्तम चौराहों में शुमार आईटीओ पर पीएम2.5 का स्तर अधिकतम 444 और पीएम10 का 396 रहा। मौसम विभाग के पूसा स्टेशन पर यह क्रमश: अधिकतम 413 और 412 दर्ज किया गया। इसी प्रकार डीयू के नार्थ कैंपस में सूचकांक 445 एवं 423 रहा।

## किन-किन...

प्रशासन को कहा गया है कि उन उद्योगों को बंद कराएं जो औद्योगिक क्षेत्र में पीएनजी का आधारभूत ढांचा और आपूर्ति होने के बावजूद स्वीकृत ईंधन से संचालित नहीं हो रहे हैं। सीएक्यूएम के आदेश में कहा गया कि पेपर एवं लुगदी प्रसंस्करण, डिस्टिलरी और थर्मल बिजली संयंत्र शनिवार और रविवार को बंद रहेंगे, धान प्रसंस्करण की इकाइयां सोमवार और मंगलवार को बंद रहेंगी, डाईंग प्रक्रिया समेत कपड़े का काम बुधवार और बृहस्पतिवार को बंद रहेगा। इसी उक्त श्रेणी में नहीं आने वाले अन्य उद्योग भी शुक्रवार और शनिवार को बंद रहेंगे। लेकिन, दुग्ध और डेयरी इकाइयों समेत जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरणों और दवाइयों के निर्माण में शामिल उद्योगों को छूट दी गई है।

## आतंकियों ने...

आशाजनक भविष्य की पेशकश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, जब बात आतंकवाद से संबंधित हो तो सिक्के का दूसरा पहलू भी सामने आता है। जयशंकर ने कहा, इन नई प्रौद्योगिकियों ने असामाजिक तत्वों द्वारा दुरुपयोग के लिहाज से कमजोर होने के कारण सरकारों तथा नियामक संस्थाओं के लिए नई चुनौतियां पैदा की है। उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में, खासतौर से खुले और उदार समाज में आतंकवादी समूहों, उनके वैचारिक अनुयायियों और अकेले हमला करने वाले लोगों ने इन प्रौद्योगिकियों तक पहुंच हासिल करके अपनी क्षमताएं बढ़ा ली हैं। उन्होंने कहा, इंटरनेट और सोशल मीडिया मंच समाज को अस्थिर करने के मकसद से दुष्प्रचार, कट्टरपंथ फैलाने तथा साजिश रचने के लिए आतंकवादियों और आतंकवादी समूहों की टूलकिट में प्रभावशाली उपकरण बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादी समूहों द्वारा कुख्यात उद्देश्यों जैसे कि हथियारों एवं विस्फोटकों की डिलीवरी तथा लक्षित हमले करने के लिए इन मानवरहित हवाई प्रणालियों का दुरुपयोग आसन्न खतरा बन गया है।

## गुजरात में...

संविधान के खंड-चार के अनुच्छेद 44 के प्रावधानों के अनुसार लिया गया था, जो राज्य सरकार से सभी नागरिकों के लिए समान कानून लागू करने की अपेक्षा करता है। सांघवी ने कहा, यह मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का ऐतिहासिक फैसला है। हमारी सरकार ने इस तरह की संहिता की आम लोगों के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की इच्छा का भी सम्मान किया है। रूपाला ने जोर देकर कहा कि प्रस्तावित यूसीसी संविधान के तहत गारंटीकृत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम और मुस्लिम पर्सनल लॉ को यूसीसी के तहत कवर किया जाएगा, क्योंकि ए कानून संविधान का हिस्सा नहीं हैं। रूपाला ने कहा, हम लोगों के मौलिक अधिकारों को खत्म करने का इरादा नहीं रखते हैं। यूसीसी पति या पिता की संपत्ति पर पत्नी या बेटी के दावे जैसे नागरिक विवादों में उत्पन्न होने वाली विसंगतियों को हल करने से संबंधित भी है। हमें ऐसे मुद्दों के बारे में लोगों से कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने दावा किया कि इस फैसले का आगामी विधानसभा चुनावों से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने विपक्ष की इस आलोचना को खारिज कर दिया कि सत्तारूढ़ भाजपा यूसीसी का वादा करके हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रही है। रूपाला ने कहा कि समिति यूसीसी से संबंधित विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर राज्य सरकार इसके कार्यान्वयन के बारे में अंतिम निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि समिति को अभी अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। इससे पहले उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकारों ने अपने-अपने राज्यों में यूसीसी लागू करने की घोषणा की थी।

## केंद्र सरकार...

नई औद्योगिक नीति की तारीफ की और तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी में भर्तियों के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया समाप्त करने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राज्य बनाने का है। अगले 25 साल हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमें बहुत सारा विकास करने की जरूरत है और आपको समाज तथा देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि 2022 में गुजरात सरकार साल भर में 35,000 लोगों को सरकारी नौकरी देने के लक्ष्य को प्राप्त करने में लगभग सफल रहा।

## चीनी निर्यात...

सराहना की जानी चाहिए। दक्षिणी भारत में गन्ने की पेराई शुरू हो गई है और अन्य क्षेत्रों में भी जल्द ही पेराई शुरू होने की उम्मीद है। इसलिए, कुछ महीनों के बाद एक बेहतर तस्वीर सामने आएगी जब पैदावार और चीनी की प्राप्ति के स्तर की वास्तविक प्रवृत्ति का पता हो जाएगा। स्थापित परंपरा के तहत इस्मा जनवरी 2023 में गन्ने और चीनी उत्पादन अनुमानों की एक बार फिर समीक्षा करेगा।

# आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराएं अफसर: जिलाधिकारी



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**शनिवार** को जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 139-गोला गोकरणनाथ के उप निर्वाचन 2022 के लिए निर्वाचन से जुड़े अफसरों संग जरूरी बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप विधानसभा उपचुनाव 2022 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न कराएं। वर्तमान में पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है, जिसका सभी अधिकारी-कर्मचारी फील्ड में पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराएं। चुनाव को निष्पक्ष, निर्विघ्नं एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सबकी समेकित जिम्मेदारी है, इसलिए सभी अफसर निर्वाचन के दायित्वों का सजगतापूर्वक ईमानदारी के साथ निर्वहन सुनिश्चित कराएं। डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह ने अफसरों को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी डीईओ/ एडीएम संजय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/ एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, विधेश सहित निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# चुनावी बांड का 95% हिस्सा भाजपा को अन्य दलों को चंदा देने से डर रहे दानकर्ता

भाषा। सूरत

**राजस्थान के** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनावी चंदे का कुल 95 प्रतिशत हिस्सा मिल रहा है और दानदाता डर के कारण अन्य दलों को चंदा नहीं दे रहे। आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए, कांग्रेस के प्रचार अभियान के तहत सूरत में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता गहलोत ने भाजपा पर कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों को चंदा देने की इच्छा रखने वाले उद्योगपतियों और कॉरपोरेट घरानों को धमकाने का आरोप भी लगाया।

उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) और उसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे अपने विज्ञापन किसी भी नकारात्मक खबर को दबाने के लिए धन खर्च करते हैं। गहलोत ने कहा, अगर अन्य पार्टियों को दान दिया जाता है तो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग चंदा देने वालों के दरवाजे पर पहुंच जाते हैं। हमारे देश में चंदे पर भी एक ही पार्टी ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने करोड़ों रुपए जमा कर रखे हैं, जिसका इस्तेमाल वे देशभर में पांच सितारा पार्टी कार्यालय बनाने में करते हैं। गहलोत ने कहा, चुनावी बांड की शुरुआत के बाद कुल दान का 95 प्रतिशत भाजपा को जा रहा है। दानदाता डर के कारण अन्य दलों को चंदा नहीं दे रहे हैं। भाजपा ने एक मॉडल पेश किया है, जिसमें चंदे के माध्यम से एकत्र किए गए धन का उपयोग राज्य सरकारों को गिराने के लिए किया जा रहा है, जैसे उन्होंने महाराष्ट्र और कर्नाटक में किया। सत्तारूढ़ भाजपा पर फासीवादी होने का आरोप लगाते हुए गहलोत ने कहा कि पार्टी किसी नीति, कार्यक्रम या सिद्धांतों के बजाय धार्मिक आधार पर चुनाव जीतती है। उन्होंने कहा, गुजरात महात्मा गांधी की भूमि है, लेकिन यहां हिंसा और अशांति का माहौल है। स्थिति लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। समाज के सभी वर्ग भाजपा से नाखुश हैं। इस सरकार को हटाने का समय आ गया है और कांग्रेस अगली सरकार के गठन के लिए तैयार है। गुजरात के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक गहलोत ने आप और उसके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल पर पैसे के जरिए मीडिया को नियंत्रित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, केजरीवाल जो कर रहे हैं, वह लोकतंत्र के लिए भी खतरनाक है। केजरीवाल अपने खिलाफ किसी भी नकारात्मक समाचार को दबाने के लिए पैसा खर्च करते हैं। उनके टीवी साक्षात्कार भी नाटक होते हैं। उन्होंने पिछले तीन महीनों के दौरान ऐसा माहौल बनाया है कि सब कुछ (उनके पक्ष में) हो गया है, लेकिन यह सच नहीं है। लोग उनकी चालबाजी से वाकिफ हैं।

अशोक गहलोत ने साधा निशाना



## केंद्र में मोदी सरकार के आठ वर्षों के दौरान भारत ने 80 लाख करोड़ रुपए कर्ज लिए: टीआरएस

भाषा। हैदराबाद

**तेलंगाना में** सत्तारूढ़ टीआरएस ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह देश को कर्ज के जाल में फंसा रही है क्योंकि 2021 तक केंद्र सरकार का कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का कथित तौर पर 61.6 प्रतिशत पहुंच गया है। भाजपा के खिलाफ अपनी पार्टी के राजनीतिक आरोप पत्र को जारी करते हुए तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और मंत्री के. टी. रामाराव ने आरोप लगाया कि पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के साथ लोगों को मंझधार में छोड़ दिया है।

राव ने दावा किया, आजादी के बाद विभिन्न प्रधानमंत्रियों के 67 वर्षों के शासन के दौरान देश ने 55.87 करोड़ रुपए कर्ज लिए। 2014 में (भाजपा के) सत्ता में आने के बाद इन आठ वर्षों में (नरेंद्र) मोदी सरकार ने 80 लाख करोड़ रुपए कर्ज लिए। 2014-15 के दौरान केंद्र द्वारा ब्याज भुगतान राजस्व का 36.1 प्रतिशत था, जबकि 2021 के दौरान यह बढ़ कर 43.7 प्रतिशत हो गया। आरोप पत्र में आरोप लगाया गया है कि नीति आयोग द्वारा राज्य के हर गांव के लिए सुरक्षित पेयजल परियोजना मिशन भगीरथ के लिए 19,000 करोड़ रुपए के वित्त पोषण की सिफारिश के बावजूद, मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 19 पैसे भी नहीं दिए। यह आरोप लगाया गया है कि फ्लोराइड एंड फ्लोरोसिस मिटिगेशन सेंटर, जिसे चौटुप्पल में स्थापित किया जाना था, उसे किसी अन्य राज्य में ले जाया गया। टीआरएस ने केंद्र की हथकरघा उत्पादों पर पांच प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाकर और इसे बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने की योजना के साथ हथकरघा क्षेत्र को अस्तित्व के संकट में धकेलने का आरोप लगाया। आरोप पत्र में यह भी दावा किया गया है कि केंद्र राज्यों को कृषि पंप सेट पर मीटर लगाने के लिए मजबूर कर अतिरिक्त कर्ज के नाम पर ब्लैकमेल कर रहा है।

## विवक न्यूज

### एनसीबी ने मादक पदार्थ मामले में भारती सिंह और उनके पति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने 2020 के मादक पदार्थ के एक मामले के संबंध में हास्य कलाकार भारती सिंह, उनके पति हर्ष लिम्बाचिया और मादक पदार्थ के एक तस्कर के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि एनसीबी ने हाल में यहां एक अदालत में करीब 1,200 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि एनसीबी ने उपनगर अंधेरी में दंपति के आवास से गांजा बरामद करने के बाद नवंबर 2020 में उन्हें गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि दंपति को दो दिन तक हिरासत में रखने के बाद 15-15 हजार रुपए के मुचलके पर जमानत दे दी गई थी। अधिकारी बताया कि दोनों आरोपियों पर स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) कानून की धारा आठ (सी) (मादक पदार्थ रखना) और धारा 27 (मादक पदार्थ का सेवन करना) समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान एनसीबी के दल ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जिसकी प्रतिबंधित मादक पदार्थ की आपूर्ति में भूमिका थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद एनसीबी के दल ने मामले की जांच की और कुछ सप्ताह पहले आरोपपत्र जमा कराया।

### राजाजी पार्क में अज्ञात तस्करों ने चंदन के पेड़ काटे

**ऋषिकेश।** राजाजी बाघ अभयारण्य की गौहरी रेंज की बाघखाला बीट में बेशकीमती चन्दन के नौ पेड़ों को अवैध रूप से अज्ञात तस्करों द्वारा काटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। घटना का गंभीर संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक समीर सिन्हा ने कहा कि इसमें लिप्त अपराधियों एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले वनकर्मियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को सामने आई चंदन के पेड़ो के अवैध कटान की घटना में कार्वाई करने के लिए उन्होंने अभयारण्य के निदेशक को 48 घंटे का वक्त दिया है। वन अधिकारी ने बताया कि गौहरी रेंज की चीला से लेकर नीलकंठ महादेव मंदिर तक के जंगल से सटी सड़क पर प्रायः लोगों के आवागमन का दबाव बना रहता है और इस कारण इससे सटे वनक्षेत्र पर कड़ी सतर्कता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वन विभाग अब इस मामले में कठोर रुख अपनाएगा।

### बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर पी. चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि आठ वर्षों बाद मोदी सरकार की विरासत है कि नौकरियां नही है। पूर्व वित्त मंत्री ने ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश में सी श्रेणी की नौकरियों के लिए 37 लाख लोगों ने आवेदन किए। इसके बाद 40 हजार अग्निवीरों की नौकरी के लिए 35 लाख लोगों ने आवेदन किए। क्या सरकार युवाओं की आवाज सुन रही है। चिदंबरम ने आरोप लगाया, आठ साल में मोदी सरकार की विरासतः नौकरियां नही। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी दर आठ प्रतिशत तक पहुंच गई है।

### पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पाकिस्तानी ड्रोन दिखा, बीएसएफ की गोलीबारी पर भागा

**फिरोजपुर।** पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पाकिस्तानी ड्रोन दिखा, लेकिन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से गोलीबारी करने पर यह भागकर फिर से पाकिस्तानी सीमा में वापस चला गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अज्ञात ड्रोन को लक्ष्य करके बीएसएफ जवानों ने कम से कम 18 चक्र गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर एक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बीएसएफ ने इसके पहले 27 अक्टूबर की रात हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा फिरोजपुर सेक्टर में बरामद किया था। बीएसएफ जवानों ने भारत-सीमा के पास से एक बैग बरामद किया था जिसमें छह एके-47 राइफल, तीन पिस्तौल और 200 कारतूस थे।

### मवेशी तस्करी मामला : सीबीआई अदालत ने तृणमूल नेता अनुब्रत की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाई

आसनसोल (पश्चिम बंगाल), 29 अक्टूबर (भाषा) सीबीआई की विशेष अदालत ने मवेशी तस्करी के मामले में तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है और उनकी न्यायिक हिरासत अवधि को 14 दिन के लिए बढ़ाकर 11 नवंबर तक कर दिया है। मंडल के बीमार होने और इलाज की जरूरत का दावा करते हुए उनके वकील ने जमानत अर्जी दी थी। हालांकि, अर्जी का विरोध करते हुए सीबीआई के वकील ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के बीरभूम जिले के अध्यक्ष प्रभावशाली नेता हैं और वह जांच को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं। एजेंसी ने मंडल की हिरासत अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया। सीबीआई ने इस मामले में दाखिल आरोपपत्र में कुछ और गवाहों के नाम शनिवार को जोड़े। न्यायाधीश द्वारा पूछे जाने पर कि सीमापार को होने वाली मवेशी तस्करी मामले की जांच पूरी करने में कितना समय लगेगा केन्द्रीय एजेंसी ने अदालत से कहा कि इसमें और दो महीने का समय लग सकता है। सीबीआई ने मंडल को बोलपुर स्थित उनके आवास से 11 अगस्त को गिरफ्तार किया था।

### असम में कुएं की सफाई के दौरान चार मजदूरों की मौत

**हैलाकांडी।** असम के हैलाकांडी जिले में शनिवार को एक कुएं की सफाई के दौरान कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना अलगापुर राजस्व परिक्षेत्र के बकरीहावर पार्ट-। में उस समय हुई जब मजदूर एक व्यक्ति के कुएं की सफाई करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, अचानक एक व्यक्ति गलती से कुएं में गिर गया। उसे बचाने की कोशिश में एक के बाद एक तीन और लोग उसमें गिर गए। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के जवानों ने शव बरामद कर लिए हैं। उन्होंने कहा, घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे सिलचर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान राशिद अहमद, नाजिम उद्दीन, अबू सुहेल और हसीब उद्दीन के रूप में हुई है जबकि घायल व्यक्ति की पहचान सोहिद अहमद के तौर पर हुई है।

### ओडिशा में सरकारी अधिकारी के आवास से 1.75 करोड़ रुपए की क्रिप्टोकरेंसी बरामद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में एक सरकारी अधिकारी के पास से 1.75 करोड़ रुपए की क्रिप्टोकरेंसी बरामद की गई है। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि सतर्कता विभाग ने भ्रष्टाचार के एक मामले में अतिरिक्त मुख्य इंजीनियर के आवास पर छापा मारा, जहां से क्रिप्टोकरेंसी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि अधिकारी सोमवार को सेवानिवृत्त होने वाले है, और उनके आवास पर छापा शुक्रवार को मारा गया और शनिवार सुबह तक तलाशी जारी रही। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जैसे ही अधिकारी और उनके परिवार ने जांचकर्ताओं को दरवाजे पर खड़ा देखा तो उन्होंने क्रिप्टोकरेंसी के सबूत नष्ट करने की कोशिश की।

## सुनक की नियुक्ति के बाद शिवराज बोले, ब्रिटेन से वाग्देवी की प्रतिमा लाने के प्रयास फिर शुरू करेंगे

भाषा। इंदौर

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार लंदन के एक संग्रहालय में रखी वाग्देवी (सरस्वती) की पवित्र प्रतिमा को भारत वापस लाने के प्रयास फिर से शुरू करेगी। हिंदू समुदाय द्वारा वाग्देवी की प्रतिमा वापस लाने की मांग हालांकि बरसों से की जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री ने यह बात ऐसे समय में कही है, जब भारतीय मूल के ऋषि सुनक हाल ही में ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए हैं। माना जाता है कि इंदौर के पास स्थित धार के राजा भोज ने वाग्देवी की प्रतिमा को इस प्राचीन नगरी के भोजशाला परिसर में 1034 ईस्वी में स्थापित किया था। भारत में अपने शासन के दौरान अंग्रेज इस प्रतिमा को 1875 में लंदन ले गए थे। शिवराज ने इंदौर में यंग थिंकर्स कॉनक्लेव के उद्घाटन समारोह में कहा, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि (लंदन के संग्रहालय में रखी) वाग्देवी की प्रतिमा को भारत वापस लाने की पहल प्रभावी ढंग से प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध और दुनिया के अन्य टकरावों का जिक्र करते हुए कहा कि विश्व शांति की राह वसुधैव कुटुम्बकम (पूरा विश्व एक ही परिवार है) की भारतीय अवधारणा में निहित है। गौरतलब है कि भोजशाला केंद्र सरकार के अधीन एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) का संरक्षित स्मारक है। हिंदुओं का मानना है कि भोजशाला वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर है, जबकि मुस्लिम समुदाय इस जगह को कमाल मौला की मस्जिद बताता है। एएसआई की बरसों से जारी व्यवस्था के तहत हिंदुओं को प्रत्एक मंगलवार को भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार को इस जगह पर नमाज अदा करने की इजाजत है।



पटना में छठ पूजा के लिए आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी करते लोग

## मणिपुर से लाई गई 1.5 करोड़ रुपए की स्मैक मप्र में ट्रक से जब्त, दो व्यक्ति गिरफ्तार

भाषा। मंदसौर

**मध्य प्रदेश** पुलिस ने मंदसौर जिले में लहसुन से लदे ट्रक में छिपाई गई करीब 1.5 करोड़ रुपए मूल्य की 1.5 किलोग्राम स्मैक जब्त करने के साथ ही दो कथित मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी एक अधिकारी ने शनिवार को दी। अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ मणिपुर से लाई गई थी और उसे राजस्थान ले जाया जा रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को अभियान चलाया गया। पिपलिया मंडी थाने के प्रभारी राकेश चौधरी ने कहा, सूचना मिलने के बाद पुलिस दल ने गुडभेली रोड पर एक ट्रक को रोका और प्लास्टिक के एक थैले में रखा 1.5 किलोग्राम स्मैक बरामद किया। इस थैले को ट्रक में एक गुप्त जगह छिपाया गया था। उन्होंने कहा कि राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के



रहने वाले भगवती लाल (37) और छोटे खान (26) के तौर पर पहचाने गए दो अंतर राज्ईय तस्करों को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है।चौधरी ने कहा कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे स्मैक इंफाल (मणिपुर) से लाए थे और प्रतापगढ़ ले जा रहे थे। चौधरी ने बताया कि मामले में आगे जांच जारी है।

### असम में यूपी की गाड़ी से 15 करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**दिफू (असम)।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले से शनिवार को 15 करोड़ रुपए मूल्य का नशीला पदार्थ मॉर्फिन जब्त किया गया और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद कार्वाई करते हुए दिलाई में एक जांच चौकी स्थापित की गई। उन्होंने कहा, पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे, मणिपुर से आ रहे उत्तर प्रदेश की पंजीकरण संख्या वाले एक वाहन को रोका गया।

वाहन की गहन तलाशी के बाद, वाहन के पिछले हिस्से में छिपाया हुआ लगभग चार किलोग्राम मॉर्फिन बरामद किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस नशीले पदार्थ की बाजार कीमत करीब 15 करोड़ रुपए आंकी गई है। उन्होंने कहा, इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मणिपुर के रहने वाले हैं।

## बांग्लादेश सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धः मंत्री

भाषा। कोलकाता

**बांग्लादेश के** सूचना मंत्री हसन महमूद ने शनिवार को कहा कि शेख हसीना सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और उनके हित के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश में इस वर्ष दुर्गा पूजा पर शांतिपूर्ण समारोहों का आयोजन इसका प्रमाण हैं। बांग्लादेश फिल्म महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने यहां आए महमूद ने कहा कि भारत-बांग्लादेश संबंध दोनों देशों के बीच केवल तीस्ता जल बंटवारा समझौते पर निर्भर नहीं है। महमूद ने यहां प्रेस क्लब में संवाददाताओं से कहा, शेख हसीना सरकार बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकार की रक्षा करने के प्रति प्रतिबद्ध है। हाल ही में दुर्गा पूजा पर शांतिपूर्ण समारोहों का आयोजन इसका प्रमाण है। पिछले साल के मुकाबले इस साल बड़ी संख्या में दुर्गा पूजा उत्सव समारोहों का आयोजन किया गया।

## बोम्मई के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज हो और उन्हें बर्खास्त किया जाएः कांग्रेस

भाषा। नई दिल्ली/बेंगलुरू

**कांग्रेस ने** शनिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई पर दिवाली के मौके पर कई पत्रकारों को घूस देने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि बोम्मई खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज होना चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उधर, मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि बोम्मई ने कहा है कि वह इससे अनभिज्ञ हैं कि पत्रकारों को नकदी दी गई। सुरजेवाला ने यहां संवाददाताओं से कहा, कर्नाटक में घूस घोटाला सामने आया है। इसमें खुद मुख्यमंत्री बोम्मई शामिल हैं। दीपावली के अवसर पर राज्य के पत्रकारों को एक-एक लाख रुपए की नकदी राशि भेजी गई। कुछ पत्रकारों ने इसके खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने आरोप लगाया, कर्नाटक की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उसने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हर ठेके में 40 फीसदी का कमीशन देना पड़ता है। सरकारी नियुक्तियां पैसे लेकर की जाती हैं। सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से सवाल किया, क्या श्रीमान बोम्मई जवाब देंगे- 1. क्या यह मुख्यमंत्री द्वारा 'रिश्वत' नहीं है? 2. एक लाख रुपए का स्रोत क्या है? क्या यह सरकारी खजाने का पैसा है या मुख्यमंत्री ने खुद दिया है? 3. क्या ईडी या आयकर विभाग इसका संज्ञान लेगा? उन्होंने कहा, हमारी मांग है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया जाए और उन्हें जेल भेजा जाए। उन्हें पद से बर्खास्त किया जाए। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस मामले की न्यायिक जांच की मांग की और इसे मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से पत्रकारों को स्वीट बॉक्स ब्राइब यानी मिठाई के डिब्बे में रिश्वत करार दिया। पार्टी ने कहा, राज्य के लोगों को पता होना चाहिए कि कितना पैसा रिश्वत के तौर पर दिया गया है और कितना पैसा प्राप्त किया गया है।

## चौराहे का नामकरण सावरकर के नाम पर करने की योजना, नगर निगम की बैठक में हंगामा

**मंगलुरु।** हिंदुत्व के विचारक सावरकर के नाम पर सुरथकल चौराहे का नामकरण करने के प्रस्ताव पर कांग्रेस सदस्यों द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद शनिवार को मंगलुरु नगर निगम (एमसीसी) की बैठक में हंगामेदार दृश्य देखा गया। कांग्रेस पार्षद नवीन डिसूजा ने बैठक शुरू होते ही आपत्ति जताते हुए कहा कि एजेंडे में शामिल किए जाने से पहले प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि निगम को यातायात चौराहे का नाम बदलने के बजाय विकास कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके बाद कांग्रेस के पार्षद सावरकर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हॉल के बीचो बीच चले आए। भाजपा के मुख्य सचेतक प्रेमानंद शेट्टी ने कहा कि पिछली बैठक में प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया था और आदेश पारित होने के बाद इसे मुद्दा बनाना उचित नहीं है। कांग्रेस सदस्यों ने नारेबाजी जारी रखी, जबकि भाजपा सदस्यों ने सावरकर की प्रशंसा में नारेबाजी की, जिससे बैठक हॉल में शोर शराबे का माहौल दिखा।

## नाथद्वारा में 369 फुट ऊंची शिव प्रतिमा का लोकार्पण

**जयपुर।** राजस्थान में राजसमंद जिले के नाथद्वारा कस्बे में निर्मित 369 फुट उंची शिव प्रतिमा विश्वास स्वरूपम का लोकार्पण शनिवार शाम हुआ। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कथावाचक मुरारी बापू ने प्रतिमा का लोकार्पण किया। इस अवसर पर योग गुरु बाबा रामदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया सहित अनेक नेता मौजूद थे। इस अवसर आयोजित होने वाली रामकथा का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा, रामकथा का हर प्रसंग प्रेम, भाइचारे व सद्‌भवाना का संदेश देता है जिसकी आज सबसे अधिक आवश्यकता है देश में। ऐसी कथाएं देश में होनी चाहिएं और हो भी रही हैं।

प्रतिमा का निर्माण तत पदम संस्थान द्वारा किया गया है। संस्थान के ट्रस्टी, उद्योगपति मदन पालीवाल ने कहा कि प्रतिमा के उद्घाटन के बाद 29 अक्टूबर से छह नवंबर तक धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जो नौ दिनों तक चलेगा। इस दौरान मुरारी बापू राम कथा का पाठ भी करेंगे। कार्यक्रम के प्रवक्ता जयप्रकाश माली ने कहा कि नाथद्वारा की गणेश टेकरी पर 51 बीघा की पहाड़ी पर बनी इस प्रतिमा में भगवान शिव ध्यान एवं अल्लड़ की मुद्रा में हैं। माली ने दावा किया, विश्व की सबसे उंची शिव प्रतिमा की अपनी एक अलग ही विशेषता है। 369 फुट उंची यह प्रतिमा विश्व की अकेली ऐसी प्रतिमा होगी, जिसमें लिफ्ट, सीढ़ियां, श्रद्धालुओं के लिए हॉल बनाया गया है।

## भाजपा ने सामना में मराठी मुस्लिम लेख के लिए उद्धव ठाकरे की आलोचना की

**मुंबई।** शिव सेना के मुखपत्र सामना में मराठी मुस्लिमों के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का समर्थन किए जाने का दावा करने वाले लेख को लेकर भाजपा ने शनिवार को शिवसेना पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। सामना ने 22 अक्टूबर को एक लेख प्रकाशित किया, जिसमें दावा किया गया कि मराठी मुस्लिम सेवा संघ उद्धव ठाकरे का समर्थन करता है। लेख में कहा कि यह संगठन मुंबई, कोंकण, मराठवाड़ा, विदर्भ और पश्चिमी महाराष्ट्र में सक्रिय है। भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा, शिवसेना उद्धव बालासाहेब पार्टी मराठी और मुस्लिम वोट बटोरना चाहती है, लेकिन इसने बड़ी चतुराई से शब्दों के साथ खिलवाड़ किया व उन्हें मराठी मुस्लिम कहा। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी बीएमसी में भ्रष्टाचार के साथ-साथ इस तुष्टिकरण की राजनीति के बारे में महानगर के निवासियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए नवंबर में जागर मुंबईचा यात्रा आयोजित करेगी।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को कार विस्फोट के बारे में गलत सूचना दी गईः भाजपा

भाषा। चेन्नई


**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने राज्यपाल आर. एन. रवि के इस विचार को शनिवार को दोहराया कि दिवाली की पूर्व संध्या पर कोयंबटूर में कार विस्फोट एक बड़ा आतंकवादी हमला करने का प्रयास था। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को घटना के बारे में गलत सूचना दी गई। अन्नामलाई ने कहा कि क्या अपराधियों की जांच के लिए कोई प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे पर्याप्त सबूत हैं जो आतंकी हमले की ओर इशारा करते हैं और केंद्र द्वारा 18 अक्टूबर को अलर्ट जारी करने के बावजूद बहुत कम कार्वाई की गई। अन्नामलाई ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया, कुछ ईमानदार पुलिस अधिकारियों के हाथ बंधे हुए हैं, जबकि कोयंबटूर में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने



घटनास्थल का दौरा भी नहीं किया है।

विस्फोट को एक बड़ा आतंकवादी हमले को अंजाम देने का प्रयास बताते हुए राज्यपाल ने 28 अक्टूबर को कोयंबटूर में कहा था कि बाद में मिले विस्फोटक और आईईडी बनाने वाले रसायनों से पता चलता है कि हमलावरों ने सिलसिलेवार हमलों की साजिश रची थी। अन्नामलाई ने कहा कि अगर उन्हें बुलाया जाता है तो वह इस संबंध में जानकारी का खुलासा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, मैं उन अधिकारियों के नामों का भी खुलासा करूंगा जिन्होंने मेरे साथ जानकारी साझा की थी और फिर जानकारी को सार्वजनिक करूंगा। सच्चाई सामने आने पर कई लोगों के सिर चकराने की संभावना है। उन्होंने दावा किया कि स्टालिन को गलत सूचना दी जा रही है। उन्होंने पूछा, केंद्र ने 18 अक्टूबर को एक विशेष अलर्ट जारी किया था। अधिकारी चार दिनों तक इस पर क्यों सोए रहे? आतंकी हमले को महज सिलेंडर विस्फोट के रूप में कम करके आंकने का प्रयास क्यों किया जा रहा है। शुक्रवार को राज्य के बिजली एवं आबकारी मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने कहा था कि एनआईए को अन्नामलाई की जांच करनी चाहिए ताकि पुलिस के बयान जारी करने से पहले विवरण का खुलासा किया जा सके। साथ ही मंत्री ने दावा किया कि पुलिस ने विस्फोट के 12 घंटे के भीतर मृतक की पहचान कर ली और 24 घंटे में पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## केजरीवाल अराजकता के प्रतीक हैंः अनुराग ठाकुर



**शिमला।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्हें अराजकता का प्रतीक बताया। सूचना और प्रसारण मंत्री ठाकुर केजरीवाल की अपील के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने नोटों पर देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की तस्वीरों को शामिल करने की अपील की थी। ठाकुर ने कहा, अरविंद केजरीवाल जो (भव्य) राम मंदिर के निर्माण का विरोध करते थे, अराजकता का प्रतीक हैं। वह फर्जी बात करते हैं। वह लोगों का ध्यान अपनी फर्जी बातों से हटाने के लिए इस तरह का हथकंडा अपना रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो केजरीवाल से पूछा कि क्या उनकी सरकार दिल्ली में मौलवियों की तर्ज पर मंदिर के पुजारियों, गुरुद्वारा के ग्रंथियों और चर्च के पादरियों को 18,000 रुपए देगी। हिमाचल प्रदेश में जय राम ठाकुर के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के खिलाफ कांग्रेस के आरोपपत्र के बारे में ठाकुर ने कहा, जिनका राष्ट्रीय नेतृत्व जमानत पर है, उन्हें दूसरों के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि डबल इंजन सरकार ने हिमाचल प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं और विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा नीत सरकार का फिर से सत्ता में आना आवश्यक है।

# पोलैंड ने परमाणु संयंत्र निर्माण का जिम्मा अमेरिका को दिया

एपी। वारसॉ (पोलैंड)

**पोलैंड** ने घोषणा की कि उसने अपने पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण के लिए अमेरिकी सरकार और वेस्टिंगहाउस कंपनी को चुना है।

यह कोयला पर निर्भरता घटाने और ऊर्जा के लिहाज से अधिक स्वतंत्रता हासिल करने के उसके प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री मातेश्च मोराविकी ने शुक्रवार देर रात कहा कि पोलैंड की परमाणु ऊर्जा परियोजना वेस्टिंगहाउस इलेक्ट्रिक कंपनी की विश्वसनीय, सुरक्षित तकनीक का इस्तेमाल करेगी। उन्होंने कहा कि पोलैंड और अमेरिका के बीच मजबूत गठबंधन हमारी संयुक्त पहलों की सफलता की गारंटी है। गौरतलब है कि पोलैंड कई वर्षों से ऊर्जा के लिहाज से अधिक स्वतंत्रता हासिल करने और देश के पुराने कोयला संयंत्रों को हटाने के लिए एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने की योजना बना रहा है। इन कोयला संयंत्रों से यूरोप में वायु प्रदूषण फैलता है। रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने और ऊर्जा को अपना हथियार बनाने के कारण पोलैंड के लिए ऊर्जा विकल्पों की तलाश और भी ज्यादा जरूरी हो गई है। अमेरिका की ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रानहोम ने कहा कि 40 अरब डॉलर की यह परियोजना अमेरिकी कामगारों के लिए 1,00,000 से अधिक नौकरियां पैदा करेगी।

उन्होंने ट्वीट किया, आने वाली पीढ़ियों के लिए ऊर्जा सुरक्षा पैदा करने के वास्ते पोलैंड के साथ हमारे संबंध मजबूत करने की दिशा में यह बड़ा कदम है। हम यूरोप में अपने समकक्षों के साथ स्वच्छ ऊर्जा बदलाव लाने के लिए इस साझेदारी को जारी रखने के उत्सुक हैं। ग्रानहोम ने कहा, यह घोषणा रूस को स्पष्ट संदेश देती है : हम ऊर्जा को अब हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं करने देंगे। पश्चिमी देश ऊर्जा आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने और जलवायु सहयोग को मजबूत करने के लिए बिना उकसावे की इस आक्रामकता के खिलाफ एकजुट रहेंगे। यह समझौता परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पहले तीन रिएक्टरों के लिए किया गया है, जो उत्तरी पोलैंड में बनाया जाना है। अधिकारियों ने कहा कि यह संयंत्र 2023 में बिजली पैदा करना शुरू कर देगा। पोलैंड ने फ्रांस और दक्षिण कोरिया के प्रस्तावों पर भी विचार किया था।

## बाइडन अगले महीने मिस्र, कंबोडिया और इंडोनेशिया जाएंगे : व्हाइट हाउस



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन संयुक्त राष्ट्र के सीओपी27 जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अगले महीने मिस्र जाएंगे। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति वार्षिक अमेरिका-आसियान शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 12-13 नवंबर तक कंबोडिया में रहेंगे, जिसके बाद वह जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए 13 से 16 नवंबर तक इंडोनेशिया के बाली की यात्रा करेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि 11 नवंबर को मिस्र के शर्म अल-शेख में होने वाले सीओपी27 शिखर सम्मेलन में बाइडन जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जारी वैश्विक लड़ाई को गति देंगे। वह जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभावों को दूर करने के लिए अमेरिका द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को भी रेखांकित करेंगे। अमेरिका-आसियान शिखर सम्मेलन और कंबोडिया में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में बाइडन वाशिंगटन डीसी में हुए ऐतिहासिक अमेरिका-आसियान विशेष शिखर सम्मेलन की सफलता को रेखांकित करते हुए दक्षिण पूर्व एशिया और आसियान के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे। वहीं, बाली में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में बाइडन वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 80 प्रतिशत से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले जी-20 समूह के देशों के साथ आर्थिक सहयोग को लेकर अमेरिका की प्रतिबद्धता प्रकट करेंगे।

# ईरान में शिया धार्मिक स्थल पर हमला करने वाले बंदूकधारी की मौत, रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दी चेतावनी

**दुबई।** दक्षिणी ईरान में एक प्रमुख शिया धार्मिक स्थल पर इस सप्ताह की शुरुआत में 15 लोगों की हत्या करने वाले बंदूकधारी की शनिवार को मौत हो गई। ईरानी मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई है। पिछले महीने से देश में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल होने के खिलाफ ईरानियों को अर्द्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा चेतावनी दिए जाने के बीच यह खबर आई है। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने ली थी, लेकिन ईरान की सरकार ने देश में फैले विरोध प्रदर्शनों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया था। शिराज में हुई गोलीबारी की घटना में मारे गए लोगों की अंत्एष्टि में रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी ने ईरानियों से प्रदर्शन बंद करने को कहा। गोलाबारूद, दंगा रोधी छर्रों और आंसू गैस गोले के जरिए प्रदर्शनकारियों पर रिवोल्युशनरी गार्ड तथा अन्य सुरक्षा बलों की हिंसक कार्वाई के बीच उन्होंने यह चेतावनी दी। सलामी ने कहा, आज दंगे खत्म हो गए। अब सड़कों पर नहीं जाइए। हम हमारे युवाओं से कह रहे हैं कि बुरी हरकतें छोड़ दीजिए। इस देशद्रोह का परिणाम आपको खुशी नहीं देगा। अपना भविष्य बर्बाद नहीं करें। उल्लेखनीय है कि ए प्रदर्शन 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ईरान के सत्तारूढ़ मौलवियों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं। ईरान की अर्द्धसरकारी फार्स और तस्नीम समाचार एजेंसियों के अनुसार, ईरानी प्राधिकारियों ने हमलावर के बारे में जानकारियों का खुलासा नहीं किया है। हमलावर की शनिवार को दक्षिण शिराज शहर के एक अस्पताल में मौत हो गई। उसे गिरफ्तारी के दौरान चोटें आई थीं।अधिकारियों ने बंदूकधारी की राष्ट्रीयता या उसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। उसने बुधवार को ईरान में शिया समुदाय के दूसरे सबसे पवित्र धार्मिक स्थल शाह चिराग में घातक हमला किया था। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है जब ईरान में हिजाब विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान के एक मानवाधिकार कार्यकर्ता समूह के मुताबिक देश के 125 से अधिक शहरों में फैल चुके इन प्रदर्शनों में कम से कम 270 लोगों की मौत हो गई है और 14,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**Public Notice**

This is to inform General Public that Mr. Sandeep Walia has acquired the Property Bearing No. 20-B, Land area measuring 326.09 Sq. mtrs. in Block-A-1, Situated in the Layout plan of Paschim Vihar, New Delhi by way of Sale Deed dated 02.04.2004 Doc no. 6153. Now, Mr. Sandeep Walia is mortgaging the above said property with HDFC Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**आज्ञा से - श्री कुलदीप शर्मा, न्यायधीश पारिवारिक न्यायालय विकासनगर,देहरादून**
वाद सं० - 84 सन् 2022
**श्रीमति सुनीता झा पत्नी श्री महेश झा पुत्री श्री प्रेमनाथ मिश्रा निवासी शंकरपुर हकुमतपुर थाना सहसपुर जिला देहरादून**
बनाम् ........प्रार्थिनी
**श्री महेश झा पुत्र श्री विश्वनाथ झा निवासी ए 05/140 बी पश्चिम विहार, नई दिल्ली-63**
......विपक्षी
महोदय,
वादी ने आपके विरुद्ध धारा 13(1) (i-a) हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह विच्छेद हेतु वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 05/11/2022 को दिन में 10:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है कि आप न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर/एडवोकेट द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गया तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह कि आज दिनांक को 15/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
**प्रबंधक, न्यायधीश पारिवारिक न्यायालय, विकास नगर देहरादून।**




डार-ए-सलाम में भारत, तंजानिया व मोजाम्बिक की नवसेनाओं ने संयुक्त रूप से युद्ध अभ्यास किया

# पुलिस ने होटलों को इमरान समर्थकों को ठहरने की सुविधा देने से रोका

भाषा। इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद** पुलिस ने शनिवार को एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए होटलों और अतिथि गृहों को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाली रैली में हिस्सा लेने वाले उनके समर्थकों को ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने से रोक दिया। इमरान पाकिस्तान सरकार पर जल्द आम चुनाव कराने की तारीख घोषित करने का दबाव बनाने के मकसद से यह रैली निकाल रहे हैं।

पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पीईएमआरए) ने 28 अक्टूबर को एक अधिसूचना जरी कर कहा था कि उसने भी टेलीविजन चैनलों को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेताओं के भाषणों और रैलियों का सीधा प्रसारण न करने का निर्देश दिया है। प्राधिकरण ने कहा था कि एक भाषण के दौरान यह देखा गया कि आचार संहिता और अदालत के आदेशों का उल्लंघन करते हुए सरकारी प्रतिष्ठानों के खिलाफ बयानों का सीधा प्रसारण किया गया। पीईएमआरए ने इस आदेश का अनुपालन न करने पर कानूनी कार्वाई करने की भी चेतावनी दी। पीटीआई का हकीकी आजादी मार्च शुक्रवार दोपहर को लाहौर में लिबर्टी चौक इलाके से शुरू हुआ। पार्टी ने लाहौर के कई इलाकों में भी ताकत का प्रदर्शन किया। यह मार्च गत रात दाता दरबार में रुका और शनिवार को फिर से शुरू होगा।इमरान ने कहा है कि कोई भी पीटीआई के इस लंबे मार्च को नहीं रोक सकता और उनके इस्लामाबाद पहुंचने तक पार्टी समर्थक अगले आदेश का इंतजार करें।पीटीआई प्रमुख ने शनिवार को एक टीवी चैनल द्वारा ट्वीट किए गए वीडियो में एक पत्रकार से कहा, जब हम इस्लामाबाद पहुंचेंगे तो क्या होगा, यह जानने के लिए आपको इंतजार करना होगा। इस्लामाबाद पुलिस ने होटलों और अतिथि गृहों को इस मार्च में भाग ले रहे लोगों को ठहरने की सुविधा देने से रोक दिया है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं.-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No.: 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 3326/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक: 29.10.2022

**ई-निविदा संशोधन**

इस कार्यालय पत्रांक सं.-3287/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 22.10.2022 से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं की तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| क्र. सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 02.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 02.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3. | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 07.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4. | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 11.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5. | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 18.11.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 6. | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज) | 18.11.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7. | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 19.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 8. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

शेष नियम एवं शर्तें निविदा के अनुसार यथावत रहेंगे।

''जल संचय-जीवन संचय''

अधिशासी अभियन्ता

# सोशल मीडिया की शिकायत अपीलीय समितियों के ढांचे, दायरे की घोषणा जल्द: चंद्रशेखर

संवाददाता। नई दिल्ली

**सूचना** प्रौद्योगिकी (आईटी) राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि शिकायत अपीलीय समितियों (जीएसी) के ढांचे और दायरे को परिभाषित करने के तौर-तरीकों पर जल्द काम किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि अब सोशल मीडिया मंच उपयोगकर्ताओं की शिकायतों के निवारण को लेकर अपना सांकेतिक और चलताऊ रवैया छोड़ेंगे।

सोशल मीडिया मंचों पर उपलब्ध सामग्रियों एवं अन्य मुद्दों को लेकर दर्ज शिकायतों का समुचित निपटारा करने के लिए सरकार ने शुक्रवार को आईटी नियमों में बदलाव करते हुए तीन महीने में अपीलीय समितियों का गठन की घोषणा की। ए समितियां मेटा और ट्विटर जैसी सोशल मीडिया कंपनियों द्वारा सामग्री के नियमन के संबंध में किए गए फैसलों की समीक्षा कर सकेंगी। चंद्रशेखर ने यहां संवाददाताओं से कहा, शिकायत अपीलीय समिति इंटरनेट और मध्यवर्तियों के लिए आगामी दिनों में एक महत्वपूर्ण संस्थान होंगी। हम इसके ढांचे, संविधान, दायरे और नियम-शर्तों के बारे में घोषणा करेंगे।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निपटारे को लेकर मंचों के अब तक के लापरवाही भरे रवैए की वजह से ही ए कदम उठाने पड़े हैं। मंत्री ने कहा, हम यह उम्मीद करते हैं कि मध्यवर्तियां अपने स्तर पर शिकायतों के निपटारे के लिए बेहतर ढंग से काम करेंगी जिससे कि अपीलीय प्रक्रिया पर बहुत अधिक भार नहीं पड़े। सोशल मीडिया के लिए 2021 में जो नियम लाए गए थे उनके तहत उपयोगकर्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए इन कंपनियों को शिकायत निवारण अधिकारियों की नियुक्ति करना अनिवार्य कर दिया गया था।चंद्रशेखर ने कहा, हमने सोचा कि मध्यवर्तियां शिकायत निवारण अधिकारियों की नियुक्ति के जरिए यह समझेंगी कि शिकायत निवारण अधिकारी शिकायतों को दूर करने के लिए हैं, यहां सांकेतिक तौर पर काम नहीं चलेगा। कुछ लोगों को यह समझ नहीं आया और हमें समितियां बनानी पड़ीं। संशोधित नियमों के मुताबिक प्रत्एक समिति में एक चेयरपर्सन और केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त दो पूर्णकालिक सदस्य होंगे। इनमें से एक पदेन सदस्य होगा और दो स्वतंत्र सदस्य होंगे। संशोधनों की अधिसूचना के मुताबिक शिकायत अधिकारी के निर्णय से असहमत कोई भी व्यक्ति, शिकायत अधिकारी से सूचना मिलने से तीस दिनों के भीतर अपीलीय समिति में शिकायत कर सकता है।चंद्रशेखर ने कहा कि इन समितियों के फैसलों को अदालतों में चुनौती दी जा सकेगी। उन्होंने कहा, "सरकार की दिलचस्पी लोकपाल की भूमिका निभाने में नहीं है।

# पर्यावरण के साथ-साथ रोजगार संरक्षण भी चिंता का विषय: रिजिजू

भाषा। काजीरंगा (असम)

**केंद्रीय कानून** एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि आर्थिक प्रगति के क्रम में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ भारत में रोजगार को संरक्षण देना चिंता का एक विषय है। रिजिजू ने यहां एक संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद कहा कि मध्यम स्तर के देशों और विकसित देशों की तुलना में भारत में प्रतिव्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अब भी बहुत कम है। उन्होंने कहा, जब हम अर्थव्यवस्था की वृद्धि की बात करते हैं तो सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का जिक्र करते हैं लेकिन हमें रोजगार के संरक्षण की भी चिंता है। उन्होंने पर्यावरण एवं सतत विकास- न्यायपालिका की भूमिका और भारतीय न्यायपालिका का डिजिटलीकरण-न्याय प्रदान करने पर इसका प्रभाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि इन मुद्दों पर बात करने के लिए सभी हितधारकों को साथ आना होगा। उन्होंने कहा, आज भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,100 डॉलर है जो कि बहुत कम है। ऐसा तब है जब भारत करीब 3.230 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है। रिजिजू ने कहा, मध्यम स्तर के देशों के लिए विकास का अंतरराष्ट्रीय मानक प्रति व्यक्ति आय 12,000 डॉलर है। विकसित का दर्जा हासिल करने से पहले हमें मध्यम स्तर के देश के स्तर तक पहुंचना होगा।

## देश में स्टार्टअप पारिस्थितिकी का आकार तीन लाख करोड़ : गोयल

भाषा। हैदराबाद

उद्योग एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि देश में मौजूद स्टार्टअप पारिस्थितिकी का मूल्यांकन करीब तीन लाख करोड़ रुपए हो चुका है। गोयल ने यहां कार्यक्रम में कहा कि देश में इस समय यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य वाले) स्टार्टअप की संख्या 110 से अधिक है जबकि करीब 75 कंपनियां जल्द ही इस श्रेणी में पहुंचने की होड़ में शामिल हैं। उन्होंने इसे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। गोयल ने कहा, पिछली बार जब हमने अपने स्टार्टअप पारिस्थितिकी का मूल्यांकन किया था तो वह करीब 368 अरब डॉलर का था। यह आंकड़ा करीब तीन लाख करोड़ रुपए बैठता है। उन्होंने कहा कि देश में 80,000 से अधिक स्टार्टअप कंपनियां पंजीकृत हैं जिनमें 10 लाख से अधिक लोगों को सीधे तौर पर रोजगार मिला हुआ है। इसके अलावा लाखों लोग अप्रत्यक्ष रूप से भी इससे जुड़े हुए हैं।

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS VINOD, CS No. 389/2018 | Vehicle No. UP16DT5090, Make and Model- TATA MOTORS LTD SUPPER ACE, Manu Year- 2014 |
| ICICI BANK LTD VS VIPUL VOHRA, CS SCJ No. 151/19 | Vehicle No. DL1RTA6383, Make and Model- WAGON R LXI CNG, Manu Year - 2016 |
| ICICI BANK LTD VS SARVJEET., CS (COMM) No. 959/2021 | Vehicle No. DL1ZC7097, Make and Model- HYUNDAIGRAND I10, Manu Year- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS SUNDER., CS- 3033/17 | Vehicle No. HR55W0272, Make and Model- TATA ACE, Manu Year- 2015 |
| ICICI BANK LTD VS ISHAR KHAN, CS (COMM) NO. 2441/21 | Vehicle No. DL8CAF8216, Make and Model- RENAULT Duster, Manu Year-2014 |
| ICICI BANK LTD VS JOGENDRA SINGH., CS (Comm) No. 1166/21 | Vehicle No. DL8CAT4335, Make and Model- MARUTI UDYOG LTD CIAZ, Manu Year- 2017 |
| ICICI BANK LTD VS ANURAAG CHANDRA , CS(Comm) No. 4315/2021 | Vehicle No. DL8CAV8375, Make and Model – VOLKSWAGEN POLO, Manu Year -2018 |

**Auction Date:** November 10, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec-17, Sukhrali, Gurugram-122022
**Contact Person–** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS DINESH KHANDURI, CS No. 3325/18 | Vehicle No. DL14C1131, Make and Model- VOLKSWAGENPOLO, Manu Year- 2013. |
| ICICI BANK LTD VS JAGDISH KUMAR, CS (COMM) No. 1992/2021 | Vehicle No. UP16ET9417, Make and Model- HYUNDAIXCENT, Manu Year-2017. Reserve Price: Rs.1,80,000/- EMD Amount: Rs.18,000/- |

**Auction Date:** November 16, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram-122022
**Contact Person–** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ASLAM KHA, CS (Comm) No.3444 of 2021 | Vehicle No. UP14HT7751, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTD PARTNER, Manu Year-2019 |
| ICICI BANK LTD VS RASHID ALI, CS No.1695/2022. | Vehicle No. UP14JT1112, Make and Model- TATA MOTORS LTD LPT 909, Manu Year- 2019 |

**Auction Date:** Nov 10, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad- UP- 201102
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA 494/2019, IA 2240/2019 | Vehicle No.- UP14GT8288, Make and Model- SWARAJ MAZDA LTD SAMRAT, Manu Year- 2017 Reserve Price Rs. 2,50,000/- EMD Rs. 25,000/- |

**Auction Date:** Nov 16, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** SHRIRAM AUTOMALL INDIA LTD, PIO MANIYAARI ROAD, OPPOSITE KANYA GURUKUL SCHOOL, NARELA, NEW DELHI 110040
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and EMD(wherein applicable) to participate in the auction.DD/PO of EMD amount is to be made in favour of ICICI Bank Limited payable at Delhi.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the payment of remaining sale amount within 5 days, your EMD amount(wherein applicable) will be forfeited.
The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# इंडियन ऑयल को दूसरी तिमाही में 272 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

**आईओसी ने बताया कि कम दाम पर बेचने के चलते हुआ नुकसान**

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में लागत से कम दाम पर पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की बिक्री करने से उसे 272 करोड़ रुपए का घाटा उठाना पड़ा है। आईओसी ने शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 6,360.05 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। इसके पहले अप्रैल-जून की तिमाही में भी आईओसी को 1,992.53 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। इस तरह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में आईओसी का कुल घाटा बढ़कर 2,264.88 करोड़ रुपए हो चुका है। एक साल पहले की समान अवधि में आईओसी ने 12,301.42 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था। आईओसी के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य पेट्रोलियम कंपनियों को भी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारी घाटा उठाना पड़ा था। इसकी वजह लागत के अनुरूप पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं करना रही। दरअसल बढ़ती मुद्रास्फीति पर काबू पाने में सरकार की मदद के लिए पेट्रोलियम कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की है। हालांकि जुलाई-सितंबर 2022 की तिमाही में आईओसी की परिचालन आय बढ़कर 2.28 लाख करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1.69 लाख करोड़ रुपए रही थी।



हैदराबाद में छात्रों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते पीयूष गोयल व निर्मला सीतारमण

# सूचना न देने वाले प्रधानाध्यापकों पर करें कार्रवाई : जिलाधिकारी

संवाददाता। चित्रकूट



बीएसए को निर्देश देते डीएम पायनियर

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने बीएसए लवप्रकाश यादव को निर्देश दिये कि विद्यालयों में 19 कार्यों में प्रगति करायें। प्रत्येक ब्लाक में पांच-पांच विद्यालय में क्या सामान भेजा गया है। प्रधानाचार्य के सूचना न देने पर उनके खिलाफ कार्यवाही करायें। खण्ड शिक्षाधिकारियों का माह अक्टूबर का वेतन तब तक रोका जाये, जब तक यूसी नहीं आ जाती।

शनिवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, अभ्युदय योजना एवं कायाकल्प बाबत बैठक में बीएसए से कहा कि टास्क फोर्स के जिला स्तरीय अधिकारी प्रत्येक माह विद्यालय का निरीक्षण करें। 14 बिन्दुओं के कार्य तेजी से कराये जायें। बीडीओ से सम्पर्क कर रैम्प, रेलिंग, बालक-बालिका दिव्यांग शौचालय, हैण्डवाश, ब्लैक बोर्ड व रनिंग वाटर आदि के कार्य पूर्ण कराये जायें। खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के विद्यालयों से निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रधान व सचिव से मिलकर कायाकल्प के कार्य पूरे करायें। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन नहीं हैं, वहां कनेक्शन करायें तथा जो सोलर सेट लगे हैं, उन्हें संचालित करायें। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि विद्यालयों की चहारदीवारी का निर्माण शुरु है। संबंधित डीडीओ से सम्पर्क कर निर्माण कार्य शुरु करायें। बीएसए लवप्रकाश यादव से कहा कि टास्क फोर्स समिति के अधिकारी विद्यालयों में निरीक्षण के बाद पोर्टल में फीड नहीं कर रहे हैं। विद्यालयों के निरीक्षण में गैरहाजिर शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। डीपीआरओ तुलसीराम से कहा कि दस-दस विद्यालयों को चिन्हित कर डायनिंग शेड बनाने का कार्य शुरु करायें। बीएसए बीआरसी का निरीक्षण कर विद्यालयों को गोद लेने की समिति का पंजीयन करायें। अभ्युदय योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिलाधिकारी ने विद्यालयों के आपरेशन कायाकल्प के तहत फर्नीचर, शौचालय, पेयजल, स्मार्ट क्लास, मिड-डे-मील, बाउंड्रीवाल, पठन-पाठन, पुस्तक वितरण, दिव्यांग शौचालय, विद्युतीकरण, मानव सम्पदा सामर्थ्य, आधार वेरीफिक्रेशन, एमडीएम डायनिंग शेड, बच्चों के आधार कार्ड की प्रगति, निपुण भारत अभियान, विद्यालयों को गोद लेने, निपुण लक्ष्य आदि योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, डीडीओ आरके त्रिपाठी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खाद विक्रेताओं की दुकानों पर टीम ने की ताबड़तोड़ छापेमारी

**जालौन ( उरई )।** एसडीएम के साथ उप कृषि निदेशक व अपर जिला सहकारिता अधिकारी की टीम ने नगर में स्थित आधा दर्जन खाद की दुकानों का निरीक्षण कर नमूने लिए। टीम ने दुकानों पर रेट लिस्ट लगाने एवं स्टॉक रजिस्टर तैयार रखने के निर्देश दिए। खाद की कालाबाजारी और नकली खाद की बिक्री रोकने के लिए अधिकारियों द्वारा खाद की दुकानों का निरीक्षण किया गया। उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, अपर जिला सहकारिता अधिकारी हरिदास यादव के साथ एसडीएम सना अख्तर ने नगर में बंगरा रोड व चुर्खी रोड पर स्थित खाद की दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानों पर रेट लिस्ट न टंगी होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए दुकानों पर रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए। कहा कि किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर ही डीएपी व यूरिया की बिक्री करें। यदि खाद की कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ ने कुरेपुरा कनार पंचायत के विकास कार्यों को गहनता से परखा

संवाददाता। उरई (जालौन)



विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते सीडीओ पायनियर

**शनिवार** को ग्राम पंचायत कुरेपुरा कनार द्वारा कराये गये विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव ने कराये गये विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुये उनकी गुणवत्ता परखी। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की सराहना की साथ ही जहां पर कमी मिली उस पर अपनी नाराजगी भी जाहिर की। ग्राम पंचायत कुरेपुरा कनार में विकास कार्यों की हकीकत को जांचने पहुंचे सीडीओ ने सबसे पहले कुरेपुरा कनार का पंचारयत सचिवालय का निरीक्षण किया इसके वह मजरा घिलौआ में पहुंचे जहां पर उन्होंने इंटरलॉकिंग देखी। इसके बाद वह मजरा कुतुबपुर के परिषदीय विद्यालय में जायजा लिया। तो वहीं घिलौआ के परिषदीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। मजरा कुतुबपुर में सामुदायिक शौचालय, ओपेन जिम, सैनेटरीपेड मशीन, स्कूल की किचन गार्डन, पंचायत सचिवालय की बगिया देखने के बाद मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कराये गये विकास कार्यों की तारीफ की साथ ही जहां पर हल्की फुल्की कमी मिली उसको लेकर नाराजगी भी प्रकट की। इस दौरान ग्राम प्रधान शिवदास गुप्ता, प्रतिनिधि सुनीता गुप्ता, सचिव विनय स्वर्णकार प्रधान कोटा मुस्तकिल ब्रजेश निषाद, प्रधान सिलौआ जागीर, श्याम सिंह पाल प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि ईटों भवानी शंकर सहित अनेकों ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### खेतों में जानवर चराने गयी महिला से गाली-गलौज

**जालौन (उरई)।** खेतों में जानवर चराने के लिए गई दलित महिला के साथ कुछ लोगों ने जानवर चराने को लेकर न सिर्फ जातिसूचक गालियां दीं बल्कि उसके साथ मारपीट कर अभद्रता भी की। पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी पुष्पा देवी पत्नी रामऔतार दोहरे ने पुलिस को बताया कि वह अपने जानवरों को खेतों में चराने के लिए ले जाती है। प्रतिदिन की भांति वह गांव के बाहर खेतों में जानवर चरा रही थी। तभी वहां कमसेरा गांव निवासी कुछ लोग आए और उसे जानवर चराने से मना करने लगे। जब उसने बताया कि वह उनके खेत में जानवर नहीं चरा रही है। वैसे भी खेत खाली हैं तो उन्हें क्या दिक्कत है। इस बात से नाराज होकर वहां मौजूद तीन चार लोगों ने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। इतना ही नहीं मारपीट के दौरान ही उसके साथ अभद्रता भी की गई। पीड़ित महिला ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बच्चे की सुपुर्दगी को लेकर हुये विवाद में दो नामजद

**जालौन (उरई)।** बच्चे की सुपुर्दगी को लेकर हुए सीओ कार्यालय परिसर में हुए विवाद के मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। मामले को लेकर पुलिस जांच कर रही है। राठ कोतवाली क्षेत्र के कोट बाजार निवासी सुनीता सिंह पत्नी कृष्ण नरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी को पांच वर्ष पूर्व आपरेशन से बच्चा हुआ था। जिसे उन्होंने पाल पोस कर बड़ा किया। अब उन्होंने बच्चा वापस करने को लेकर कोर्ट में मुकदमा दायर किया था। कोर्ट के आदेश पर वह सीओ कार्यालय में उनका बच्चा देने के लिए आई थीं। बच्चा वापस देने के बाद जब वह कार्यालय से बाहर आई तो वहां मौजूद गढ़गुवा निवासी सज्जन व चौधरयाना निवासी पुनीत व दो अज्ञात लोगों ने गाली, गलौज व मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उन्हें व पति को चोट आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### रिस्क से बचाएगी फिक्स्ड डोज़

**लखनऊ।** ग्लेनमार्क टाइप 2 डायबिटीज वाले वयस्क रोगियों, खासकर कोमोरबिडिटी वाले रोगियों के लिए टेनेलिग्लिप्टिन डैपाग्लिफ्लोज़िन फिक्स्ड डोज़ कॉम्बिनेशन लॉन्च करने वाली पहली कंपनी बन गई है। मार्केटिंग के लिए उपलब्ध इस डोज़ में टेनेलिग्लिप्टिन, डैपाग्लिफ्लोज़िन शामिल है, जो ग्लाइसेमिक कंट्रोल में सुधार करने व टाइप 2 डायबिटीज वाले वयस्क रोगियों में जटिलताओं को रोकने के लिए कारगर है। ईवीपी और बिजनेस हेडए इंडिया फॉर्म्युलेशन, आलोक मलिक ने कहा,फिक्सड डोज़ टाइप 2 डायबिटीज के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा।

### ओवरलोडिंग के विरुद्ध चले अभियान में पांच वाहनों का किया चालान

**जालौन (उरई)।** एआरटीओ व सीओ ने शराब के नशे में वाहन चलाने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाया। रात में चलाए गए अभियान में 20 वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें शराब पीकर वाहन चला रहे 4 लोगों का चालान किया गया। वहीं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 3 ट्रक एक मैजिक गाड़ी और एक ट्रैक्टर का चालान किया गया। शुक्रवार की रात एआरटीओ विनय कुमार व सीओ उमेश पांडेय की टीम ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। कोंच चौराहे पर चलाए गए अभियान में ब्रीथ एनलाइजर मशीन से वाहन चालकों से मशीन में फूंक मारकर देखा गया कि उन्होंने शराब पी है अथवा नहीं। चौकिंग के दौरान टीम ने 20 वाहन चौक किए। जिनमें 4 वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़े गए। पकड़े गए वाहन चालकों का चालान किया गया। वहीं, ओवरलोडिंग के खिलाफचलाए गए अभियान में ओवरलोड जा रहे 3 ट्रक, एक मैजिक गाड़ी और एक ट्रैक्टर का भी चालान किया गया।

### निकाय चुनाव व सरदार पटेल जयंती की भाजयुमो ने बनाई रणनीति

**कोंच(जालौन)।** आगामी स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की बैठक शनिवार को पटेल नगर स्थित द्वारिकाधीश मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमिय त्रिपाठी लकी ने कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमिय त्रिपाठी लकी के मुख्य आतिथ्य तथा जिला मंत्री प्रिंस निरंजन, जिला कार्यसमिति सदस्य दीपक तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित बैठक में लकी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 31 अक्तूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनानी है। इसके बाद निकाय की बैठकें बूथवार होंगी। उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर से 7 नवंबर तक मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। निकाय चुनाव को लेकर मंडल अध्यक्ष वार्डों में समीक्षा बैठकें करेंगे। इस दौरान ऋषि अग्रवाल, नगर अध्यक्ष दीपक गर्ग बेटू, महेंद्र अग्रवाल, सौरभ पुरवार छोटू, नगर महामंत्री अजय कुशवाहा, अंचल गुप्ता, विकास दुवे, दीपेंद्र अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, अंकित राणा, मुकेश राठौर, रामजी अग्रवाल, हनी अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, कुलदीप कुशवाहा, नमन हिंगवासिया, शीलू कुठौलिया, स्पर्श अग्रवाल, सुरेंद्र कुशवाहा, आकाश दुवे सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिनों दिन बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप

**कोंच(जालौन)।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों उत्पन्न मच्छरों के प्रकोप से डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी रुकने का नाम नहीं ले रही है।डेंगू बीमारी के बढ़ते प्रकोप का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त नगर में संचालित सभी प्राइवेट नर्सिंग होम में बच्चों से लेकर बढ़े बूढ़े भर्ती हैं जो शरीर में लगातार गिरती हुई प्लेलेट्स से डरे हुए हैं।नगर क्षेत्र में लोगों के दिलो दिमाग में डेंगू बीमारी का खौफदेखा जा रहा है और डेंगू बीमारी से बचने के लिए हर जरूरी एहतियात बरत रहे हैं। उधर, इस बीमारी की रोकथाम को लेकर नगर पालिका द्वारा धरातल पर ठोस कदम न उठाए जाने को लेकर नागरिकों में गुस्सा देखा जा रहा है।

### अर्पित बने विहिप के पूर्णकालिक पदाधिकारी

**कोंच**(जालौन)। युवा अर्पित वाजपेयी की हिंदुत्ववादी विचारधारा को आगे बढ़ाने की ललक ने उन्हें कोंच के इतर एक नया मुकाम दिया है। उन्हें विश्व हिंदू परिषद झांसी महानगर का पूर्णकालिक जिला विद्यार्थी प्रमुख बनाया गया है। उनके शुभचिंतकों और विहिप, बजरंग दल व भाजपा के लोगों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है। दायित्व की घोषणा कानपुर प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री मधुराम द्वारा की गई है। अर्पित ने इस नए दायित्व को स्वीकारते हुए अपनी बात कविता के माध्यम से कही, तन समर्पित मन समर्पित और यह जीवन समर्पित, चाहता हूं देश की धरती तुझे अभी कुछ और भी दूं। इस भाव को मन में संजोकर डॉ केशवराव बलिराम हेडगेवार के मार्ग का अनुसरण करता रहूं। इस मौके पर झांसी विभाग के संगठन मंत्री सर्वेश, कानपुर विभाग के संगठन मंत्री पीयूष, झांसी महानगर जिलाध्यक्ष प्रभाकर अवस्थी, जिला मंत्री अभिषेक राजपूत, जिला सह संयोजक विवेक, झांसी महानगर युवा मोर्चा महामंत्री मुकुल द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा वर्मा, देवेंद्र विद्यार्थी सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उद्यान योजनाओं का किसान उठायें भरपूर लाभः डीएचओ



संवाददाता। चित्रकूट

**जिला** उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने रामनगर ब्लाक के बांधी गांव में किसान चौपाल में आये किसानों को विभागीय औद्यानिक योजनाओं की जानकारी दी। किसानों से कहा कि विभागीय पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराकर एकीकृत बागवानी विकास मिशन की योजना का लाभ उठायें। शनिवार को जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने किसानों से कहा कि संकर सब्जी क्षेत्र विस्तार एवं मसाला क्षेत्र विस्तार में किसानों को नि:शुल्क बीज मिलते हैं। किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर व रेनगन के लाभ के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में जो किसान अपना स्वयं का उद्योग लगाने के इच्छुक हैं, वह उद्यान विभाग में सम्पर्क करें। उन्होंने बताया कि उद्योग लगाने के इच्छुक किसानों को लागत का 35 फीसदी अधिकतम दस लाख रुपया अनुमन्य है। चौपाल में आये किसानों को पांच-पांच विभागीय पम्पलेट बांटे।

# खाद सत्यापन को 38 दुकानों पर कृषि विभाग ने की छापेमारी

संवाददाता। चित्रकूट



छापेमारी करते जिला कृषि अधिकारी पायनियर

**किसानों** के उपयोग में आने वाली खाद की कालाबाजारी रोकने को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षक व अन्य विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर छापेमारी की गई। विभिन्न उर्वरक विक्रेताओं के 38 स्थानों पर छापेमारी कर खाद के 13 नमूने लिए गये। शनिवार को जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने बताया कि 38 दुकानों से 13 नमूने लेकर परीक्षण को प्रयोगशाला भेजा गया है। नतीजे मिलने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही की जायेगी। इन दिनों रबी फसलों की बुवाई चल रही है। बुवाई में डीएपी व एनपीके, यूरिया व अन्य खादों को किसान खरीद रहे हैं। किसानों को निर्धारित मूल्य पर डीएपी, यूरिया व अन्य खाद उपलब्ध कराने को छापेमारी की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि खाद विक्रेता खाद का अवैध भंडारण कर कृत्रिम अभाव पैदा कर रहे हैं। कालाबाजारी व ओवर रेटिंग, यूरिया के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग रोकने को शासन के निर्देश पर गठित जिला स्तरीय टीम ने चारों तहसीलों में छापेमारी की है। उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों व गोदामों का निरीक्षण कर पीओएस मशीन से भौतिक स्टाक का सत्यापन किया। जिन दुकानों में कमी मिली है, उन्हें अभिलेख दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी विक्रेताओं को रेट बोर्ड, स्टाक का प्रदर्शन व केवल पीओएस मशीन के जरिये ही उर्वरक बिक्री को निर्देशित किया है।

## सड़क हादसे में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की मौत

**बदायूं।** बदायूं के सदर कोतवाली इलाके में एक सड़क हादसे में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि बदायूं के सदर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बच्चा सिंह यादव (56) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उनकी तैनाती बदायूं पशु चिकित्सालय में थी। श्रीवास्तव ने बताया कि वे मूलरूप से लखनऊके रहने वाले थे, दीपावली की छुट्टियों में घर गए थे और वापस लौटने के बाद यह हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार बच्चा सिंह यादव दिवाली की छुट्टी मनाकर शुक्रवार को घर से लौटे थे और कार्यभार संभालने के बाद शाम के समय वह टहलते हुए चिकित्सालय से कुछ दूरी लालपुल चौराहे पर पहुंचे, तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हे टक्कर मार दी, जिससे वह सिर के बल जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सीएमओ के निरीक्षण में फिर दो कर्मी ड्यूटी से गायब मिले

संवाददाता। जालौन (उरई)



सीएचसी जालौन का निरीक्षण करने जाते सीएमओ पायनियर

**सीएचसी में** बन रहे 20 बेड के अतिरिक्त वार्ड के निर्माण में मानकों का ध्यान रखा जाए। अस्पताल में एक्सरे टैक्नीशियन की नियुक्ति हो गई है। उसे जल्द ही भेजा जाएगा। यह बात सीएमओ ने सीएचसी के निरीक्षण के दौरान कही। इस दौरान अस्पताल में दो कर्मचारियों की अनुपस्थिति मिलने पर उन्होंने स्पष्टीकरण भी मांगा है।

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा शनिवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सीएचसी में औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। सीएमओ के अचानक से अस्पताल पहुंचने पर हलचल मच गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैली अव्यवस्थाओं की मिल रही शिकायतों को देखते हुए उन्होंने प्रसव उपरांत वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें वार्ड ब्वाय असोच व एक नर्स अनुपस्थिति मिले। कर्मचारियों के अनुपस्थित मिलने उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं मरीजों ने बताया कि अस्पताल में लगभग तीन माह पूर्व एक्सरे टैक्नीशियन का स्थानांतरण हो गया था। अब तक नया एक्सरे टैक्नीशियन नहीं आया है। जिससे मरीजों को दिक्कत हो रही है। जिस पर उन्होंने बताया कि एक्सरे टैक्नीशियन के रूप में राजेश सोहान की नियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने मोबाइल पर एक्सरे टैक्नीशियन को ड्यूटी ज्वाइन करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. राजीव दुबे, डॉ. योगेश आर्या, फार्मासिस्ट पीएन शर्मा, सचिन कुमार, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं ने द्वारिकाधीश मंदिर में रंगोली सजाकर दीपोत्सव मनाया



**जालौन ( उरई )।** नगर के द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें रंगोली और दीप सजाकर उत्सव मनाया गया। नगर के द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में मनाए गए दीपोत्सव कार्यक्रम में वार्ड की सभासद खुशबू अग्रवाल, उमा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि महिलाओं ने आकर्षक रंगोली सजाई। रंगोली पर सजाए गए 1000 दीये एक आकर्षक धार्मिक माहौल बना रहे थे। धार्मिक माहौल के बीच मौजूद महिलाओं ने परिवार के सुख और स्वास्थ्य की कामना की। दीपोत्सव कार्यक्रम के उपरांत आकर्षक आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया। अंत में महिलाओं ने एक दूसरे को गले मिलकर उत्सव की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता, संध्या गुप्ता, नैना साहनी, मधु पांडेय, सुनीता दीक्षित, रानी गुप्ता, डॉ. रंजना दुबे, साधना तिवारी आदि मौजूद रहीं।

## पूजा पंडाल में आग से झुलसी एक और महिला की मौत, मृतक संख्या 17 हुई

**भदोही।** औराई थाना इलाके के नरथुआ गांव में दो अक्टूबर को दुर्गा पूजा पंडाल में लगी आग लगने से झुलसी एक महिला की शनिवार को मौत हो गई, जिससे इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 17 हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नरथुआ गांव के पूजा पंडाल में आग लगने से अब तक कुल 17 लोगों की मौत हो चुकी है। भदोही के जिलाधिकारी गौरांग राठी ने शनिवार को बताया कि दो अक्टूबर की रात को आग से झुलसी इंद्रावती देवी (70) का इलाज वाराणसी में चल रहा था और आज दोपहर उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अब भी 30 झुलसे मरीज़ों का कई अस्पतालों में इलाज जारी है, जिसमें कई लोगों की हालत गंभीर है। उल्लेखनीय है कि दो अक्टूबर की रात पूजा पंडाल में उस व2392ीत आग लगी थी जब तीन सौ से ज़्यादा महिला, पुरुष और बच्चे पंडाल में मौजूद थे। इस हादसे में कुल 92 लोग आग से झुलस कर घायल हो गए थे ।

# भव्य शोभा यात्रा के साथ होगी दो दिवसीय लौहपुरूष सरदार पटेल जयंती की शुरुआत

- **30 अक्टूबर को शोभा यात्रा एवं 31 को होगा जयंती समारोह का आयोजन**
- **पटेल सेवा संस्थान एवं बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति संयुक्त रूप से करेगी आयोजन**

संवाददाता। चित्रकूट



आमंत्रण पत्र बांटते पटेल सेवा संस्थान के पदाधिकारी पायनियर

**पटेल** सेवा संस्थान और बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति देश के प्रथम पूर्व उप प्रधानमंत्री/ गृह मंत्री भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती समारोह को बडे ही धूमधाम से मनायेगगी।शनिवार को पटेल सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह पटेल के नेतृत्व में संस्थान के पदाधिकारियों ने मुख्यालय के सदर बाजार में आमंत्रण पत्र बांटकर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने की अपील की। पटेल सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष महेद्र सिंह पटेल के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह,आर के सिंह,दिलीप सिंह,कैलाश बौद्ध आदि दर्जनों लोगों ने शहर के मिशन तिराहा,सदर बाजार आदि इलाकों में जनसम्पर्क पर 30 व 31 अक्टूबर को लौहपुरूष सरदार पटेल की जयंती उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में शिरकत कर आयोजन को भव्य बनाने की अपील की। उन्होने बताया पूर्व उप प्रधानमंत्री/ गृहमंत्री सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती की पूर्व संध्या 30 अक्टूबर को भव्य और दिव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के पहले प्रात: 10.30 जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे।इसके बाद शाम चार बजे मुख्यालय के शहीद पार्क से भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा एलआईसी तिराहा से ट्रैफिक चौराहा होते हुए सरदार पटेल तिराहा तक जाएगी। इसके बाद पटेल पार्क में कैडिंल जलाकर लौहपुरूष सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया जायेगा। इसके अलावा 31 अक्टूबर को मुख्यालय के श्रीगंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज कर्वी में भव्य जयंती समारोह का आयोजन होगा।जिसमे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित मेधावियों और विभिन्न नौकरियों में अंतिम रूप से चयनित लोगों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने लोगों से पटेल जयन्ती की पूर्व संध्या (30 अक्टूबर) को आयोजित शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## क्षेत्र पंचायत बोर्ड मीटिंग में सर्वसम्मति से नौ प्रस्ताव किये गये पास

**जालौन ( उरई )।** क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता व बीडीओ के संचालन में संपन्न हुई। जिसमें गांव के विकास कार्यों, पेयजल, सड़क, आवास के प्रस्ताव मांगे गए। बैठक में सर्वसम्मति से 9 प्रस्ताव पास किए गए। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन ने सभी प्रधानों व बीडीसी से गांव के विकास के लिए प्रस्ताव मांगे।

बैठक में उपस्थित अधिकांश प्रधानों ने नमामि गंगे योजना के तहत गांव में डाली गई पाइपलाइन के कारण सड़कें खराब होने का मुद्दा उठाया। बैठक में गांवों की सफाई व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, तालाब की समय से खुदाई, सिंचाई व माइनरों की वर्तमान स्थिति, समाज कल्याण, सहकारिता, कृषि कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

# भारतीय शीर्ष क्रम की होगी कड़ी परीक्षा

## पर्थ की तेज और उछाल वाली पिच पर होगी नजर

**भाषा।** पर्थ



दिनेश कार्तिक अभ्यास करते हुए

**भारत के** शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्वकप मैच में तेज और उछाल भरी पिच पर कैगिसो रबाडा और एनरिक नोर्किया जैसे तेज गेंदबाजों के सामने कड़ी परीक्षा देनी होगी।

यह मैच संभवत: सुपर 12 के ग्रुप 2 से चोटी पर रहने वाली टीम और भारत के सेमीफाइनल का मैच स्थल तय करेगा। वाका कई दशकों तक पर्थ में पारंपरिक मैच स्थल रहा है लेकिन अब मैच नवनिर्मित ऑप्टस स्टेडियम में खेले जाते हैं। स्टेडियम भले ही बदल गया हो लेकिन पिच का व्यवहार नहीं बदला है। यहां की पिच में भी तेजी और उछाल है जिससे बल्लेबाजों को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विश्व के दो खतरनाक तेज गेंदबाजों रबाडा और नोर्किया के सामने रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव की कड़ी परीक्षा होगी। रबाडा 145 किमी की रफ्तार से गेंद को स्विंग कराने में माहिर हैं जबकि नोर्किया 150 किमी की रफ्तार से गेंद कराते हैं। ऐसे में इन दोनों गेंदबाजों का सामना करने के लिए पावरप्ले के ओवरों में हाथ और आंख का तालमेल महत्वपूर्ण होगा। पिच से मिलने वाली अतिरिक्त उछाल के कारण बल्लेबाजों के पास शॉट खेलने के लिए समय कम होगा और यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय बल्लेबाज ऐसी परिस्थितियों में कैसा रवैया अपनाते हैं। परिस्थितियों को देखते हुए रोहित के साथ पारी का आगाज करने के लिए ऋषभ पंत अच्छा विकल्प होता लेकिन माना जा रहा है की मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अभी खराब फॉर्म में चल रहे केएल राहुल को अंतिम एकादश में बनाए रखना चाहते हैं। पंत को दिनेश कार्तिक की जगह भी अंतिम एकादश में रखने का विकल्प है। कार्तिक की विकेटकीपिंग पहले दो मैचों में अपेक्षानुरूप नहीं रही थी। नीदरलैंड के खिलाफ मैच से यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका का सामना करने के लिए कितनी तैयार है। इन दोनों टीम के बीच पिछली श्रृंखला भारत की कम उछाल वाली पिचों पर खेली गई थी जो कि बल्लेबाजों के लिए अनुकूल थी। जहां तक दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी संयोजन की बात है तो फिर अगर वह बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी को बाहर रखते हैं तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। उनकी जगह मार्को जानसेन या लुंगी एनगिडी को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। भारतीय बल्लेबाजों ने पूर्व में शम्सी को सहजता से खेला है तथा ऑप्टस स्टेडियम में ओवर गति बनाए रखने के लिए ही दो स्पिनर रखे जा सकते हैं। विजई संयोजन को बनाए रखना लाजमी है लेकिन दक्षिण अफ्रीका की टीम में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, रिली रोसो और डेविड मिलर हैं जो अक्षर पटेल को सहजता से खेल सकते हैं। अक्षर का बाएं हाथ के बल्लेबाजों के सामने इकोनॉमी रेट नौ रन प्रति ओवर के करीब है। यदि भारत अक्षर की जगह युजवेंद्र चहल को अंतिम एकादश में नहीं रखता है तो फिर हार्दिक पंड्या को अपने चारों ओवर करने पड़ सकते हैं। अक्षर टीम में पंत के अलावा बाएं हाथ के अन्य बल्लेबाज हैं जिससे उनका मामला मजबूत बनता है। दक्षिण अफ्रीका के लिए शीर्ष क्रम में एकमात्र चिंता कप्तान तेंबा बावुमा की लचर फॉर्म है, जिनका खेल टी20 के अनुकूल नहीं है। उसके पास हालांकि ट्रिस्टन स्टब्स और रोसो के रूप में दो आकर्षक बल्लेबाज हैं जो कि भारतीय गेंदबाजों पर हावी होकर खेल सकते हैं। भारतीय गेंदबाजों में अभी केवल मोहम्मद शमी ही 140 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं। रोसो लगातार मैचों शतक लगाने के बाद इस मैच में उतरेंगे और वह भारतीय गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ा खतरा होंगे। भारत यदि रविवार को दक्षिण अफ्रीका को हरा देता है और उसके बाद बांग्लादेश और जिंबाब्वे पर भी जीत दर्ज करता है तो उसका सेमीफाइनल का मैच स्थल एडिलेड होगा। इस ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम 10 नवंबर को एडिलेड में सेमीफाइनल खेलेगी जबकि दूसरे नंबर की टीम को सिडनी में सेमीफाइनल खेलना होगा।

### कार्तिक ने विशेष ड्रिल्स कीं, पंत ने भी किया जमकर अभ्यास

**पर्थ।** दिनेश कार्तिक के लिए यह अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट हो सकता है जबकि 37 साल का यह विकेटकीपर बल्लेबाज 2007 में पहली बार वैश्विक टूर्नामेंट के लिए टीम का हिस्सा बना था। वहीं 25 साल के ऋषभ पंत को अभी काफी वर्षों तक शीर्ष स्तर का क्रिकेट खेलना है। पंत ने नेट में अभ्यास के दौरान शुरू से अंत तक बल्लेबाजी की लेकिन अंतिम एकादश में उनके शामिल होने की संभावना अभी कम ही है। दोनों विकेटकीपर बल्लेबाज अपने जीवन के अलग अलग चरण में हैं। कार्तिक ने कुछ विशेष ब्लाइंट ड्रिल्स की ताकि लोग उनकी विकेटकीपिंग की आलोचना नहीं करें जो उनका अंतिम बड़ा टूर्नामेंट हो सकता है। वहीं पंत के बल्लेबाजी सत्र के दौरान एक युवा का जुनून दिखा और राहुल द्रविड़ ने अपना ज्यादातर समय उनकी बल्लेबाजी को देखने में बिताया। कभी कभार उन्होंने शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज पर जोरदार शॉट्स लगाए। कभी वह चूक भी गए लेकिन उन्होंने अभ्यास जारी रखा। भारत के नेट अभ्यास का केंद्र कार्तिक की अलग तरह की विकेटकीपिंग ड्रिल थी जो क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप की निगरानी में की गई। ब्लाइंट ड्रिल ऐसा अभ्यास है जो विकेटकीपर की सतर्कता बढ़ाने के लिए की जाती है। इसके बाद कार्तिक ने कुछ कैच लपकने का भी अभ्यास किया। बल्कि कोच राहुल द्रविड़ ने नेट गेंदबाजों (स्पिनरों) को स्टंप पर तेज गेंद डालने के लिए कहा जब कार्तिक विकेटकीपिंग कर रहे थे। एक नेट गेंदबाज खिलेश ने कहा, हमें भारतीय कोचों से निर्देश मिला कि तेज गेंद फेंको और स्टंप के करीब रखो, ज्यादा टर्न मत करो, जब कार्तिक विकेटकीपिंग कर रहे हों। हम ग्रेड क्रिकेट में इतनी तेज गेंदबाजी के आदी नहीं हैं लेकिन मजा आया। कार्तिक अपनी ड्रिल करते रहे जबकि पंत दूसरे नेट में बल्लेबाजी अभ्यास कर रहे थे। इस वैकल्पिक ट्रेनिंग सत्र के दौरान मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा भी मौजूद थे और दूर से ही देख रहे थे।

# कोहली की पारी ईश्वर का गीत जैसी, टी20 कला के रूप में वैधता प्रदान की : चैपल

**भाषा।** पर्थ



**ऑस्ट्रेलिया के** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली की पारी ईश्वर का गीत जैसी थी, जो भगवद गीता का शाब्दिक अनुवाद है और इसने टी20 क्रिकेट को कलात्मक खेल के रूप में वैधता दिलाई। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 82 रन की पारी खेलकर भारत को रोमांचक जीत दिलाई थी। इससे प्रभावित होकर चैपल ने इस पूर्व कप्तान को अपने समय का सबसे संपूर्ण भारतीय बल्लेबाज करार दिया। चैपल ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में अपने कॉलम में लिखा, भगवद गीता हिंदू धर्म की पवित्र पुस्तक है। शाब्दिक रूप से अनुवाद में इसका अर्थ है ईश्वर का गीत है। कोहली ने एक ऐसी पारी खेली जो ईश्वर के गीत के करीब थी जैसी टी20 क्रिकेट में कभी नहीं खेली गई। इस 74 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कोहली की आक्रामक पारी बल्लेबाजी की कला को अगले स्तर तक ले गई और इसने असल में टी20 क्रिकेट को कलात्मक खेल के रूप में वैधता प्रदान की। क्रिकेट को चाहने वाले टेस्ट क्रिकेट को पसंद करते हैं जबकि टी20 प्रारूप में शुरू से ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी को तरजीह दी जाती है और बल्लेबाज हर गेंद पर लंबा शॉट खेलना चाहता है। ऊन के नए छल्ले के साथ खेलने वाली बिल्ली की तरह कोहली ने पहले उन्हें परेशान किया और फिर पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण को तार-तार कर दिया। चैपल ने आगे कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ कोहली की पारी ने टी20 क्रिकेट को भी वैध बना दिया। यह ऐसी पारी थी जिसमें बल्लेबाजी की कला भी देखने को मिली। मैंने जितनी क्रिकेट देखी है ऐसा कोई नहीं कर पाया। भारत के पूर्व कोच ने कहा, यह एक ऐसी पारी भी थी जिसने टी20 क्रिकेट को वैध बना दिया।

### चैपल ने डेड बॉल नियम की समीक्षा करने को कहा

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने क्रिकेट के नियमों की समीक्षा की मांग करते हुए कहा कि अगर फ्री हिट के दौरान गेंद बल्ले को छका कर स्टंप पर लग जाती है तो इसे डेड बॉल करार देना चाहिए और इसका श्रेय गेंदबाज को मिलना चाहिए क्योंकि यह खेल पहले ही बल्लेबाजों के अधिक अनुकूल है। भारत ने कमर से ऊपर की नोबॉल और फिर उसके बाद फ्री हिट पर बाई के रूप मे मिले तीन रन से पाकिस्तान को टी20 विश्व कप के मैच मे पराजित किया था। इसके बाद हालांकियह चर्चा होने लगी फ्री हिट की गेंद जब स्टंप पर लग गई थी तो उसे तुरंत ही डेड बॉल क्यो नही दिया गया। पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि यदि फ्री हिट वाली गेंद पर बल्लेबाज बोल्ड हो जाता है तो फिर उसे डेड बॉल करार देना चाहिए, जिससे कि उस गेंद पर आगे रन नही बने।

### आईसीए का प्रतिनिधित्व करेंगे वेंगसरकर और कुलकर्णी

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई की शीर्ष परिषद में भारतीय क्रिकेटर संघ (आईसीए) का प्रतिनिधित्व करने के लिए शनिवार को पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर और शुभांगी कुलकर्णी को चुना गया। शुभांगी को महिला आईसीए प्रतिनिधित्व के तौर पर निर्विरोध चुना गया जबकि वेंगसरकर ने आईसीए के निवर्तमान और पूर्व भारतीय क्रिकेटर अशोक मल्होत्रा को पराजित किया।

### अगले साल के शुरू में भारत में होंगे तीन चैलेंजर टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** भारत में अगले साल के शुरू में चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में तीन एटीपी 100 चैलेंजर प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने शनिवार को यह घोषणा की। एआईटीए ने अभी तक तिथियों के बारे में नही बताया है लेकिन माना जा रहा है इनका आयोजन भारतीय टीम के डेविस कप विश्व ग्रुप प्लेऑफ मुकाबले के बाद फरवरी में किया जाएगा। एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने कहा, हमें अभी एटीपी से तिथियों की मंजूरी नही मिली है। पर हमें जल्द ही पता चल जाएगा।

### स्पेन के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगी भारतीय टीम

**भुवनेश्वर।** पिछले मैच में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करने वाली भारतीय हॉकी टीम स्पेन के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले प्रो लीग मैच में अनुशासित प्रदर्शन करके विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने शुक्रवार को पहले मैच में न्यूजीलैड के खिलाफ1-3 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके यह मैच 4-3 से जीता था। भारतीय टीम अब स्पेन के खिलाफ बढ़े उत्साह के साथ मैदान पर उतरेगी। स्पेन के खिलाफ हालांकि मुकाबला आसान नही हो क्योंकि पिछले सत्र में भारत अपने प्रतिद्वंदी से दूसरे चरण के मैच में 3-5 से हार गया था।

### पुनीत यादव ने 10,000 मीटर में मीट रिकॉर्ड से यादगार पदार्पण किया

**बिलासपुर।** हरियाणा के पुनीत यादव ने पदार्पण मे चमकदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां एएफआई राष्ट्रीय ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मीट रिकॉर्ड बनाया और 10,000 मीटर खिताब जीत लिया। पुनीत ने 29:44.64 सेकेंड का समय लिया जो कार्तिक कुमार (30:41.66) के पिछले साल शुरूआती चैम्पियनशिप मे खिताबी जीत के समय से एक मिनट बेहतर रहा। उत्तर प्रदेश के फारूख चौधरी ने रजत और दिल्ली के रोहित कुमार ने कांस्य पदक जीता।

### बेंगलुरू बुल्स ने दबंग दिल्ली को हराया, गुजरात जायंट्स की बड़ी जीत

**पुणे।** भरत के शानदार प्रदर्शन के बूते बेंगलुरू बुल्स ने शनिवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के रोमांचक मुकाबले में दबंग दिल्ली पर 47-43 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच मे गुजरात जायंट्स ने तेलुगु टाइटन्स को 30-19 से शिकस्त दी। भरत ने 20 अंक जुटाकर बेंगलुरू बुल्स के लिए चमकदार प्रदर्शन किया। पहले हाफ मे बेंगलुरू की टीम 27-18 से बढ़त बनाए थी। हालांकि फिर दोनों टीमें बराबरी पर पहुंच गई थी लेकिन बेंगलुरू ने अंत में मैच जीत लिया।

# दो खराब पारियों के आधार पर राहुल को अंतिम एकादश से बाहर नहीं कर सकते: बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़

**भाषा।** पर्थ



**केएल राहुल** भले ही दो मैचों में अच्छा नहीं कर सके हों लेकिन भारतीय कोच विक्रम राठौड़ का कहना है कि इस खिलाड़ी को अंतिम एकादश से बाहर करने और शीर्ष क्रम में ऋषभ पंत को शामिल करने के लिए एकमात्र यही वजह काफी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को टी20 विश्व कप मैच की पूर्व संध्या पर राठौड़ ने यह बात कही। राहुल पाकिस्तान के खिलाफ चार गेंद का सामना करके एक रन बनाकर आउट हो गए थे और नीदरलैंड के खिलाफ भी 12 गेंद में नौ रन ही बना पाए थे और पगबाधा आउट हो गए। पंत को बतौर सलामी जोड़ीदार रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी करने के कुछ मौके मिले हैं जिसमें उन्होंने बेहतरीन जज्बा दिखाया है। लेकिन राठौड़ ने स्पष्ट किया कि रूड़की के इस प्रतिभाशाली क्रिकेटर को अभी इंतजार करना होगा। राठौड़ ने पंत को शामिल करने के विचार को खारिज करते हुए कहा, नहीं, हम इसके बारे में नहीं सोच रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि यह अच्छा उदाहरण होगा। वह काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है और अभ्यास मैचों में भी उसने अच्छी बल्लेबाजी की है। इसलिए हम कुछ भी बदलाव नहीं कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा, दुर्भाग्य से केवल 11 खिलाड़ी ही खेल सकते हैं और मैं जानता और समझता हूं कि ऋषभ एक शानदार खिलाड़ी है और हम जानते हैं कि वह किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ विध्वंसक हो सकता है। उसके लिए संदेश यही होगा कि तैयार रहे और आपको कभी भी मौका मिल सकता है। उसे मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहना चाहिए। वह ऐसा कर रहा है और आपने उसे नियमित रूप से अभ्यास करते हुए देखा होगा। जब पूछने पर कि राहुल पावरप्ले में रोहित शर्मा की तुलना में बल्लेबाजी में इतना संयमित रवैया क्यों अपना रहे हैं तो उन्होंने स्वीकार किया कि एक बार वह फॉर्म में वापसी कर लेगा तो चीजें बदल जाएंगी। हर खिलाड़ी का खेलने और अपनी पारी को बढ़ाने का अपना तरीका होता है। अच्छी भागीदारी वही होती है जिसमें दोनों खिलाड़ी एक दूसरे को रन बनाने में मदद करते हैं। अगर राहुल अच्छी फॉर्म में है तो वह आक्रामक बल्लेबाजी भी कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि विराट कोहली के बल्लेबाजी रवैए में जानबूझकर कुछ भी बदलाव नहीं हो रहा है। ऐसा नहीं है। यह परिस्थितियों पर निर्भर करता है और हमें गर्व है कि हमारी टीम परिस्थितियों के अनुसार ढलती है। वह (कोहली) परिस्थितियों के हिसाब से अपने खेल में बदलाव करते हैं। उन्होंने शानदार काम किया है और हम उनसे यही जारी रखने की उम्मीद करेंगे।

### बुमराह लंबे समय तक सभी प्रारूपों में नहीं खेल सकता: थॉमसन



**पर्थ।** दुनिया के महानतम तेज गेंदबाजों में से एक जेफ थॉमसन का कहना है कि अगर जसप्रीत बुमराह को अपना करियर लंबा खीचना है तो वह लंबे समय तक तीनों प्रारूपों मे खेलने का जोखिम नही उठा सकते। समकालीन क्रिकेट मे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों मे से एक बुमराह चोटिल होने के कारण टी-20 विश्वकप मे नही खेल पा रहे है। पीठ की चोट के कारण उन्हे लंबे समय तक बाहर रहना पड़ सकता है। अपने समय के तूफानी तेज गेंदबाज थॉमसन का मानना है कि यह बुमराह को तय करना है कि उन्हे तीनों प्रारूपों में से किस प्रारूप मे खेलना है। थॉमसन ने पीटीआई से बातचीत मे कहा, बुमराह अपने शरीर पर बहुत अधिक बोझ डालते है क्योंकि वह सभी प्रारूपों मे खेलते है और ऐसे मे वे चोटिल हो जाते है। अब फैसला उन पर है कि वह क्या करना चाहते है। दर्शक चाहते है कि वह सीमित ओवरों की क्रिकेट मे खेले। वह सीमित ओवरों की क्रिकेट मे उसे गेंदबाजी करते हुए देखने के लिए स्टेडियम मे आते है। वनडे मे केवल 60 और टी20 मे 24 गेंद करनी होती है जो इस पर निर्भर करता है कि वह किस प्रारूप मे खेलता है। टेस्ट क्रिकेट मे उसे एक दिन मे 15 ओवर करने की जरूरत पड़ेगी। आप अच्छी तरह से समझ सकते है कि अपना करियर लंबा खीचने के लिए आपको किस प्रारूप मे खेलना चाहिए। जिस तरह से प्रत्एक साल विश्वकप हो रहे है सीमित ओवरों की क्रिकेट भी कम महत्वपूर्ण नही रह गई है।

# फिलिप्स व बोल्ट ने न्यूजीलैंड को दिलाई जीत

## श्रीलंका को 65 रनों से पराजित किया

**भाषा।** सिडनी




**ग्लेन फिलिप्स** (104 रन) के विशेष शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने खराब शुरूआत से उबरने के बाद ट्रेंट बोल्ट (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से शनिवार को यहां टी20 विश्व कप मैच में श्रीलंका पर 65 रन की महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने पावरप्ले के अंदर 15 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद फिलिप्स (64 गेंद, 10 चौके, चार छक्के) ने डेरिल मिशेल (24 गेंद में 22 रन) ने 84 रन की भागीदारी निभाकर पारी संभाली। इससे टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। फिलिप्स का भाग्य ने पूरा साथ दिया, उन्हें दो बार जीवनदान मिला। इस 25 साल के खिलाड़ी ने 12 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाकर बेहतरीन स्ट्रोक्स लगाए और अपना दूसरा टी20 शतक जड़ा। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका ने भी न्यूजीलैंड की तरह शुरूआती विकेट गंवा दिए, पर वह इन झटकों से उबर नहीं सका और उसकी पूरी टीम 19.2 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए बोल्ट ने नई गेंद से श्रीलंका को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया और अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। उन्होंने चार ओवर में 13 रन देकर चार विकेट झटके। यह न्यूजीलैंड की तीन मैचों में दूसरी जीत है जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ उनका पिछला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। अब एशिया कप चैम्पियन श्रीलंका के लिए सेमीफाइनल का सफर काफी मुश्किल हो गया है जिसने तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

### स्कोरबोर्ड

**न्यूजीलैंड:** एलन बो तीक्षणा 01, कॉनवे बो धनंजय डिसिल्वा 01 ,विलियमसन का कुसल मेंडिस बो रजिता 08,फिलिप्स का शनाका बो लाहिरू कुमारा 104 , मिशेल बो हसरंगा 22,नीशम का शनाका बो रजिता 05,सेंटनर नाबाद 11,सोढ़ी रन आउट 01 ,साउदी नाबाद 04,**अतिरिक्त:** 10,**कुल :** (20 ओवर मे सात विकेट पर) 167 ,**विकेट पतन:** 1-2 , 2-7, 3-15, 4-99, 5-129, 6-162, 7-163,**गेंदबाजी:** तीक्षणा 4-0-35-1 ,रजिता 4-0-23-2 , डिसिल्वा 2-0-14-1 , हसरंगा 4-0-22-1 ,कुमारा 3-0 -37-1 ,करूणारत्ने 3-0-34-0

**श्रीलंका पारी :** निसांका पगबाधा बो साउदी 00,मेंडिस का कॉनवे बो बोल्ट 04, डिसिल्वा बो बोल्ट 00,असालंका का एलेन बो बोल्ट 04,राजपक्षे का विलियमसन बो फर्ग्यूसन 34, करूणारत्ने का बोल्ट बो सैंटनर 03, शनाका का मिशेल बो बोल्ट 35, हसारंगा डिसिल्वा का विलियमसन बो सोढ़ी 04,रजिता नाबाद 04,कुमारा स्ट कॉनवे बो सोढी 04, **अतिरिक्त :** 04,**कुल :** 19.2 ओवर मे सभी आउट : 102 रन,**विकेट पतन :** 1-0, 2-4, 3-5, 4-8, 5-24, 6-58, 7-64, 8-65, 9-93,**गेंदबाजी :** साउदी 4-1-12-1,बोल्ट 4-0-13-4, फर्ग्यूसन 4-0-35-1, सैटनर 4-0-21-2, सोढ़ी 3.2-0-21-2

# भारत ने जीता तीसरा सुल्तान जोहोर कप

## आस्ट्रेलिया को शूटआउट में हराया, जीता

**भाषा।** जोहोर बाहरू (मलेशिया)




**दो बार की** चैम्पियन भारत ने शनिवार को यहां रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में आस्ट्रेलिया को 5-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप अपने नाम किया। इस तरह भारत ने टूर्नामेंट में पांच साल के खिताबी सूखे को समाप्त किया। दोनों टीमें नियमित समय के बाद 1-1 की बराबरी पर थी। फिर शूटआउट हुआ जिसमें भी दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर पहुंच गई। अब मैच सडन डेथ में पहुंच गया। विजई टीम का फैसला करने के लिए नौ पेनल्टी शॉट की जरूरत पड़ी। आस्ट्रेलिया को पहले मौका मिला जिसने कूपर बर्न्स को उतारा लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार ने इसका बचाव किया। भारत ने विष्णुकांत सिंह से शुरूआत की जिन्होंने आसानी से गोल कर दिया। फिर लियाम हार्ट ने शूटआउट में आस्ट्रेलिया के लिए पहला गोल दागा। इसके बाद सुदीप का शॉट वाइड चला गया। पहले दो शॉट के बाद टाईब्रेकर 1-1 रहा। मोहित ने फिर जेडन एटकिन्सन का प्रयास विफल किया और उत्तम सिंह को एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसमें शारदा नंद तिवारी ने गोल कर भारत को 2-1 से बढ़त दिलाई। अब आस्ट्रेलिया के लिए जोशुआ ब्रुक्स उतरे, उन्होंने स्कोर 2-2 कर दिया। लेकिन बॉबी सिंह धामी भारत को बढ़त नहीं दिला पाए। आस्ट्रेलिया ने अगले प्रयास में पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया जिस पर जोशुआ ने अपनी टीम को 3-2 से आगे कर दिया।

# प्रगानानंद ने प्रणव आंनद को हराया, संयुक्त बढ़त हासिल की

**भाषा।** नई दिल्ली

**शीर्ष वरीय** आर प्रगानानंद ने शनिवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैम्पियनशिप के ओपन वर्ग में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के बाद पांच अन्य के साथ संयुक्त बढ़त हासिल की। चेन्नई के 17 साल के खिलाड़ी ने हमवतन प्रणव आनंद को 44 चाल में शिकस्त दी जिससे उन्होंने चौथे दौर के बाद लियोन ल्यूक मेंडोंका, कौस्तव चटर्जी, कार्तिकेयन मुरली, हर्षाभारताकोटी और मकसात अताबाएव के साथ 3.5 अंक लेकर



संयुक्त बढ़त बना ली। तीसरे दौर के बाद मेंडोंका एकल बढ़त बनाए थे लेकिन उन्हें हमवतन भारतीय एस एल नारायणन के साथ 49 चाल में अंक बांटने पड़े। चटर्जी ने कजाखस्तान के आठवें वरीय रिनात जुमाबाएव पर जीत दर्ज की। कार्तिकेयन ने आदित्य और जीएम हर्षा ने संदीपन चंदा को हराया। अताबाएव ने भारतीय जीएम एम श्याम सुंदर से ड्रा खेला। ओपन वर्ग में 11 खिलाड़ियों के तीन अंक हैं। महिला वर्ग में युवा भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर प्रियंका नुटाकी ने शीर्ष वरीय तानिया सचदेव को हराकर उलटफेर किया।

# केवी कैंट तथा केवी एसजीपीजीआइ को सीनियर खो-खो चैंपियनशिप में खिताब

**लखनऊ।** केन्द्रीय विद्यालय की टीमों ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जिला सीनियर खोखो चैपियनिशप में अपना दबदबा कायम किया। इस चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर लखनऊ की टीम का चयन किया जाएगा, जो बलिया में दो नवंबर से खेली जाने वाली 49वीं राज्य सीनियर खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेगी। चैंपियनशिप के सीनियर बालक वर्ग के फाइनल में केन्द्रीय विद्यालय की दो टीमों के बीच काफी रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। इसमें केवी कैंट ने केवी एसजीपीजीआइ को एक अंक से हराया। कैंट ने 17-16 से जीत दर्ज की। तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में सेंट जेवियर्स स्कूल बकशी का तालाब ने ब्राइटलैंड स्कूल को तीन अंक से हराया। इसमें सेंट जेवियर्स स्कूल ने 4-1 से जीत दर्ज की।सीनियर बालिका वर्ग में लीग आधार पर मैच में केवी एसजीपीजीआइ की टीम ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। सेंट जेवियर्स स्कूल बक्शी का तालाब की टीम दूसरे और ब्राइटलैंड स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। केवी कैंट के शुभम यादव को इस चैंपियनशिप के बालक वर्ग में बेस्ट रेडर तथा केवी एसजीपीजीआइ के पवन को बेस्ट चेजर चुना गया। सीनियर बालिका वर्ग में सेंट जेवियर्स की दिव्या पाण्डेय को बेस्ट रनर तथा केवी एसजीपीजीआइ की श्वेता को बेस्ट चेजर चुना गया। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी लखनऊ अजय कुमार सेठी के साथ केवी एसजीपीजीआइ के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता श्रवण कुमार सिंह ने पुरस्कार वितरण किया।

### सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग कप टी-20 कल से



**लखनऊ।** देश भर के उम्दा दिव्यांग क्रिकेटरों की 20 टीमें नवाबों के शहर में होने वाली सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सीजन टू में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्राफी के लिए प्रतिस्पर्धा करने उतरेंगी। देश के दिव्यांग क्रिकेटरों के सबसे बड़े इस टूर्नामेंट की शुरुआत 31 अक्टूबर को इकाना स्टेडियम में होने वाले प्रदर्शनी मुकाबले से होगा जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करते हुए इन दिव्यांग क्रि टरों का हौसला बढ़ाएंगे। टूर्नामेंट में मेजबान उत्तर प्रदेश एक नवंबर को हिमाचल प्रदेश के खिलाफलीग मैच से अपना अभियान शुरू करेगा। इस आठ दिवसीय टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 6 नवंबर को होगा और फाइनल मुकाबला सात नवंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरी ओर लीग दौर के मुकाबले एक से 5 नवंबर तक विभिन्न मैदानों पर खेले जाएंगे। आज इस बारे में आयोजित प्रेस वार्ता में टूर्नामेंट की ब्रांड एंबेसडर डॉ. दीपा मलिक पद्म श्री, खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार विजेता, पैरालंपिक पदक विजेता, डिफ्रेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के सचिव रविकांत चौहान और संयुक्त सचिव स्क्वाड्रन लीडर अभय प्रताप सिंह रिटायर्ड ने बताया कि लीग कम नाकआउट आधार पर होने वाले इस टूर्नामेंट की 20 टीमों को चार पूल में बांटा जाएगा और लीग दौर में प्रत्येक टीम चार मैच खेलेगी।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन फाइनल में




**भाषा।** पेरिस

**राष्ट्रमंडल** खेलों के चैम्पियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शनिवार को यहां चोई सोल गयू और किम वोन हो की कोरियाई जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष युगल फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी ने नेट पर नियंत्रण के साथ आक्रामक खेल दिखाते हुए 18वीं रैंकिंग की कोरियाई जोड़ी को 45 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 21-18 21-14 से पराजित किया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी 2022 में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर टूर्नामेंट के दूसरे फाइनल में पहुंची है। इससे पहले इस जोड़ी ने साल के शुरू में जनवरी में इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट जीता था। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने अगस्त में विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

### मुथुसैमी बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर के फाइनल में

**सैंटांडर (स्पेन)।** भारतीय जूनियर बैडमिंटन खिलाड़ी शंकर मुथुसैमी ने शनिवार को यहां थाईलैंड के पेटचाफ्रेन तीरारतसाकुल पर सीधे गेम मे मिली जीत से बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के पुरूष अंडर-19 एकल फाइनल मे जगह बनाई। चौथे वरीय मुथुसैमी ने 40 मिनट तक चले सेमीफाइनल मे थाईलैंड के खिलाड़ी को 21-13 21-15 से मात दी। अब रविवार को फाइनल मे उनका सामना चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन और कोरिया के ब्यूंग जाए किम के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टूर्नामेंट के इतिहास मे भारत ने अब तक एक स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक जीते है। लक्ष्य सेन ने अंतिम पदक कांस्य के रूप मे 2018 मे जीता था।